सूर्योदय 6:03 सूर्यास्त 6:31

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 23.5 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81559.54 |
| निफ्टी | 24936.40 |
| सोना 72,870 | चांदी 85,928 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 10 सितंबर 2024 | 26 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 264, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



सब कुछ मेड इन चाइना, इसलिए भारत में रोजगार की दिक्कत: राहुल

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमानतुल्लाह को 23 तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज ऐवन्यू कोर्ट ने 'आप' के विधायक अमानतुल्लाह खान को मनी लांड्रिंग मामले में 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। ईडी ने अदालत को बताया कि आरोपी को हिरासत में रखकर पूछताछ करने की अब और जरूरत नहीं है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया, जिसके बाद न्यायाधीश ने यह आदेश जारी किया। ईडी ने बताया कि रिहा कर दिए जाने पर खान मामले की जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकता है।

### पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** पटना शहर के चौक थाना इलाके में सोमवार की सुबह दो अज्ञात बाइक सवारों ने भाजपा नेता मुन्ना शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। पटना पुलिस ने बताया कि भाजपा नेता मुन्ना शर्मा को पटना शहर के चौक थाना इलाके के एक रेस्तरां के पास हमलावरों ने गोली मार दी। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां दम तोड़ दिया।

### नीट परीक्षा दोबारा करवाने की याचिका फिर खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा को दोबारा कराए जाने की याचिका को फिर से खारिज कर दिया है। यह याचिका सात छात्रों ने दायर की गई थी। सीजेआई की पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि अब तो काउंसिलिंग हो गई है। आप बहुत देर में पहुंच रहे हैं। अब हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

### अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने पर विवाद

**भरतपुर।** राजस्थान के डीग जिले में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने पर विवाद हो गया। गुस्साए लोगों ने सड़क पर पत्थर डालकर रास्ता जाम कर दिया और टायर जलाए। हालात को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। कामां इलाके में रविवार रात अढ़ाई बजे जुरहरा रोड स्थित अंबेडकर पार्क में लगी प्रतिमा की अंगुली एक युवक ने तोड़ दी थी। सीसीटीवी वीडियो में युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर पार्क में जाता हुआ दिख रहा है।

### उत्तराखंड में दिसंबर में होंगे पंचायत चुनाव

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड सरकार निकाय और पंचायत चुनाव दोनों की तैयारियों में पूरी तरह जुटी हुई है। उत्तराखंड में दिसंबर माह में चुनाव होंगे। वहीं, 13 जिलों में परिसीमन का काम पूरा हो चुका है। 50 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं और 13 ग्राम पंचायतें निरस्त की गई हैं। 37 नई ग्राम पंचायत अस्तित्व में आई हैं। पिछली बार जब चुनाव हुए थे, तब उत्तराखंड में कुल 7795 ग्राम पंचायतें थीं, जो अब बढ़कर 7832 हो गई हैं।

### कालिंदी एक्सप्रेस को उड़ाने की साजिश

**उत्तर प्रदेश।** यूपी के कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को एलपीजी सिलेंडर से टकराकर इंजन को धमाके से उड़ाने और ट्रेन को पलटने की साजिश नाकाम हो गई। शिवराजपुर के मुंढेरी रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रैक पर रविवार रात एलपीजी सिलेंडर ट्रैक पर रखा था। इंजन से टकराकर सिलेंडर धमाके जैसी आवाज के साथ दूर जा गिरा। चालक ने ट्रेन रोककर विभाग को खबर दी। पुलिस ने सिलेंडर को बरामद कर लिया है। वहीं, एक पेट्रोल की बोतल और एक झोले में माचिस भी मिली।

### बजरंग और फोगाट के इस्तीफे स्वीकार

**नई दिल्ली।** रेलवे ने सोमवार को पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के इस्तीफे स्वीकार कर लिए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूनिया और फोगाट दोनों हाल में कांग्रेस में शामिल हुए हैं। फोगाट को जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया गया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप -पेज 2
- माइक्रो हाइड्रो प्रोजेक्ट संचालकों की अब खैर नहीं: अग्निहोत्री -पेज 3
- हिट एंड रन मामले में फरार टिप्पर चालक गिरफ्तार -पेज 5
- सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में 282 लेक्चरर की पोस्ट खाली -पेज 12
- इलेक्ट्रो डांस पार्टी के साथ पैरालंपिक खेलों का समापन -पेज 14

# हिमाचल में महंगी होगी बिजली

## मुख्यमंत्री ने पेश किया विद्युत शुल्क संशोधन विधेयक, इंडस्ट्री पर भी पर्यावरण सेस

रविंद्र जस्टा, शिमला

**हिमाचल** विधानसभा के मानसून सत्र के 10वें दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विद्युत शुल्क संशोधन विधेयक पेश किया। विधेयक में बिजली की खपत पर प्रति यूनिट 10 पैसे मिल्क सेस लगेगा। अगर यह बिल पास हो गया तो प्रदेश में बिजली महंगी हो जाएगी।

**बिजली पर लगेगा 10 पैसे प्रति यूनिट मिल्क सेस**

इसके अलावा औद्योगिक इकाइयों पर प्रति यूनिट की बिजली खपत पर पर्यावरण सेस लगेगा। सेस का प्रावधान है कि जिन कंज्यूमर्स का बिजली बिल जीरो होगा, उनसे मिल्क सेस नहीं लिया जाएगा। बता दें कि हिमाचल प्रदेश इन दिनों आर्थिक संकट से जूझ रहा है, इसलिए एक के बाद एक ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं, ताकि सरकार का रेवेन्यू बढ़ सके और अन्य खर्चों को कम किया जा सके। राज्य में पूर्व की जयराम सरकार ने 125 यूनिट नि:शुल्क बिजली देने का फैसला लिया था। वहीं, कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले प्रदेश के लोगों को 300 यूनिट निशुल्क बिजली देने का ऐलान किया था। कांग्रेस फिलहाल अपने इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है और अब सरकार प्रति यूनिट बिजली खर्च पर मिल्क सेस और पर्यावरण सेस लगाने की तैयारी में है। हिमाचल प्रदेश में बिजली के दाम अब बढ़ जाएंगे। प्रदेश सरकार बिजली की प्रति यूनिट पर मिल्क सेस और पर्यावरण सेस लगाने जा रही है। एक अन्य संशोधन किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### विद्युत वाहन के चार्जिंग स्टेशन पर 6 रुपए प्रति यूनिट लगेगा सेस

**लघु** औद्योगिक ऊर्जा यूनिट में पर्यावरण सेस के तौर पर 2 पैसे प्रति यूनिट, मध्यम औद्योगिक ऊर्जा पर 4 पैसे, बड़े उद्योगों पर 10 पैसे और कमर्शियल सेक्टर पर भी 10 पैसे प्रति यूनिट पर्यावरण सेस लगेगा। अस्थायी कनेक्शन पर 2 रुपए प्रति यूनिट, स्टोन क्रशर पर भी 2 रुपए प्रति यूनिट और विद्युत वाहन के चार्जिंग स्टेशन पर 6 रुपए प्रति यूनिट पर्यावरण सेस लगेगा। पर्यावरण सेस का उपयोग रिन्यूएबल एनर्जी के माध्यम से विद्युत उत्पादन बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जाएगा।



विधानसभा के मानसून सत्र के 10वें दिन विधायक सुधीर शर्मा के सवाल का जवाब देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

# हिमकेयर योजना में सुधार करेगी सरकार, सहारा से अपात्र होंगे बाहर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में भाजपा विधायक सुधीर शर्मा के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हिमकेयर योजना में सरकार सुधार कर रही है और सहारा से अपात्र बाहर होंगे।

उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना के तहत गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं, जहां इलाज 25 हजार में होना था, वहां एक लाख रुपए का बिल बनाया गया। प्राइवेट अस्पताल पूरा पैकेज लेने की बात कर रहे हैं। प्रदेश में 137 निजी अस्पताल खुले हैं। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव की दिशा में काम कर रही है। सुक्खू ने कहा कि आयुष्मान भारत में धांधली हो सकती है, तो अन्य योजना में भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार हिमकेयर और सहारा योजना को बंद नहीं कर रही है। इसके लिए एक कैबिनेट सब कमेटी का गठन किया है, जो इसमें गड़बड़ी की शिकायतों की जांच कर रही है। हिमाचल में बीते दो सालों में सहारा योजना के तहत 16 हजार 798 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 11 हजार 419 स्वीकृत हो चुके हैं, जबकि 5 हजार 379 लंबित हैं। इसी तरह अब तक हिमकेयर योजना के तहत 2 लाख 45 हजार 141 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 27 हजार 614 स्वीकृत हो चुके हैं, जबकि 1 हजार 527 अभी लंबित हैं।

# इधर महंगाई का झटका, 15 रुपए और बढ़े सीमेंट के दाम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**हिमाचल** प्रदेश में सीमेंट कंपनियों ने 20 दिन में दूसरी बार दामों में बढ़ोतरी की है। तीन सीमेंट कंपनियों ने सोमवार से प्रति बैग 15 रुपए दाम बढ़ाए हैं। पंजाब में भी सीमेंट की कीमत बढ़ाई गई हैं। 20 दिन में 25 रुपए दाम बढ़ाए हैं। प्रदेश में ही सीमेंट बनाने वाली एसीसी, अंबुजा व अल्ट्राटेक कंपनी ने रविवार रात को सीमेंट के दाम प्रति बैग 15 रुपए बढ़ा दिए थे।

**20 दिन में दूसरी बार की बढ़ोतरी**

बिलासपुर में एसीसी साधारण सीमेंट प्रति बैग 450 रुपए में मिलेगा। वहीं, गोल्ड का दाम भी 490 रुपए हो गया है। यही भाव अंबुजा व अल्ट्राटेक सीमेंट का भी है। वहीं, मंडी, कुल्लू, मनाली, चंबा, कांगड़ा की बात करें तो यहां सीमेंट के दाम किराए के हिसाब से बढ़ते रहेंगे। मंडी में साधारण सीमेंट का दाम 460, गोल्ड व अन्य सीमेंट के दाम 505 रुपए तक पहुंच गए हैं। पंजाब में साधारण सीमेंट के दाम 385 से बढ़कर 400 रुपए हो गए हैं। गोल्ड सीमेंट वहां पर 440 रुपए प्रति बैग के हिसाब से मिलेगा। वहीं, पूर्व की भाजपा सरकार में सीमेंट के दाम बढ़ने पर महंगाई का रोना रोने वाली कांग्रेस सरकार अब लोगों पर बढ़ते बोझ को कम करने में नाकाम साबित रही है।

### सीमेंट के दाम बढ़ने पर सुक्खू सरकार पर बरसे जयराम, बोले- आपदा में अवसर खोजना शर्मनाक



**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार प्रदेश को 92 हजार घरों का तोहफा दे रही है, तो दूसरी तरफ सुक्खू सरकार सीमेंट के दाम बढ़ाकर गरीबों के घर के सपनों को मुश्किल कर रही है। एक हफ्ते में दो बार सीमेंट के दाम में बढ़ोतरी सुक्खू सरकार की नाकामी है। प्रदेश में आई आपदा के बीच ऐसे अवसर तलाशने वाली सरकार आज तक कहीं नहीं देखी गई है। सुक्खू सरकार आपदा की वजह से टूट चुके घरों के पुनर्निर्माण को एक अवसर की तरह ले रही है और आए दिन सीमेंट की कीमत बढ़ा रही है। जब से सुक्खू सरकार सत्ता में आई है तब से सीमेंट के दामों में 100 रुपए से ज्यादा की वृद्धि हो चुकी है। सरकार पुनर्वास को और कठिन बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से आपदा में ऐसा अवसर खोजना शर्मनाक है।

# नमकीन और कैंसर की दवाएं अब होंगी सस्ती

एजेंसी, नई दिल्ली

**देश में अब नमकीन और कैंसर की दवाएं सस्ती हो जाएंगी। जीएसटी** परिषद की 54वीं बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनों पर जीएसटी दरें घटाने का ऐलान किया है।



**केंद्र ने जीएसटी दरें घटाने का किया ऐलान**

सीतारमण ने प्रेसवार्ता में कहा कि परिषद ने बैठक में कई फैसले लिए हैं। शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट दी है। वाणिज्यिक संपत्तियों को किराए पर देने को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत लाया गया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है। जीएसटी परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी करने का फैसला किया है। छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412 फीसदी बढ़कर 6,909 करोड़ रुपए हो गया है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस से जुड़े तीन मामलों पर हुई सुनवाई

# ड्यूटी पर तुरंत लौटें डॉक्टर: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

- **आज शाम तक ज्वॉइन नहीं किया तो सरकार करे कार्रवाई**
- **एफआईआर में 14 घंटे देरी, जरूरी दस्तावेज भी गायब**
- **सरकार को मिसिंग डॉक्यूमेंट पेश करने का दिया आदेश**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर केस में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने तीन मुद्दों सीबीआई जांच रिपोर्ट, डॉक्टरों की हड़ताल और सीआईएसएफ जवानों की सुविधाओं पर सुनवाई की। सीबीआई की स्टेटस रिपोर्ट में कई बातें सामने आईं। कोर्ट ने कहा कि एफआईआर में 14 घंटे की देरी हुई है। वहीं, कुछ जरूरी दस्तावेज भी गायब हैं। ऐसे में मामला गड़बड़ लगता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को मिसिंग डॉक्यूमेंट कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया। हड़ताल को लेकर कोर्ट ने डॉक्टरों से तुरंत काम पर लौटने को कहा है। सीजेआई ने कहा कि मंगलवार शाम 5 बजे तक डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं लौटे तो उनके खिलाफ राज्य सरकार को कार्रवाई करने से नहीं रोका जा सकता। डॉक्टरों का पेशा ही मरीजों की सेवा करना है। उधर, सीआईएसएफ जवानों की सुविधाओं पर कोर्ट ने राज्य के गृह सचिव को आदेश दिया कि सभी जवानों को रहने के लिए घर मुहैया कराया जाए। सीबीआई को जांच पर 17 सितंबर तक नई रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया।

# राजौरी में घुसपैठ कर रहे 2 आतंकवादी मार गिराए

अशोक ठाकुर, जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के राजौरी में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकवादियों को सेना ने मार गिराया। आतंकी रविवार देर रात नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

**2 एके-47 पिस्टल और गोला-बारूद बरामद**

वहीं, सेना ने सोमवार को तलाशी अभियान चलाया। सेना ने एम-4 राइफल बरामद की है। इसके अलावा 2 एके-47, 1 एम-4 राइफल, 1 पिस्तौल, 8 ग्रेनेड, गोला-बारूद, समेत की सामान बरामद किया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान जवानों को एलओसी पर हलचल दिखाई दी। आतंकवादियों का एक ग्रुप एलओसी पार करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान जवानों से उनका एनकाउंटर हुआ। इस एनकाउंटर के तुरंत बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। (अनंत ज्ञान)

# भारत में पहले मंकीपॉक्स के मामले की पुष्टि

**नई दिल्ली।** भारत में मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) के पहले मामले की पुष्टि हो गई है। केंद्र सरकार ने एमपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि कर दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एमपॉक्स को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवायजरी भी जारी की है और कहा है कि एमपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों में स्क्रीनिंग और जांच कराई जाए। मरीजों के लिए अस्पतालों में अलग से सुविधाएं चिह्नित की जाएं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कहा कि लोगों के बीच अनावश्यक डर को फैलने से रोका जाए।



# हिमाचल को मिली सौगात, मोदी सरकार ने मंजूर किए 92,364 घर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हिमाचल में 92,364 घर बनाने के लिए मंजूरी दी है। इसके लिए अनुराग ठाकुर ने पीएम नरेंद्र मोदी व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार प्रकट किया है।



**अनुराग ठाकुर ने पीएम मोदी का जताया आभार**

अनुराग ने कहा कि प्रदेश में चाहे भाजपा या कांग्रेस की सरकार हो, मोदी सरकार ने हिमाचल के हितों से कभी कोई समझौता नहीं किया है। विकास कार्यों में कभी किसी तरह की कोई कमी नहीं आने दी। यह हर्ष का विषय है कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत हिमाचल प्रदेश में 92,364 घरों की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश के लाखों लोगों के सिर पर पक्की छत का सपना पूरा होगा। केंद्र सरकार ने हिमाचल को प्राथमिकता देते हुए देवभूमि के लिए सबसे ज्यादा घर मंजूर किए हैं। अनुराग ने कहा कि पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा में जब कांग्रेस सरकार हाथ पर हाथ धर कर बैठी थी, तब पीएम मोदी ने हिमाचलवासियों के बचाव और राहत से लेकर पुनर्वास के सभी उपाय किए, लेकिन कांग्रेस सरकार केंद्र से मिले पैसों को भी सही से उपयोग नहीं कर सकी।

# हरियाणा चुनाव: 'आप' ने 20 प्रत्याशियों की जारी की लिस्ट

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 20 उम्मीदवारों के नाम शामिल किए गए हैं, जिन्होंने आगामी चुनावों में पार्टी का प्रतिनिधित्व करने के लिए मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। वहीं, 'आप' प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि हमने पूरी कोशिश की, संयम की परीक्षा दी। इसका परिणाम हरियाणा के लिए सकारात्मक रहेगा। 'आप' राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है।

**'आप' सभी 90 सीटों पर लड़ेगी चुनाव: सुशील**

**तैयारी** फाइल भेजी सरकार को, 22 वार्ड प्रपोज्ड, 51.04 स्क्वायर किलोमीटर बनेगा एरिया

# हमीरपुर नगर निगम में आएंगे 108 रेवेन्यू विलेज

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**हमीरपुर** के प्रस्तावित नगर निगम में 108 रेवेन्यू विलेज शामिल होंगे। इसमें मौजूदा नगर परिषद को मिलाकर करीब 48,000 की आबादी नए मसौदे में प्रपोज्ड है। वार्डों की मौजूदा 11 की संख्या भी डबल हो जाएगी।

हमीरपुर के इस नगर निगम की कंप्लीट फाइल अब मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दी गई है। काबिलेगौर हो कि मुख्यमंत्री ने सरकार के गठन के बाद हमीरपुर को नगर निगम बनाने की ख्वाहिश जाहिर की थी।

इसके तहत इस पर पिछले एक साल से काम हो रहा था। बोहणी, कलंझड़ी, अमरोह चौक, झनियारा, कल्लर, बजूरी और मसयाणा दा घाट तक में नगर निगम का क्षेत्र शामिल होगा। इसमें 108 रेवेन्यू विलेज शामिल किए जाएंगे। नगर निगम का जो नया ढांचा रेवेन्यू विलेज के हिसाब से तैयार किया गया। उसमें 51.04 स्कायर किलोमीटर का क्षेत्रफल आएगा। यही नए नगर निगम का ढांचा होगा। सारी परिधि में 108 गांव आएंगे, उनमें विकास और मूलभूत सुविधाएं सभी नगर निगम ही मुहैया करवाएगा। (अनंत ज्ञान)



### पांच साल तक कोई टैक्स नहीं

**नगर** निगम बनाने की अधिसूचना जब जारी होगी, उसके बाद पांच साल तक नए जोड़े जाने वाले क्षेत्रों के लोगों से किसी भी तरह का कोई हाउस टैक्स और अन्य कर नहीं लिया जाएगा। विकासात्मक गतिविधियों के लगभग मुकम्मल होने के बाद लोग इसकी जरूरत महसूस करें।



**नगर** निगम का सारा ब्लूप्रिंट रेवेन्यू विलेज के हिसाब से सरकार को भेज दिया है। सरकार ने जो काम सौंपा था, उसे मुकम्मल कर दिया गया है और इसमें 108 राजस्व गांव जाएंगे। कुल आबादी 48,000 के करीब बनेगी।

**अजमेर ठाकुर, ईओ, नगर परिषद हमीरपुर।**



## न्यूज ब्रीफ

### कोटापाब में जांचा 51 बुजुर्गों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** आयुष विभाग द्वारा कोटापाब में बुजुर्गों के लिए विशेष शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजन सिंह की अगुवाई में तथा उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. जसप्रीत कौर की देखरेख में लगाया गया। इसमें 60 वर्ष से ऊपर की आयु के बुजुर्ग लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में कुल 51 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया, जिसमें 26 पुरुष तथा 25 महिलाएं हैं। शिविर में मधुमेह, हीमोग्लोबिन की की जांच तथा उच्च रक्तचाप की भी जांच की गइ। सभी मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। डॉ. मंजू ने पोषण माह के चलते संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेहतमंद जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि हम अपने संतुलित आहार लें। इस शिविर में आयुष विभाग की आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी रेखा देवी, पुरुष योग प्रशिक्षक नीटू, महिला योग प्रशिक्षक सुशीला तथा आशा कार्यकर्ता विद्या देवी ने भाग लिया।

### छौहारा जोन की अंडर -19 खेल प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** छौहारा जोन की अंडर-19 छात्र वर्ग की खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चिढ़गांव में हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इसमें छौहारा खंड के 26 स्कूलों के लगभग 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उनके साथ कांग्रेस मंडल रोहडू अध्यक्ष करतार सिंह कुल्ला, प्रधान परिषद छौहारा के पूर्व अध्यक्ष शमशेर सिंह ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

### जुब्बल में पारंपरिक जागरा पर्व का समापन

**दशमी रावत, जुब्बल।** जुब्बल क्षेत्र में पारंपरिक जागरा पर्व का समापन हो गया है।



तीन से चार दिन तक जुब्बल उपमंडल में विभिन्न स्थानों पर देवता महासू, देवता बनाड़ एवं देवता शाड़ी महाराज के मंदिरों में जागरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसके लिए जुब्बल में देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना की गई। जुब्बलवासियों ने हाथों में जलती हुई मशाल लेकर देवता महासू व स्थानीय देवता बनाड़ एवं देवता शाड़ी महाराज के अभिनंदन में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों पर रातभर नृत्य किया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर क्षेत्र में होने वाले इस उत्सव को जागरा पर्व के नाम से जाना जाता है। पुराना जुब्बल में बेटियों ( छांगटियों) द्वारा देवता साहब शाडी बनाड के रात्रि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन पुराना जुब्बल की बेटियों ने 5 गांव के देवता बनाड़ महाराज की मंदिर कमेटी से जुडे लोंगों को सम्मानित किया।

### वॉलीबॉल में ग्रीनवुड स्कूल रतनाड़ी विजेता

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाघी में आयोजित कोटखाई खंड की अंडर-19 छात्र खेल प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रूट्स कंट्री स्कूल बाकी के फाउंडर एवं अध्यक्ष मिस्टर सुनील रोहटा ने मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ ग्राम पंचायत बाघी और रतनाडी के ग्रामवासियों ने भी शोभा बढ़ाई। मुख्यातिथि ने विजेता टीम को पुरस्कार भी बांटे। इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में ग्रीनवुड स्कूल रतनाड़ी और कबड्डी में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुम्मा विजयी रहे।

### मस्त राम वर्मा और नरेंद्र दत्त को मिला सम्मान



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर ने अपनी नियमित मासिक कला कलम संगोष्ठी में जिले में विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय योगदान करने वालों को सम्मान व प्रोत्साहन देने की कड़ी में दो विभूतियों को सम्मानित किया। वरिष्ठ नागरिक सभागार रौड़ा सेक्टर बिलासपुर में हुए आयोजन में मंच के पदाधिकारियों और चालीस से अधिक सदस्यों ने शिक्षाविद् और समाजसेवी मस्त राम वर्मा को काले बाबा समाजसेवा सम्मान-24 और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं संगीतज्ञ नरेंद्र दत्त शर्मा को काले बाबा संगीत विशेषज्ञ सम्मान-24 से अलंकृत किया। उन्हें बैज, पुष्पाहार, पवित्र चुनरी, सम्मान प्रमाण पत्र और पुस्तकें भेंट कीं।

### बेटे की पुण्यतिथि पर बच्चों को बांटी शिक्षा सामग्री

**अनंत ज्ञान, दधोल।** बनवारी लाल शर्मा व किरण शर्मा ने अपने बेटे स्व. सचिन



वातस्यान की पुण्यतिथि पर राजकीय माध्यमिक पाठशाला जोल डंगार में बच्चों को कापियां वितरित कीं। सचिन एक होनहार, हंसमुख, जिंदादिल व मिलनसार विद्यार्थी था। व 20 वर्ष की उम्र में ही ईश्वर को प्यारा हो गया। अपने बेटे सचिन की स्मृति एवं श्रद्धांजलि स्वरुप माता-पिता ने बच्चों की शिक्षा में सहयोग के लिए यह एक छोटा सा प्रयास किया है। हर वर्ष की तरह इस बार जोल स्कूल में उन्होंने बच्चों को 58 कापियां और पेन वितरित किए और मिठाई भी बांटी।

### डंगार स्कूल ने कब्जाई वॉलीबॉल की ट्रॉफी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** अंडर-19 छात्र खेल प्रतियोगिता में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। छात्रों ने चार खेलों कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, और वॉलीबॉल में भाग लिया। वॉलीबॉल में डंगार पाठशाला ने फाइनल मैच में स्थानीय पाठशाला कठलग को हराकर ट्रॉफी जीती। कबड्डी और खो-खो में पाठशाला का शानदार प्रदर्शन रहा। पाठशाला के लिए गर्व की बात है कि नौ छात्रों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि घंडीर पाठशाला में आयोजित होने वाली है। पाठशाला के शुभम जसवाल को वॉलीबॉल के लिए सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में चयनित किया गया है, जबकि अर्चित, आदित्य, अभिनव, अक्षित शर्मा, सुमित कुमार और तरुण का चयन विभिन्न खेलों की टीमों के लिए हुआ है। विजयी छात्रों ने प्रधानाचार्य रेखा शर्मा को ट्रॉफी भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पाठशाला के अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### हिमानी बनी पूर्व छात्र संगठन की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में छात्र सभा का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व छात्रों द्वारा शिरकत की गई। पुरातन छात्रों की इस बैठक में महाविद्यालय हित में विभिन्न पक्षों पर चर्चा हुई। सभा में उपस्थित पूर्व छात्रों द्वारा सत्र 2024-25 के लिए सर्वसम्मति से पूर्व छात्र परिषद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष हिमानी शर्मा, उपाध्यक्ष दिवयांशु, सचिव मीनाक्ष, सहसचिव पूजा ठाकुर तथा हिमानी को कोषाध्यक्ष तथा प्रियंका व प्रियंका ठाकुर को सदस्य चुना गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को प्रो. संतोष ठाकुर एवं प्रो. प्रवीण जरेट ने बधाई दी।

### नेरवा में अक्तूबर में होगी सांस्कृतिक स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, चौपाल,नेरवा।** पत्रकार संघ चौपाल की एक अहम बैठक संघ के अध्यक्ष दीपक सूद की अध्यक्षता में नेरवा में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि संघ द्वारा चौपाल में तीन वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा आयोजित किए गए तरंग कार्यक्रम की तर्ज पर एक सांस्कृतिक स्पर्धा करवाई जाएगी। यह स्पर्धा कॉलेज ग्राउंड नेरवा में 22 से 24 अक्तूबर तक करवाई जाएगी तथा इस स्पर्धा के लिए ऑडिशन तहसील ग्राउंड चौपाल में होंगे। ऑडिशन की तिथियां और समय शीघ्र घोषित किया जाएगा। इस स्पर्धा में सौंदर्य स्पर्धा (मिस चौपाल), गायन स्पर्धा (चौपाल की आवाज) एवं नृत्य स्पर्धा (चौपाल की ताल) तीन दिन तक नेरवा कॉलेज ग्राउंड में सायं चार से दस बजे तक विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# भारतीय जनता पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी के लिए हरीश नड्डा तैयार

## बोले, बिना किसी पद से सक्रियता से कर रहा हूं कार्य, पिता जेपी नड्डा के ड्रीम प्रोजेक्ट एम्स को देखकर हूं खुश

**शुभम राही, बिलासपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के पुत्र हरीश नड्डा सक्रिय राजनीतिक जिम्मेदारी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अगर भारतीय जनता पार्टी उनको कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंपती है तो उस जिम्मेदारी को निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह बात अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र से एक्सलूसिव बातचीत के दौरान हरीश नड्डा ने कही।

हरीश नडड्डा ने कहा कि वह वर्तमान में भाजपा के किसी भी पद पर तैनात नहीं हैं, लेकिन वह एक सच्चे, ईमानदार कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। हरीश नड्डा ने चिंता जाहिर की है कि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश की स्थिति बहुत गंभीर होती जा रही है। यहां पर नशा काफी फैल गया है और इस मामले पर प्रदेश सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ वह जिला के युवाओं के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के जागरूकता शिविर भी चलाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी माता डॉ. मल्लिका नडड्डा द्वारा शुरू की गई चेतना संस्था ने शुरुआत में दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य किया और अपना कार्य आगे बढ़ाते हुए अब गरीब परिवारों की मदद, गरीब परिवार में शादियों के लिए मदद, खेल गतिविधियों में मदद व अन्य कई प्रकार के सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। हरीश नड्डा ने कहा कि उनके पिता जगत प्रकाश नड्डा का ड्रीम प्रोजेक्ट बिलासपुर एम्स है। उन्होंने अपने पिता के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को धरातल पर उतरते हुए देखा है और आज वह प्रदेश की जनता को अपनी सेवाएं दे रहा है।

उन्होंने कहा कि उनके पिता शुरू से ही इस प्रोजेक्ट पर पूरी नजर रखते हुए आए हैं। हालांकि इस प्रोजेक्ट को बिलासपुर से शिफ्ट करने की काफी प्लानिंग तैयार की गई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नड्डा पर अपना विश्वास जताया और बिलासपुर में एम्स को हरी झंडी दी। उनके पिता जेपी नडड्डा दिल्ली से इस प्रोजेक्ट को पूरी तरह से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एम्स में अभी तक भी कुछ खामियां हैं, उनको ठीक करना और मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए एम्स प्रशासन को उनकी ओर से सख्त आदेश हैं। (अनंत ज्ञान)

### झूठे वादे कर हिमाचल में सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी

**हरीश** नड्डा ने प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नौकरियां का झूठा वादा करते हुए कांग्रेस सरकार आज सत्ता में आई। लेकिन सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह से विफल साबित होती हुई नजर आ रही है। आज सरकार के पास ऐसा समय आ गया है कि कर्मचारियों और पेंशनर्स को समय पर सैलरी देने के लिए सरकार सक्षम साबित नहीं हो रही है।



हरीश नड्डा

विशेष बातचीत

### बिलासपुर आकर दिल को मिलता है काफी सुकून

**हरीश** नडड्डा ने कहा कि उनको बिलासपुर आकर काफी सुकून मिलता है। वह एक या दो माह में जरूर अपने घर बिलासपुर आते हैं और यहां लोगों से वार्ता भी करते हैं। उनके पिता ने कहा है कि काफी व्यस्तता होने के चलते वह बिलासपुर कम पहुंच पाते हैं, परंतु बिलासपुर के विकास कार्यों पर उनका पूरा ध्यान है और केंद्र सरकार की ओर से बिलासपुर के विकास के लिए बेहतर कदम उठाए जा रहे हैं।

# स्वच्छ हवा स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए जरूरी : डॉ. राकेश

## डीडीयू अस्पताल में मनाया अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला शिमला के सौजन्य से सोमवार को नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु का अंतरराष्ट्रीय दिवस डीडीयू अस्पताल के प्रांगण में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला डॉ. राकेश प्रताप ने की। इस मौके पर मौजूद लोगों तथा स्टाफ सदस्यों को स्वच्छ वायु के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला शिमला ने बताया कि स्वच्छ हवा स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, उत्पादकता तथा पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है जबकि वायु प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा पर्यावरण जोखिम है। उन्होने बताया कि वैश्विक स्तर पर मृत्यु और बीमारी के मुख्य कारणों से एक है,दूषित हवा बहुत से रोगों को आमंत्रित करती है। दूषित हवा से दमा, टीबी, बच्चों में निमोनिया, हृदय रोग और फेफड़ों संबंधी रोग इत्यादि के फैलने की संभावना होती है। सीएमओ ने लोगों से स्वच्छता का ध्यान रखने की अपील की तथा आसपास भी स्वच्छ बनाए रखने का आग्रह किया।

### केंद्र सरकार ने हिमाचल को दिए 92300 मकान: बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने केंद्र सरकार का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को एक नायाब तोहफा दिया है। केंद्र ने हिमाचल प्रदेश के लिए एकमुश्त 92300 मकान देकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पूर्व मोदी सरकार द्वारा 17500 मकान दिए गए थे और हिमाचल प्रदेश से केंद्र सरकार को जो कुल सूची गई है उसकी शत-प्रतिशत स्वीकृति केंद्रीय कैबिनेट ने कर दी है। यानि हिमाचल प्रदेश के 92 हजार गरीबों को पक्के मकान मुहैया करवाने का एक बहुत बड़ा फैसला मोदी रकार ने लिया है। डॉ. बिंदल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब कल्याण की सरकार है, अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण की सरकार है, जिसने तय किया है कि हिमाचल प्रदेश का कोई भी व्यक्ति ऐसा न रहे जिसका मकान कच्चा हो। जो सूचियां हिमाचल प्रदेश से गई उनको एकमुश्त कवर करने का निर्णय लेना हिमाचल प्रदेश के लिए बहुत बड़ी बात है।

### वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य कार्य में पारदर्शिता लाना: बिहारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा की हम वक्फ संशोधन विधेयक-2024 का समर्थन करते हैं। प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम-1995 में महत्वपूर्ण संशोधन कर बोर्ड के कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाना है। कई प्रमुख संशोधन पेश करके, विधेयक का लक्ष्य इन बोर्ड की असीमित शक्तियों के बारे में चिंताओं का समाधान करना है, जिससे विवाद और वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग हुआ है। विधेयक के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक वक्फ बोर्ड द्वारा किए गए सभी संपत्ति दावों के लिए अनिवार्य सत्यापन प्रक्रियाओं का परिचय है। यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसे दावों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया है। प्रस्तावित विधयक बिना उचित जांच के किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने से रोकेगा। विधेयक द्वारा प्रस्तावित एक अन्य महत्वपूर्ण संशोधन वक्फ बोर्ड के संरचना और कार्यप्रणाली में संशोधन है। विधेयक विवादों का समाधान करने और दुरुपयोग को रोकने के लिए वक्फ संपत्तियों के लिए संशोधित सत्यापन प्रक्रियाओं का परिचय देता है। इन प्रक्रियाओं में संपत्ति दावों की अधिक सख्त जांच शामिल होगी और कुछ मामलों में जिला मजिस्ट्रेटों के निरीक्षण भी शामिल हो सकता है।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप

**शिमला।** राजधानी शिमला में एक युवती के साथ दुराचार का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर चार साल तक युवती का शारीरिक शोषण किया किया। आरोपी पहले तो शादी के लिए तैयार था, लेकिन पीड़िता अनुसूचित जाति से होने पर उसने शादी करने इनकार कर दिया। पीड़िता सिरमौर जिला की मूल निवासी है व शिमला में निजी नौकरी करती है और किराए के मकान में रह रही है। बताया जा रहा है कि पीड़िता की वर्ष 2020 में आरोपी से मुलाकात हुई, जो दोस्ती में बदल गई। आरोपी शादी का झांसा देकर पीड़िता से लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता का आरोप है कि अब वह शादी इनकार कर रहा है। पीड़िता ने शिमला के महिला पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (2), 417 और एससी एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# ग्रामीणों ने बिजली समस्या हल न करने पर घेराव करने की दी चेतावनी

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

कोटखाई तहसील के अंतर्गत बाग डूमैहर व गरावग पंचायत के दो दर्जन से ज्यादा गांवों के लोग कई वर्षों से विद्युत आपूर्ति की लाचार व्यवस्था से काफी परेशान हैं। गांववासियों ने कई बार विद्युत विभाग को इस बारे में शिकायत की कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत लाइन को दुरुस्त किया जाए और खंभों की मरम्मत की जाए, लेकिन विभाग कई वर्षों से इसे अनदेखा कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति भारी रोष है। जहां एक ओर इस समय सेब सीजन चल रहा है, वहीं विद्युत आपूर्ति बार-बार ठप पड़े जाने से व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में विभाग के प्रति काफी रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि हल्की बारिश व हवा के कारण गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है जिस वजह से ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत लाइन झाड़ियां व सेब के पौधे के बीच में उलझी हुई है। कई खंभे गिरने की कगार पर है। इसे दुरुस्त करने के लिए कई बार विभाग से निवेदन किया गया, लेकिन आज दिन तक इसे दुरुस्त नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने विभाग को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे विभाग के कार्यालय का घेराव करेंगे। (अनंत ज्ञान)



गिरने की कगार पर बिजली का एक खंभा।

### संजौली में जगह-जगह पर पुलिस जवान तैनात

**शिमला।** उप नगर संजौली में सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा पुख्ता किया गया है। यहां पर पुलिस को जगह-जगह पर तैनात किया गया है। ऐसे में पुलिस हर स्थिति पर नजर रख रही है। मस्जिद में अवैध निर्माण के मामले को लेकर हिंदूवादी संगठनों और स्थानीय लोगों के 11 सितंबर को एक बार फिर प्रदर्शन की चेतावनी को देखते हुए पुलिस सतर्क हो गई है। जिला पुलिस ने बाजार में बड़ी संख्या में जवानों की तैनात की है। वहीं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पांचवीं बटालियन बस्सी और छठी बटालियन धौलाकुंआ को शिमला बुला लिया गया है। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसियां पूरे मामले को लेकर सतर्क हैं। सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले मैसेज और वीडियो पर भी संज्ञान लिया जा रहा है। पुलिस इस बार प्रदर्शन के दिन लोगों के संजौली पहुंचने से पहले ही जगह-जगह बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की योजना पर भी काम कर रही है, जिससे बाजार में लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा होने से रोकी जा सके।

### सुन्नी कॉलेज के पुस्तकालय का किया गया निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पुस्तकालयों के निरीक्षण के लिए गठित टीम द्वारा महाविद्यालय के पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण दल की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय धामी के प्राचार्य डॉ जनेश कपूर द्वारा की गई। इस दल में सदस्य के रूप में राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट जिला सोलन की प्राचार्य महोदया डॉक्टर रुचि रमेश तथा राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान की पुस्तकालय अध्यक्ष उपस्थित रहीं। निरीक्षण दल ने पुस्तकालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया तथा महाविद्यालय को एक सकारात्मक फीडबैक दिया। शीघ्र ही यह निरीक्षण दल अपनी रिपोर्ट हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रस्तुत करेगा। इसी प्रकार के निरीक्षण से महाविद्यालय की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी।

## सभी विभागों को ई-ऑफिस से जोड़ने वाला पहला जिला बनेगा बिलासपुर

# 26 विभागों में शुरू हुई ई-ऑफिस व्यवस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कांग्रेस सरकार की व्यवस्था परिवर्तन में सभी विभागों को ई-ऑफिस व्यवस्था से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में इ-ऑफिस व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए थे, ताकि सभी सरकारी विभागों में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। इस पर अमल करते हुए जिला बिलासपुर में अब तक 26 विभागों को ई-ऑफिस व्यवस्था से जोड़ा गया हैं। प्रशासन अक्तूबर के अंत तक जिला बिलासपुर के शेष विभागों को ई-ऑफिस से जोड़ने वाला प्रदेश का पहला जिला बनेगा।

यह जानकारी उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने आगामी 28 सितंबर को शिमला में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की बैठक से पूर्व जिला बिलासपुर के उठाए जाने वाले मामलों पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। इस बैठक में जिला के सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि ई ऑफिस व्यवस्था लागू होने से अब तक केवल उपायुक्त कार्यालय में ही 5175 ई फाइल बनाए गए हैं। जबकि 89552 ई-फाइलें स्थानांतरित की गई हैं और 25995 ई-रसीदें बनाई गई हैं और 11 लाख 22 हजार 20 ई-रसीदें अब तक स्थानांतरित की गई हैं। उन्होंने बताया कि सभी उपमंडल कार्यालयों और खंड विकास कार्यालय में भी ई.ऑफिस शुरू किया गया है। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि ई-आफिस एक डिजिटल वर्क प्लेस साल्यूशन है।

ई-आफिस प्रणाली सरकारी कार्यालयों में सरल, उत्तरदायी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्य करने का माध्यम है। यह प्रणाली निर्णय लेने में शीघ्रता और अधिक प्रभावी प्रक्रिया के लिए अग्रणी रिकार्ड को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सुविधा प्रदान करेगी। इससे सभी कार्य आनलाइन होगा और पेपर लेस प्रकिया शुरू होगी। सरकार द्वारा ई.आफिस प्रणाली को लागू करने के कदम को दक्षता, उत्पादकता व प्रभावशीलता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण सुधार माना जा रहा है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान 14 से

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान का शुभारंभ 14 सितंबर को जिला विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में 11:00 बजे अध्यक्ष जिला परिषद विमला देवी द्वारा किया जाएगा। जिला विकास अधिकारी यश पाल सिंह नेबताया कि इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। अभियान के दौरान स्वच्छता अभियान, सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम और शैक्षिक कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। स्थानीय एनजीओ, स्कूलों और सामुदायिक नेताओं के साथ सहयोग करके पहुंच और भागीदारी को अधिकतम करना सुनिश्चित किया जाएगा।

### जुखाला कॉलेज ने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए शुरू की अनोखी पहल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के इतिहास विभाग ने समुदाय से ऐतिहासिक महत्व की पुरानी और उपयोग की गई कलाकृतियों का संग्रहण करने की एक अनूठी पहल शुरू की है।

इस परियोजना का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और जनता को सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने में शामिल करना है, जो क्षेत्र के समृद्ध अतीत की कहानी बयां करती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य ध्रुव पाल सिंह ने कहा, 'यह पहल केवल पुरानी कलाकृतियों का संग्रहण नहीं है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्मृतियों और इतिहास को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

हम सभी को आमंत्रित करते हैं कि वे ऐसी कलाकृतियां दान करें, जिनका ऐतिहासिक या सांस्कृतिक महत्व हो।' संग्रहित कलाकृतियों को सावधानीपूर्वक सूचीबद्ध किया जाएगा और भविष्य में एक विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से क्षेत्र के विविध इतिहास को प्रदर्शित किया जा सकता है।

# यूथ कांग्रेस ने बिलासपुर में फूंका एनएचएआई का पुतला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला युवा कांग्रेस द्वारा सोमवार को बिलासपुर जिला मुख्यालय पर एनएचएआई प्रशासन और केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने की। शहर के चेतना चैक पर युकां कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला भी जलाया।



आशीष ठाकुर ने कहा कि बिलासपुर में दो टोल प्लाजा लगाए गए हैं, जिसमें एक गरामोडा में है और दूसरा बलोह में स्थित है। इन दोनों टोल प्लाजा की दूरी 48 किलोमीटर है, जबकि केंद्र सरकार द्वारा तय मापदंडों के अनुसार 60 किलोमीटर के एरिया में एक ही टोल होना चाहिए। हमारी मांग है कि इन दोनों में से एक टोल को बंद किया जाए। वहीं, फोरलेन मार्ग को बने हुए मात्र एक वर्ष ही हुआ है, लेकिन इसकी हालत खराब हो चुकी है। यह फोरलेन नहीं बल्कि टू लेन मार्ग बनकर रह गया है।

**जानकारी** धार्मिक स्थलों पर की जाएगी बिलासपुर के क्रूज की प्रोमोशन, तैयारियां पूरीं

# अब शक्तिपीठों में दिखेगा बिलासपुर का क्रूज: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के शक्तिपीठों में अब जल्द ही बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में उतरने वाले क्रूज को दिखाया जाएगा। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि वह क्रूज की सारी जानकारियां सूबे के शक्तिपीठ मंदिरों में प्रदर्शित करेंगे। इससे न केवल बिलासपुर में वॉटर टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इसके साथ तीर्थ टूरिज्म की भी शुरूआत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बिलासपुर के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी, कांगड़ा जिला के बज्रेश्वरी माता मंदिर, शाहतलाई के बाबा बालक नाथ मंदिर, चिंतपूर्णी माता मंदिर, चामुंडा माता मंदिर, मनीकर्ण गुरुदारा साहिब, मां बगलामुखी बनखंड़ी मंदिर, ज्वालाजी मंदिर में इस क्रूज की सारी जानकारियां दी जाएंगी और इन मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को गोबिंदसागर झील में उतारे जाने वाले क्रूज का आनंद उठाने के लिए बिलासपुर आने का निमंत्रण भी दिया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं गोबिंदसागर झील में चलने जा रहे क्रूज को लेकर डीसी की प्रशंसा की भी चुके हैं। साथ ही उन्होंने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को वॉटर टूरिज्म की संभावनाएं तलाशने को कहा गया है।



आबिद हुसैन सादिक
डीसी, बिलासपुर

15 सितंबर के बाद कभी भी सीएम बिलासपुर पहुंच सकते हैं और इसका शुभारंभ हो जाएगा। आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश में पहली बार किसी झील पर क्रूज चलते हुए नजर आएंगे। बिलासपुर जिला में इस क्रूज को चलाने वाला यह सूबे का प्रथम जिला होगा।

> ‘ गोबिंदसागर झील में चलाए जा रहे क्रूज की सारी जानकारियां सूबे के शक्तिपीठों में भी दिखाई जाएंगी। साथ ही इन सभी शक्तिपीठों में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बिलासपुर आने का निमंत्रण दिया जाएगा। तीर्थ टूरिज्म को लेकर यह एक पहली पहल है। जल्द ही बिलासपुर में क्रूज पहुंचने वाला है, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री से करवाया जाएगा।
>
> **-आबिद हुसैन सादिक, डीसी बिलासपुर।**









हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के 10वें दिन की कायवाही शुरू होने से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया को सलामी देते पुलिस कर्मी तथा (दाएं) मानसून सत्र में भाग लेने के लिए बारिश में सचिवालय की तरफ जाते विपक्ष के विधायक।

### लंगर, प्रशासनिक व्यय, सामाजिक कार्यों पर खर्च हो रहा मंदिरों के चढ़ावा का पैसा

# माइक्रो हाइड्रो प्रोजेक्ट संचालकों की अब खैर नहीं : अग्निहोत्री

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से नियम 62 के तहत विधायक विपिन सिंह परमार ने सुलह विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई योजनाओं की बदहाल स्थिति का मामला उठाया। परमार ने दो टूक कहा कि अभी मामला सदन में उठा रहे हैं, लेकिन अगर समस्या न सुलझी तो लड़ाई सड़क तक पहुंच जाएगी। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जवाब दिया कि माइक्रो हाइड्रो प्रोजेक्ट संचालकों की अब खैर नहीं होगी।

हिमाचलवासी को अब भरपुर पानी मिलेगा। कोई भी कारोबारी हिमाचल के लोगों को पानी से वंचित नहीं कर पाएगा। उपायुक्त कांगड़ा और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों की संयुक्त कमेटी जिला कांगड़ा के माइक्रो हाइड्रो प्रोजेक्ट की जांच करेगी। एग्रीमेंट में निर्धारित मात्रा से कम पानी छोड़ने वाले प्रोजेक्ट संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में कूहलों की स्थिति सुधारने के लिए विशेषज्ञों से अध्यनन भी करवाया जाएगा।



वहीं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से अधिग्रहीत मंदिरों के चढ़ावे का उपयोग प्रदेश हिंदू सार्वजनिक धार्मिक संस्था एवं पूर्त विन्यास अधिनियम 1984 (समय-समय पर संशोधित) के अनुरूप खर्च किया जाता है। विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक, शैक्षणिक, धर्मार्थ प्रयोजन, इमारतों की मरम्मत और नवीनीकरण, सुरक्षा, विद्यार्थियों के प्रशिक्षण तथा धार्मिक संस्थान में आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा व सुविधा के अतिरिक्त मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को लंगर सुविधा, पीने का पानी, शौचालय, सफाई, प्रशासनिक व्यय, सामाजिक कार्यों तथा विकासात्मक कार्यों पर भी पैसा खर्च किया जा रहा है। वर्ष 2018 में सरकार ने अधिनियम में संशोधन कर प्रदेश के अधिकृत मंदिरों की आय का 15 प्रतिशत गो सदनों के निर्माण, रखरखाव तथा उन्नयन अथवा देसी गायों के संवर्द्धन अथवा विकास के लिए प्रथम चार्ज के रूप में व्यय करने का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश के सात मंदिर न्यासों द्वारा अपने गो सदन स्वयं एवं निजी संस्थाओं के सहयोग से संचालित किए जा रहे हैं। श्री माता मंदिर चिंतपूर्णी जिला ऊना, श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध जिला हमीरपुर, श्री भीमाकाली मंदिर व अन्य मंदिर समूह जिला शिमला, श्री राम गोपाल मंदिर डमटल जिला कांगड़ा, श्री वद्री विशाल मंदिर वाई अटारियां जिला कांगड़ा, श्री महाकाल मंदिर बैजनाथ जिला कांगड़ा और श्री हणोगी माता मंदिर हणोगी जिला मंडी गौ सदन संचालित कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## धर्मशाला में बस अड्डे का निर्माण नहीं हुआ अभी शुरू

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि धर्मशाला बस अड्डे का निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं किया गया है। अतिरिक्त भूमि को ठेकेदार को सौंपना अभी बाकी है। वन भूमि के एफसीए केस की स्वीकृति के अनुसार ठेकेदार को संशोधित ड्राइंग प्रस्तुत करने को कहा गया है। विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल का लिखित जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस बस अड्डे के निर्माण के लिए कोई भी धनराशि का प्रावधान नहीं किया गया है।

# विधानसभा में हिमाचल की वित्तीय स्थिति पर मंथन शुरू

### केंद्र ने 1500 करोड़ बिना ब्याज के 50 साल के लिए दिया कर्ज : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार की आर्थिक नीतियों को प्रदेश के वर्तमान माली हालत का जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने लोगों को एडजस्ट करने के लिए उन पर महती कृपा की है, जिन बोर्ड के अध्यक्षों को हमारी सरकार में तीस हजार रुपए का मानदेय मिलते थे, उन्हें एक लाख तीस हजार रुपए देने लगे। 7 कैबिनेट रैंक बांटी, छः विधायकों को सीपीएस बनाकर मंत्रियों जैसी सुविधाएं दे रहे हैं।

सलाहकारों की फौज खड़ी कर ली है। सीपीएस को बचाने के लिए कोर्ट में वकीलों की फौज को छः करोड़ रुपए से ज्यादा की फीस दे चुके हैं।



प्रदेश में राजस्व अर्जन के सारे रास्ते बंद कर दिये हैं। उद्योग, आबकारी, माइनिंग से राजस्व आने के रास्ते बंद हैं। प्रदेश में राजस्व कहां से आएंगे सरकार इस पर विचार नहीं कर रही है।

सिर्फ टैक्स बढ़ाकर, महंगाई का बोझ लादकर प्रदेश के लोगों को निचोड़कर आर्थिक स्थिति को नहीं सुधारा जा सकता है, सरकार को कल्याणकारी राज्य के दायित्व को भूलना नहीं चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में पहली बार ऐसे हालात बने कि कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पाए और पेंशनर्स को पेंशन अभी तक नहीं मिल पाई? जब केंद्र से राजस्व अनुदान घाटा का पैसा आया तो ही वेतन दिया जा सका। जब सेंट्रल टैक्सेस का अंशदान आएगा तभी पेंशन दी जाएगी। केंद्र सरकार ने हिमाचल को पचास साल की अवधि के लिए 1500 करोड़ रुपए का ब्याजमुक्त कर्ज दिया।

भविष्य में भी इसी तरह की आर्थिक सहायता मिलती रहेगी। इन सबके बावजूद हिमाचल प्रदेश सरकार की तरफ से हमेशा केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को कोसा ही जाता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कोई योजना नहीं लागू की, कोई जनहित के कार्य नहीं किए लेकिन 20 महीने में ही 24 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा कर्ज ले लिया।

# सीएम सुक्खू बोले-सभी विधानसभा क्षेत्रों का समान विकास सरकार की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के 10वें दिन की कार्यवाही सोमवार को 2 बजे प्रश्नकाल से शुरू हुई। पहला प्रश्न श्रीनयना देवी के भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने उठाया। रणधीर शर्मा ने कहा कि नाबार्ड के लिए विभिन्न योजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भेजने के मामले भेजने में भेदभाव हो रहा है।

जो पहले आए, उसकी डीपीआर को आगे भेजा जाना चाहिए। इस प्रश्न का उत्तर सदन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिया। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की सभी विधानसभाओं का समान विकास सरकार की प्राथमिकता है। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 175 प्लस 20 यानी 195 करोड़ रुपए की सीमा तय की गई है। इसी के तहत



डीपीआर आगे भेजी जा रही हैं। नाबार्ड से सीमित कर्ज मिलता है, उसे बांटा जा रहा है। इस पर विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सदन को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या योजना विभाग से नाबार्ड को पत्र भेजा गया है कि योजनाओं की दोबारा प्राथमिकताएं तय की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हें सारी सड़कों की सूची दे दी गई है। सुक्खू ने दोहराया कि किसी से भेदभाव करने की बात गलत है। अगर इनकी प्राथमिकता में 195 करोड़ रुपए की सीमा के तहत बजट बचता हो तो वे इनकी प्राथमिकता भी आगे भेजी जाएगी। जहां तक नाबार्ड के लिए पत्राचार की बात है तो यह तो साल भर चला रहता है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नाबार्ड की एक प्रक्रिया होती है, जो डीपीआर आती है, उसे आगे बढ़ाया जाता है। जहां विपक्ष के विधायक हैं, वहां डीपीआर नहीं बनाई जा रही हैं। क्या डीपीआर बनाने के काम के लिए अधिकारियों को निर्देश देंगे कि जो विधायक प्राथमिकता दी गई हैं, उनकी डीपीआर बनाई जा रही हैं। सरकाघाट में 14 और पांवटा साहिब में 10 सड़कें बनाई जा रही हैं। किसी को भी डीपीआर बनाने को कहा गया है।

## अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ट्रांसफॉर्मेशन की जरूरत : पठानिया

शिमला । सदन में चर्चा में भाग लेते कांग्रेस विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर ट्रांसफॉर्मेशन की जरूरत है।

वित्तीय स्थिती पर सनसनी फैलाने की कोशिश की जा रही है, इसकी पृष्ठभूमि को देखने की जरूरत है, हर सरकार ने सुविधाएं देने की कोशिश की, पूर्व सरकार ने पानी भी मुफ्त दिया, बिजली मुफ्त दी, आज युवा के अपेक्षाएं अलग हैं, आज दो तरह के हिंदुस्तान हैं, एक मुफ्त चाहता है, दूसरा आधुनिक सुविधाएं जैसे वाई-फाई, फ्री इंटरनेट, इंटरनेट स्पीड, 24 घंटे गुणात्मक बिजली, अपने घर पर बैठक विदेशी कंपनी के लिए काम करने के जरूरी आधारभूत ढांचा चाहिए।






**भ्रमण** | 103 बच्चों ने विधानसभा अध्यक्ष पठानिया से की मुलाकात

# बाल सत्र की तर्ज पर आयोजित होगा युवा सत्र



**अनंत ज्ञान ब्यूरों, शिमला**

मानसून सत्र के 10वें दिन की कार्यवाही देखने विधानसभा सचिवालय पहुंचे डीएवी स्कूल टुटू के करीब 103 बच्चों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। बच्चों से संवाद के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कई प्रश्न भी पूछे।

विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों से बाल सत्र के बारे में भी पूछा जिसका आयोजन पिछले वर्ष 12 जून को किया गया था। पठानिया ने कहा कि जिन बच्चों ने यहां बाल सत्र में भाग लिया, उनमें अधिकतर हिमाचली थे, जिनका चयन अब राष्ट्रीय स्तर के बाल सत्र के लिए हो गया है और शीघ्र ही उसका भी लोकसभा में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

पठानिया ने बच्चों से संसदीय प्रणाली तथा लोकतंत्र के बारे में भी पूछा। पठानिया ने कहा कि हमारा लोकतंत्र दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का मतलब लोगों का, लोगों के द्वारा, लोगों के लिए शासन होता है। हम अपने मत द्वारा अपने प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं जो सीधे लोकसभा तथा विधानसभा के लिए निर्वाचित होते हैं तथा देश व प्रदेश का कानून बनाने में इनकी निर्णायक भूमिका रहती है। मिडिया से रू-ब-रू होते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज तक 964 बच्चे विधान सभा की कार्यवाही देखने आ चुके हैं तथा अभी 1 दिन बाकी है। यह अच्छा है कि बच्चे सदन की कार्यवाही देखने में रूचि ले रहे हैं यहीं हमारे लोकतंत्र की मजबूती का आधार भी है। पठानिया ने कहा कि मेरी इच्छा है कि इन बच्चों के माध्यम से सदन की कार्यवाही सभी परिवारों तक पहुंचे तथा यही बच्चे आगे जाकर जब अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे इससे उन्हें उनकी जिम्मेदारी का एहसास होगा।

पठानियां ने कहा कि वह सिडनी (आस्ट्रेलिया) में नवंबर महीने में आयोजित होने वाले 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं तथा उसके बाद उचित समय पर युवा सत्र का भी आयोजन करवाएंगे, जिसमें युवा भी सदन के अंदर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री परिषद सदस्य तथा विधान सभा सदस्य की भूमिका में नजर आएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्रों को सदन में होने वाली कार्यवाही से भी अवगत करवाया तथा सदन के अंदर शांति प्रिय ढंग से कार्यवाही देखने को आमंत्रित भी किया। पठानिया ने सभी बच्चों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी तथा हमेशा जीवन में अनुशासन तथा देशभक्ति के प्रति अपनी नेक भावना को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### धलूं में किया भगवान गणपति का गुणगान



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धलूं पंचायत में गणपति उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। धलूं में स्थापित की गई भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन से पहले यहां भजन संध्याओं का आयोजन किया जा रहा है। यहां आयोजित भजन संध्या में भारी संख्या में लोग भगवान गणेश जी का गुणगान करने पहुंच रहे हैं।

### लक्ष्या अवस्थी ने उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ की छात्रा लक्ष्या अवस्थी पुत्री राजेश अवस्थी निवासी मझैरना ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज टांडा में प्रवेश प्राप्त किया है। अब वह डॉ. राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज टांडा में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करेंगी।। स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा ने लक्ष्या की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उसके परिजनों व गुरुजनों को बधाई दी है और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### वंशिका ने शॉटपुट व एथलेटिक में जीता सोना



**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय बाल बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली की छात्रा वंशिका पुत्री विपन कुमार ने जिला स्तरीय अंडर-14 टूर्नामेंट में शॉटपुट व एथलेटिक में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। सोमवार को गरली स्कूल पहुंची चैंपियन छात्रा वंशिका का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा एवं अन्य ने होनहार छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जिले के कई क्षेत्रों में मनाया हिमालय दिवस



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक व आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के सतत् हिमालय हेतु लिए संकल्प हिमालय उन्नति मिशन के अंतर्गत कांगड़ा जिला के विभिन्न हिस्सों में हिमालय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोपालपुर स्थित कैलाश आश्रम में जहां स्थानीय युवाओं ने भाग लिया, वहीं चंगर परिदृश्य के बारी पंचायत में 70 से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। ज्ञान ज्योति बीएड महाविद्यालय रजोल में 150 लोगों व चील गाडी वार मैमोरियल में स्थानीय युवाओं ने हिमालय दिवस मनाया। हिमालय उन्नति मिशन के कार्यक्रम निदेशक अमित मेहता ने बताया कि हिमालय उन्नति मिशन के अंतर्गत हिमालयी राज्यों में हिमालय दिवस को विभिन्न गतिविधियों द्वारा मनाया गया है।

### पहाड़ी नाटी में विजेता रहीं छात्राओं का किया स्वागत



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा काशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा की 18 छात्राओं का सोमवार को विद्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। ये छात्राएं जिला स्तरीय अंडर-14 टूर्नामेंट में पहाड़ी नाटी की विजेता हैं। इनके विद्यालय में पहुंचने पर इनके गले में स्वर्ण पदक पहनाकर प्रार्थना सभा में सभी अध्यापकों बच्चों व प्रधानाचार्य ने तालियां बजाकर स्वागत किया और बधाई दी।

### अभिषेक, अर्जुन व साहिल का जिला स्तर पर चयन



**अनंत ज्ञान, गगल।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मटोर कांगड़ा में हुई अंडर- 19 की खेलकूद प्रतियोगिताओं में आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल त्यारा के बच्चे खो-खो प्रतियोगिता में रनरअप रहे। इस स्कूल के शारीरिक शिक्षक संदीप ने बताया कि अंडर-19 के खेल कूद प्रतियोगिता में जीत हासिल की जिसमें तीन बच्चों को अभिषेक अर्जुन और साहिल का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। संस्था अध्यक्ष सुभाष चंद धलोरिया जी ने बच्चों को मुबारकबाद दी और उनके उज्जबल भविष्य की कामना की।

### सोनाली ने दिल्ली में फैशन वीक में जीता अवॉर्ड



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मॉडल की दुनिया में फिर से बैजनाथ उपमंडल के एक छोटे से गांव तरेहल (नागटा) की रहने वाली सोनाली शर्मा ने फिर से इलाके का नाम रोशन किया है। 6 से 8 सितंबर तक दिल्ली में हुए मॉडल क्रियेटर्स रनवे फैशन वीक में सोनाली शर्मा ने सिलिब्रिटी डिजाइनर अलोक अग्रवाल के लिए वाक की। इसमें सोनाली शर्मा शोओपनर रही और अपनी बेहतरीन वॉक करके अपने जलवे बिखेरे। उन्हें फेमस टीवी एक्ट्रेस अर्पणा मिश्रा और काजल श्रीवोत्तव से शोपनेर बेस्ट वॉक का अवॉर्ड मिला। सोनाली शर्मा ने अपने माता-पिता और अपने प्रशंसकों का भी धन्यावाद किया है।

### पंचरुखी में भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापित



**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** पंचरुखी में गणेश चतुर्थी के अवसर पर दक्षता फाउंडेशन पंचरूखी तथा स्थानीय युवाओं में भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति अपर बाजार पंचरुखी में स्थापित की। हर रोज भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्री गणेश जी का गुणगान किया जायेगा तथा 17 तारीख को बड़े ही धूमधाम से मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष सुमित धीमान ने बताया कि दक्षता फाउंडेशन का यह दूसरा गणेश महोत्सव है। इस बार 16 सितंबर को स्टार नाइट का आओज्ञन भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी फाउंडेशन की एक टैग लाइन हैं परोपकारार्थमिंद शरीरं% इसलिए संस्था के सभी सदस्य हमेशा सामाजिक कार्य करने मे आगे रहते हैं। हमें परहित के कार्य के लिए अपना जीवन समर्पित करना चाहिए। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया है कि दक्षता फाउंडेशन के मेंबर बने व सामाजिक कार्य मे भाग लें।

### उस्तेहड़ में आयोजित किया पोषण मां शिविर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** वृत्त स्तरीय पोषण मां कैंप का आयोजन स्वयं सिद्धा भवन उस्तेहड़ में किया गया। शिविर में पोषण रेसिपी की प्रदर्शनी और जीएमडी की प्रदर्शनी भी लगाई गई। पांच आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम के अंतर्गत बनाए जाने वाले व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई और इसके पोषक तत्वों पर अपने विचार रखें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भट्टू ने पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर विचार रखें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीरा जी ने पोषण मां के इतिहास एवं इसके जन आंदोलन पर विचार रखें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन लता गिरतोली जी एवं सहेलियों ने पोषण के सभी घटक पांच सूत्रों एवं थीम्स पर बहुत सुंदर गायन प्रस्तुत किया।

# समय पर पेंशन नहीं मिलने पर सड़कों पर उतरे सेवानिवृत्त कर्मी

## पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने धर्मशाला में निकाली रोष रैली, की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



इस महीने अब तक पेंशन नहीं मिलने पर धर्मशाला में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते पेंशनर्स।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा के पेंशनरों ने अभी तक पेंशन न दिए जाने के विरोध में सोमवार को सरकार के खिलाफ रोष रैली निकाली। रैली का नेतृत्व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने किया। इस दौरान पेंशनर्स ने दो टूक चेतावनी दी कि दस सितंबर को यदि पेंशन जारी न हुई और हर माह पहली तारीख को पेंशन दिए जाने की घोषणा न की गई, तो सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

इससे पहले जोधामल सराय में जिला कांगड़ा के पेंशनरों की बैठक भी हुई। इसमें मौजूदा स्थिति और पेंशनर्स की मांगों को लेकर मंथन किया गया। बैठक में जिला के 15 खंडों और शहरी इकाइयों के प्रधानों व महासचिवों और पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक को धर्मशाला शहरी इकाई के प्रधान प्रदीप वालिया, धर्मशाला ब्लाक ईकाई के प्रधान जीएस डढवाल, रविंद्र राणा अतिरिक्त महासचिव एवं जिला कांगड़ा के महासचिव सेठ राम ने भी संबोधित किया।

**15 सितंबर से पहले सभी मांगें न मानने पर आंदोलन की दी चेतावनी**

बैठक में पेंशनर्स को अभी तक अगस्त महीने की पेंशन अदा नहीं किए जाने को लेकर रोष जाहिर किया गया।

जिला अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि पेंशनर्स की बाकी लंबित पड़ी मांगों को भी 15 सितंबर से पहले मानने को लेकर सरकार से अपील की। यदि सरकार सरकार ऐसा नहीं करती है तो पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश स्तर पर सभी जिला मुख्यालयों में पेंशनर्स धरना प्रदर्शन करेंगे और उसके बाद आंदोलन चलाने के बारे में रुपरेखा तय करेंगे।

# बिना बिल के सामान समेत पकड़ा ई-कॉमर्स कंपनी का वाहन

## 15 दिन में बिना जीएसटी सामान बेचने का दूसरा मामला, अगस्त में वसूला था सवा लाख रुपए जुर्माना

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



देश में ई-कॉमर्स कंपनियों के ऑनलाइन सामान बेचने में टैक्स की अनियमितताओं का मामला सामने आया है। धर्मशाला के एक्साइज विभाग द्वारा बिना बिल की वस्तुओं के पाए जाने पर एक गाड़ी को कब्जे में लिया गया है, जो लुधियाना से धर्मशाला पहुंची थी।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

जानकारी के अनुसार एक नामी ई-कॉमर्स ऑपरेटर कंपनी की इस गाड़ी में काफी सामान बिना बिल के पाया गया है। इसके बाद विभाग ने कंपनी के अधिकारियों को धर्मशाला तलब किया है। हालांकि सोमवार तक कंपनी के अधिकारी धर्मशाला नहीं पहुंचे, जिसके कारण इस मामले में जुर्माना तय नहीं हो सका है। इससे पहले 21 अगस्त को एक नामी कंपनी के वाहन में 1019 आइटम बिना बिल के पाई गई थी, जिसके बाद धर्मशाला के एक्साइज विभाग ने कंपनी पर 116613 रुपए का जुर्माना लगाया था। यह गाड़ी लुधियाना से चंबा जा रही थी। अब करीब 15 दिनों के बाद यह दूसरा मामला सामने आया है। इस मामले में कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को सामान बिना जीएसटी टैक्स के भेजा गया है। एक्साइज विभाग के अधिकारियों ने वाहन को जब चेक किया तो इसमें कई वस्तुएं बिना बिल के पाई गईं। जिसके बाद कंपनी के अधिकारियों को धर्मशाला तलब किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### कंपनी के अधिकारियों को किया तलब



**मामले** में जानकारी देते हुए एक्साइज विभाग के धर्मशाला स्थित उपायुक्त प्रदीप शर्मा ने बताया कि 21 अगस्त को बिना बिल के भेजे गए सामान की एक गाड़ी को पकड़ने के बाद अब ताजा मामले में एक अन्य नामी कंपनी की गाड़ी को पकड़ा गया है, जिसमें काफी सामान बिना बिल के पाया गया है तथा इसकी जांच के लिए अब कंपनी के अधिकारियों को तलब किया गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी के अधिकारियों के आने के बाद पूरे सामान की जांच के बाद इस मामले में जुर्माना तय किया जाएगा तथा कंपनियों को निर्देश जारी किए जाएंगे।

### सांप के डसने से महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत गांव थबकौर निवासी विमला देवी अपने दो बच्चों के साथ सोई हुई थी कि अचानक एक सांप ने उसके हाथ पर डस लिया, जिसके चलते उसने शोर मचाया। शोर मचाने पर आस-पड़ोस के लोग इकट्ठे हो गए तथा मौके पर ही जहरीले सांप को मार दिया गया। वहीं, विमला देवी की तबीयत खराब होने पर उसे तुरंत पठानकोट के निजी अस्पताल में ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला का पति नौकरी करता था तथा यह अति गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। स्थानीय लोगों द्वारा सरकार से उन्हें तुरंत आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई गई है।

### बारी में फेरी वालों को करवाना होगा पंजीकरण

**राकेश डोगरा, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत बारी में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रधान नीतू डढवाल ने की। बैठक में पंचायत प्रधान ने निर्णय लिया कि पंचायत क्षेत्र में बाहरी व्यक्ति जो फेरी या रेहड़ी लगाने वाले आते हैं, वे अपना पंजीकरण पुलिस थाना में आवश्य करवाएं। उसके पश्चात प्रधान ग्राम पंचायत को सूचित करें कि हम आपकी पंचायत में फेरी या रेहड़ी लगाना चाहते हैं, तब जाकर पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बुधवार को रखरखाव दिवस के रूप में किया नामित

**कांगड़ा।** राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड विद्युत उपमंडल नं.1 कांगड़ा के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ता को सूचित किया जाता है कि विद्युत अवसंरचना के रखरखाव की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और अनियोजित रखरखाव और अवांछित सार्वजनिक गड़बड़ी को रोकने के लिए एक दिन को रखरखाव दिवस के रूप में नामित करना आवश्यक था। अब से हर महीने प्रत्येक सप्ताह के हर महीने के प्रत्येक बुधवार को उसी दिन मनाया जाएगा, जिसमें नियमित रखरखाव शामिल हैं।

### हैप्पी बर्थडे



भनबाड़ के दरोड़ाधार के देवी सिंह ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



विशांतक बंटा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



कोटबेजा के आदित्य कंवर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



कसौली के रुद्रांश कंवर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### फायर ब्रिगेड ने किया मॉक ड्रिल का आयोजन

**धर्मशाला।** धर्मशाला के स्टेशन फायर ऑफिसर कर्म चंद कश्यप की अगुवाई में अमोहा रिट्रीट होटल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर ऑफिसर ने लोगों को आग लगने पर सावधानी बरतने तथा सुरक्षा उपायों को लेकर जागरूक किया गया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को मारी टक्कर, 6 लोग घायल

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**



पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन के निकट सोमवार सुबह जालंधर-पठानकोट हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली को एक तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार छह लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल पठानकोट दाखिल करवाया गया है।

घायलों की पहचान संजय, रवि पटेल, शशि पटेल,बाबू राम, निजम तथा मधु चौहान निवासी ओंकार नगर पठानकोट के रूप में हुई है। सभी लेबर का काम करते हैं तथा सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर लैंटल डालने के लिए जा रहे थे कि पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक चालक ने अपना संतुलन खो दिया तथा उनकी ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में उनकी ट्रॉली भी पूरी तरह से टूटकर सड़क पर बिखर गई है। स्थानीय लोगों ने इस हादसे के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर आए। इस हादसे के तत्काल बाद ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पंजाब की तर्ज पर 15 रुपए किया जाए न्यूनतम बस किराया

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा निजी बस ऑपरेटर वेलफेयर सोसायटी की सोमवार को बैठक प्रधान रवि दत्त शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में कुछ बिंदुओं के ऊपर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई, जिसमें सबसे अहम मुद्दा महिलाओं को दी जाने वाली बस किराया में 50 प्रतिशत छूट बंद करने और पंजाब की तर्ज पर न्यूनतम बस किराया 15 रुपए करने की बात कही गई। सोसायटीने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक ऐसा इकलौता प्रदेश है, जहां न्यूनतम कराया पिछले 15 वर्षों से 5 रुपए है और हमारे साथ लगता मैदानी प्रदेश पंजाब जिसमें न्यूनतम बस किराया 15 रुपए निर्धारित हो चुका। ऐसे में प्राइवेट बस ऑपरेटर्स सरकार से मांग करते हैं कि पंजाब की तर्ज पर हिमाचल में न्यूनतम बस किराया 15 से 20 रुपए किया जाए।

## 100 से अधिक लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

### अरनी विवि ने फिजियोथैरेपी दिवस पर आयोजित किया स्वास्थ्य जांच शिविर

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



अरनी विश्वविद्यालय इंदौरा में विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर मंड मिआनी गांव में अरनी स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेस द्वारा एक फिजियोथेरेपी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 100 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की निशुल्क जांच करवाई। शिविर में विशेषज्ञ फिजियोथैरेपिस्ट्स द्वारा मरीजों की शारीरिक समस्याओं का विस्तृत विश्लेषण किया गया और उन्हें सही व्यायाम करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में फिजियोथैरेपी के माध्यम से होने वाले लाभों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। खासकर बुजुर्गों और शारीरिक दर्द से जूझ रहे लोगों को विभिन्न प्रकार की एक्सरसाइज के माध्यम से अपनी स्थिति में सुधार लाने के तरीके बताए गए। इस मौके पर अरनी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने शिविर में फिजियोथैरैपी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सही समय पर और नियमित व्यायाम से न केवल शारीरिक समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है, बल्कि व्यक्ति लंबे समय तक स्वस्थ और फिट भी रह सकता है। इसके साथ ही, मंड मिआनी गांव के सरकारी स्कूल के छात्रों को भी फिजियोथैरेपी के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को यह समझाया गया कि किस तरह से सही एक्सरसाइज और फिजिकल एक्टिविटी के माध्यम से वे अपने शरीर को फिट और स्वस्थ रख सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### व्यक्ति से 20 लाख रुपए की ठगी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का एक मामला साइबर थाना धर्मशाला में दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पालमपुर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर रेटिंग तथा रिव्यू के आधार पर टेलीग्राम तथा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से फर्जी वेबसाइट से 20,38,000 रुपए की ठगी की गई है। उधर साइबर पुलिस धर्मशाला के एएसपी प्रवीण धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि साइबर पुलिस शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) तथा 319 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने लोगों से ऑनलाइन ठगी को लेकर जागरूक रहने की अपील की है।

### इंश्योरेंस कंपनी को 53000 रुपए जुर्माना

**दीपक पुरी, धर्मशाला।** उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने एक मामले में शिकायतकर्ता को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मुआवजा देने के आदेश दिए। शिकायतकर्ता सतीश कुमार निवासी लुथियल तहसील फतेहपुर की बाइक एचपी 88- 0589, जालंधर में चोरी हो गई, जिसकी शिकायत उसने पुलिस थाने में की। पुलिस वालों ने अनट्रेसिंग रिपोर्ट कोर्ट में सबमिट की। इसके बाद इंश्योरेंस कंपनी ने इनका क्लेम देने से मना कर दिया, जिसका कारण देरी से सूचना देना बताया। कंपनी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को 14 दिन के बाद सूचना दी। शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला में इसकी शिकायत की, जिसमें उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने डिफिशिएंसी इन सर्विसेस का हवाले देते हुए शिकायतकर्ता को 9 प्रतिशत ब्याज के साथ 33,750 रुपए, मुकदमा खर्च 10,000 एवं मानसिक उत्पीड़न खर्च के 10,000 रुपए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी द्वारा देने के आदेश दिए। (अनंत ज्ञान)

### सक्षम ने गोल्ड, शिवांश ने जीता सिल्वर मेडल



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** गोजू काई नेशनल कराटे चैंपियनशिप 8 सितंबर को पठानकोट में हुई। इसमें हिमाचल के चार खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया। इस दौरान टीम के कोच शाहपुर निवासी रिंकू कुमार ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सक्षम ने गोल्ड मेडल, शिवांश ने सिल्वर मेडल, मनन ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने अभिभावकों और कोच का नाम प्रदेश भर में रोशन किया है।

**श्रद्धांजलि** — जीएल बत्रा ने बलिदानी बेटे कैप्टन विक्रम बत्रा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की अर्पित

## पालमपुर में मनाई शहीद विक्रम बत्रा की जयंती

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में सोमवार को परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की 50वीं जयंती के अवसर पर अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के पिता जीएल बत्रा ने शिरकत की। इस अवसर पर अशोक चक्र विजेता मेजर सुधीर वालिया की बहन आशा अहलूवालिया, मीनाक्षी वालिया और बहनोई प्रवीण अहलूवालिया, केएलवी डीएवी कॉलेज के निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह राणा, पीटीए प्रेसिडेंट विक्रमजीत सिंह, ओएसए प्रेसिडेंट आशीष कुमार तथा ओ एसए जनरल सेक्रेटरी मिस्टर नितेश सूद और ओ एसए जॉइंट सेक्रेटरी कुशाल, ब्लॉक कांग्रेस प्रेसिडेंट त्रिलोक चंद, और वाइस प्रेसिडेंट कुलदीप विशेष रूप से उपस्थित हुए। इन सभी को विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि एल बत्रा ने बलिदानी बेटे कैप्टन विक्रम बत्रा की संस्थान के परिसर में स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य डॉ. महेंद्र पाल ने मुख्यातिथि, प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन हेतु बाहर से आमंत्रित निर्णायक मंडल तथा अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और वीर सपूत कैप्टन विक्रम बत्रा तथा अन्य शहीदों की शूरवीरता का स्मरण करते हुए उनके प्रेरणादायक प्रसंगों पर प्रकाश डाला।

जीएल बत्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि पालमपुर को पहचान यहां की पवित्र भूमि पर जन्मे वीर सपूतों ने अदम्य साहस और शौर्य गाथाओं से प्राप्त हुई है। आज के युवाओं को उनके आदर्शवादी व्यक्तित्व और वीरता भरे कारनामों से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। इस अवसर पर संस्थान में आयोजित की गई अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में लगभग 16 महाविद्यालयों ने सक्रिय प्रतिभागिता दर्ज की।

## डीसी ने एससी-एसटी मामलों को शीघ्र निपटाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं नियम 1995 के अन्तर्गत जिला कांगड़ा में गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक आज सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत न्यायालय एवं पुलिस से संबंधित लंबित व रद्द मामलों के बारे में समीक्षा की गई तथा उपायुक्त हेमराज बैरवा ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी न्याय न मिलने के समान है। इसलिए संबंधित मामलों की तफ्तीश कर उनका समय पर निपटान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर, पुलिस अधिकारी, जिला न्यायवादी अधिकारी तथा गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पक्का भरो से जानी वाली सड़क की सुधारें दशा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग की ओर पक्का भरो से जानी वाली खस्ताहाल सड़क पर किन्नर संजू के मकान के पास तीखा मोड़ होने के कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का पैदल चलना खतरे से खाली नहीं है। इस तीखे मोड़ पर गड्ढे पड़े हुए हैं, जो वाहन चालकों के लिए भी खतरे से कम नहीं हैं। समाज सेवी संस्था प्रभात सुधार सभा के प्रधान ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को इस सड़क की हालत सुधाने की मांग की है। संस्था ने विभाग से अनुरोध किया है कि तीखे मोड़ की दशा सुधारी जाए।

### लॉ विभाग के छात्रों ने भोरंज थाने का किया भ्रमण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर के विधि विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय पुलिस स्टेशन भोरंज का विजिट किया गया। लॉ विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनु शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने पुलिस की कार्रवाई के बारे में अवगत करवाया। थाना प्रभारी निर्मत सिंह, सहायक उपनिरीक्षक संजीव पुंडीर व अन्य कर्मचारियों ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने व यातायात नियमों का पालन करते व मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने छात्र-छात्राओं को आपराधिक घटनाओं के घटित होने से लेकर अंतिमतः निस्तारित होने तक कि प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। एफआईआर, एनसीआर, पुलिस रिपोर्ट, रोजनामचा, संज्ञेय और असंज्ञेय अपराध, जमानतीय और अजमानतीय अपराध आदि के बारे में भी बताया गया। इस विजिट पर डॉ. अमनदीप नड्डा व कुमारी दीक्षा भी उपस्थित रही। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शशि भूषण ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक विजिट समय-समय पर आयोजित होते रहते हैं।

### ताल में एनीमिया जागरूकता शिविर आयोजित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्र ताल में पोषण माह के तहत एनीमिया की रोकथाम हेतु एकदिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की डॉ. चारू शर्मा ने लोगों को एनीमिया के कारणों, लक्षणों, उपचार एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि भोजन में लौह तत्व की कमी से हमारे शरीर में खून की कमी हो जाती है और इससे एनीमिया हो जाता है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने भी लोगों को अवगत करवाया। शिविर के दौरान 6 माह पूर्ण कर चुके स्थानीय 4 बच्चों के लिए अन्नप्राशन समारोह भी आयोजित किया गया। साथ ही स्थानीय पारंपरिक पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर रवि कुमार, जेंडर स्पेशलिस्ट निशा एवं वंदना, क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

### छात्र प्रतिनिधि रैगिंग रोकने के लिए आगे आएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डॉ. राधा कृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक कॉलेज में आयोजित की गई। प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कमेटी के सदस्यों ने कॉलेज परिसर, हॉस्टलों और पीजी के आसपास किसी भी तरह की रैगिंग को रोकने के लिए आवश्यक प्रबंधों पर व्यापक चर्चा की। डॉ. रमेश भारती ने कहा कि कॉलेज में नए बैच की एडमिशन के मद्देनजर इन प्रबंधों में किसी भी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी परिसरों में सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू हालत में रहने चाहिएं तथा रैगिंग रोधी नियमों से संबंधित बोर्ड एवं हेल्पलाइन नंबर भी प्रदर्शित किए जाने चाहिए। प्रधानाचार्य ने पुलिस अधिकारियों से भी यहां नियमित रूप से गश्त का आग्रह किया। उन्होंने कॉलेज के सभी विभागाध्यक्षों, चीफ वार्डन और अन्य सभी वार्डनों को भी अलर्ट रहने तथा नियमित रूप निरीक्षण के निर्देश दिए। प्रधानाचार्य ने कहा कि हॉस्टलों में खाने और अन्य सुविधाओं के लिए भी एक कमेटी का गठन किया जा रहा है, ताकि मेडिकल विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो। डॉ. रमेश भारती ने मेडिकल विद्यार्थियों के प्रतिनिधियों से भी कहा कि वे रैगिंग को रोकने के लिए आगे आएं और अपने सहपाठियों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। बैठक में कॉलेज के विभिन्न विभागों के अध्यक्षों, हॉस्टल वार्डनों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, अन्य अधिकारियों, हॉस्टल एवं पीजी संचालकों तथा मेडिकल के विद्यार्थियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### द्रुण में संतुलित आहार पर किया जागरूक




**अनंत ज्ञान,भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत बाल-विकास परियोजना अधिकारी भोरंज पर्यवेक्षिका वृत पट्टा के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण आंगनबाड़ी केंद्र द्रुण में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता आयुर्वेदिक डॉ. सुरेंद्रा द्वारा की गई। इस आयोजन में वृत्त पर्यवेक्षिका कुंता राणा ने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं गांव द्रुण के सभी महिला मडल प्रधान, महिलाओं ने भाग लिया। वृत्त पर्यवेक्षिका कुंता राणा ने उपस्थित महिलाओं को ठिगनापन, अल्पपोषण, रक्तात्पता (छोटे बच्चों, महिलाओं एवं किशोरियों में) को कम करना प्रति वर्ष अल्प वजनी बच्चों की प्रतिशत में कमी लाना, ठिगनेपन को कम करना, साथ ही स्टंटिंग नाटापन (आयु के अनुसार लंबाई कम होना तथा वेस्टिंग लंबाई के अनुसार कम वजन होना, एनीमिया, एनीमिया के कारण, लक्षण, एनीमिया के परिणाम तथा संतुलित आहार व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर ताल में वृत पर्यवेक्षक रवी कुमार व लदरौर में आशा रानीनकी अध्यक्षता में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### बड़सर स्कूल की छात्राएं खेलेंगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता



**एसके ठाकुर, बड़सर।** कबड्डी में बड़सर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की तीन छात्राओं का चयन का चयन स्टेट टूर्नामेंट के लिए हुआ। कोच राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि रजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर की तीन छात्राएं नैंसी ,आरती तथा रीतिका का अंडर 14 कबड्डी टीम के लिए चयन हुआ है। स्कूल प्रधानाचार्य ने होनहार छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सोमवार को इन छात्राओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया।

# एस्केलेटर बनाने को लेकर सर्वे टीम ने किया निरीक्षण

## टीम ने स्थान, एरिया और संभावनाओं का किया आकलन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

नगर परिषद हमीरपुर द्वारा ट्रॉला स्टैंड के नजदीक एस्केलेटर बनाने को लेकर सर्वे टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नगर परिषद हमीरपुर द्वारा ट्रॉला स्टैंड के पास एस्केलेटर बनाने का प्रपोजल है, जिसके लिए टीम ने स्थान, एरिया और संभावनाओं का आकलन किया।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने बताया कि हीरा नगर वार्ड नंबर एक के लिए एस्केलेटर बनाने की प्रपोजल बना रही है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर एक हीरानगर हमीरपुर शहर का बहुत की महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां पर जनसंख्या भी अधिक है। उन्होंने बताया कि हीरा नगर से बाजार आने जाने वाले बुजुर्ग और महिलाओं के लिए इससे काफी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि



ट्राला स्टैंड के नजदीक एस्केलेटर बनाने को लेकर सर्वे टीम निरीक्षण करते हुए।

जो भी लोग पैदल आते हैं या गाड़ियों से आते हैं तो उन्हें बहुत दूर पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यदि नगर परिषद को नगर निगम बनाया जाता है तो एस्केलेटर का ब्लू प्रिंट बनाएंगे, जहां पर यह एस्केलेटर बनाया जाएगा, यह भूमि वन विभाग की है। इसके लिए फॉरेस्ट क्लीरेंस और अन्य सुविधाएं जुटा कर यहां पर एस्केलेटर बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एस्केलेटर की मदद से लोग 5 से 7 मिनट में नीचे पहुंच जाएंगे और ई व्हीकल खड़े होंगे, जिससे लोग आसानी से ई व्हीकल से गांधी चौक, सब्जी मंडी या बस स्टैंड में पहुंच जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# आंगनबाड़ी वर्कर की नियुक्ति का नहीं सुलझा मामला, ग्रामीणों ने डीसी से की मुलाकात

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत धनेड़ के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी वर्कर की गई नियुक्ति का मामला नहीं सुलझ रहा है। ग्रामीण इसका लगातार विरोध कर रहे हैं और सोमवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में कार्रवाई करने की मांग है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इसी वार्ड से किसी महिला को आंगनबाड़ी केंद्र में तैनात नहीं किया जाता है, तब तक आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला नहीं खोला जाएगा। गौर रहे कि ग्रामीणों ने दूसरे स्थान से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति करने पर आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगा दिया था। प्रतिनिमंडल के सदस्य राजेंद्र कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र एक में आंगनबाड़ी वर्कर का पद खाली हुआ है, लेकिन विभाग ने दूसरी जगह से आंगनबाड़ी वर्कर का तबादला आंगनबाड़ी केंद्र में कर दिया है। उन्होंने कहा कि धनेड़ वार्ड नंबर दो में बाहर से कर्मचारी के आने पर आंगनबाड़ी केंद्र पर ताले पर ताला लगाया गया है और आज डीसी से मिलकर भी समस्या का समाधान करने की मांग की है।

**सौंपा ज्ञापन, हस्ताक्षेप करने की मांग उठाई**

वहीं, महिलाओं ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने वार्ड से ही रखी जानी चाहिए और नादौन से तबादला होकर कर्मचारी को भेजा गया है जिसे ग्रामीण स्वीकर नहीं करेंगे। ग्राम पंचायत प्रधान



डीसी से मुलाकात करते ग्रामीण।

धनेड़ कुंडला देवी का कहना है कि पंचायत भी ग्रामीणों के साथ खड़ी है और इस तरह बाहर से आंगनबाड़ी केंद्र में तबादला होकर कर्मचारी को भेजने का सभी विरोध कर रहे हैं, इसलिए सोमवार को डीसी से मामले में हस्तक्षेप करके कार्रवाई करने की मांग की है।

बता दें कि धनेड़ पंचायत में आंगनबाड़ी वर्कर की नियुक्ति को लेकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इसी बात को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने 6 दिन पहले ही आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला भी जड़ दिया था। आंगनबाड़ी केंद्र में ताला खुलवाने को लेकर बाल विकास परियोजना विभाग के अधिकारी भी पहुंचे थे, लेकिन मामला नहीं सुलझा।

ग्रामीण इस बात को लेकर अड़े हुए हैं कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इसी वार्ड से रखी जानी चाहिए। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान मीना कुमारी, पंचायत सदस्य बबली देवी, रणजीत सिंह, अमरजीत, संजीव कुमार, विनोद कुमार, मीरा देवी, कुसुम कुमारी, नरेश कुमारी, राम प्यारी, मीना देवी, क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स, महिला मंडल की पदाधिकारी और अन्य महिलाएं भी उपस्थित रहीं। (अनंत ज्ञान)

# हिट एंड रन मामले में फरार टिप्पर चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन शहर में रविवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार अशोक कुमार पुत्र जौंदु राम निवासी भड़ोली कुटियारा तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को करीब 7.35 बजे शाम को नादौन बाजार की ओर से एक टिप्पर तेज रफ्तारी व लापरवाही से आया तथा उसने ओवरटेक करते समय एक स्कूटी सवार को जोर की टक्कर मारी जिससे स्कूटी चालक वहीं पर गिर गया तथा उसका सिर टिप्पर के पिछले टायर के नीचे आने से बुरी तरह से कुचल गया व उक्त स्कूटी सवार की मौका पर ही मौत हो गई।

टिप्पर का चालक टिप्पर नंबर एचपी 83 ए-3445 को लेकर मौका से भाग गया जिसकी पहचान मनोज कुमार निवासी झारखंड के रुप में हुई। बताया जा रहा है कि स्कूटी चालक एचआरटीसी में परिचालक था और प्रतिदिन की तरह रविवार को भी बस के साथ नादौन से बसारल रूट पर बस के साथ गया था। वहां बस खड़ी करने के बाद वह स्कूटी पर अपने घर जा रहा था जो महज दो किलोमीटर दूर ही नादौन शहर में टेलीफोन एक्सचेंज के पास उसे टिप्पर ने कुचल दिया।

दुर्घटना की खबर मिलते ही डीएसपी नितिन चौहान यातायात प्रभारी नरेश कुमार मौका पर पर पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि हिट एंड रन मामले में आरोपी टिप्पर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को दी बधाई

# बिझड़ी ब्लॉक के 1205 लाभार्थियों को मिला पक्के मकान का लाभ

**एसके ठाकुर, बड़सर**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिझड़ी ब्लॉक के 1205 पात्र लाभार्थियों को पक्के मकान का लाभ मिलने पर विधायक इंद्रदत लखनपाल ने लाभार्थियों को बधाई दी। इस ऐतिहासिक योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का विशेष धन्यवाद किया।

विधायक लखनपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीब और वंचित वर्ग को एक सुरक्षित और स्थायी छत उपलब्ध कराना केंद्र सरकार की समर्पित सोच और संवेदनशील नेतृत्व का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों ने समाज के उन वर्गों को मुख्यधारा में लाने का काम किया है, जो अब तक पीछे रह गए थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का भी इस योजना में अमूल्य योगदान रहा है। (अनंत ज्ञान)

**प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों का सशक्तिकरण**

गरीब परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्के मकान की सुविधा दी जा रही है, जिससे उनका जीवन स्तर ऊपर उठाने में सहायता मिल रही है। बिझड़ी ब्लॉक के 1205 परिवारों को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा और वे अब एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। विधायक लखनपाल ने बताया कि 2018 में हुए सर्वे में बिझड़ी ब्लॉक के 1309 परिवारों को चिन्हित किया गया था, जिसमें से 104 परिवारों को योजना के नियमों के अनुसार अयोग्य पाया गया। 1205 परिवार अब इस योजना का लाभ उठाने के पात्र हैं।

### पीओ सैल ने दो उद्घोषित अपराधी किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस विभाग के पीओ सैल की टीम दो उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अपराधी विकास उर्फ विक्की पुत्र राम लाल निवासी गांव तोवान डा. ढावण तहसील बल्ह जिला मंडी तथा उद्घोषित अपराधी राज कुमार उर्फ हंसु निवासी गांव रडु डा. अप्पर बैहली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी को उनके मूल निवास स्थान से गिरफ्तार किया है। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी व्यक्तियों को अभियोग संख्या 10-2014 दिनांक 28-01-2014 अधीन धारा 379, 34 आईपीसी के तहत थाना नादौन में वांछित थे तथा माननीय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नादौन जिला हमीरपुर के न्यायालय से दिनांक गत 20 जून को उद्घोषित अपराधी घोषित किया था।

# आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी की लिखित परीक्षा के लिए एकमात्र परीक्षा केंद्र से अभ्यर्थी परेशान

## मौसम खराब होने पर दूरदराज के जिलों से आने वाले अभ्यर्थियों को शिमला आने-जाने में होगी परेशानी

**एसके शर्मा, जाहू**

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के द्वारा आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी की लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र शिमला आवंटित किया है, जिससे अभ्यर्थियों में भारी रोष है। 14 सितंबर को दो चरणों में आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी की लिखित परीक्षा होगी।

पहले चरण की परीक्षा सुबह 11 से 12 बजे तक, जबकि दूसरे चरण की परीक्षा 2 शाम के 4 बजे तक होगी। चार बजे के बाद दूसरे जिले से आए हुए अभ्यर्थियों को वापस जाने में भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। इस परीक्षा के लिए शिमला जिले के विभिन्न संस्थानों में आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी की लिखित परीक्षा के केंद्र आवंटित किए हैं।

हिमाचल प्रदेश के अन्य किसी भी जिले में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया गया है। अभ्यर्थियों में राजेश कुमार, पूजा शर्मा, दिनेश कुमार, रीना शर्मा, अमर दीप, कुलदीप कुमार, सरोज कुमारी, उमा देवी, संतोष कुमार, कमला देवी, कमलेश कुमारी, हंसराज, राकेश कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के द्वारा आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी की लिखित परीक्षा के केंद्र शिमला में आवंटित होने से अन्य जिलों के अभ्यर्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

अभ्यर्थियों को शिमला जैसे शहर में अपने परीक्षा केंद्र ढूंढने में काफी परेशान से जूझना पड़ सकता है और दूरदराज के जिलों से अभ्यर्थियों को बरसात के मौसम में भी पेरशानी झेलनी पड़ सकती है। अभ्यर्थियों ने प्रदेश सरकार व हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अधिकारियों से अग्रह किया है कि अन्य जिलों में भी परीक्षा केंद्र बनाए जाएं ताकि बरसात के मौसम में अभ्यर्थी अपने नजदीक 14 सितंबर को आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी की लिखित परीक्षा दे सकें।

हिमाचल प्रदेश के लोक सेवा आयोग की अतिरिक्त सचिव सुषमा ने बताया कि आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी की लिखित परीक्षा के जिए शिमला में ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। अन्य जिलों में परीक्षा केंद्र न बनाने पर और कोई भी कमेंट में नहीं कर सकती हूं। (अनंत ज्ञान)

### स्कूल के पास सड़क में स्पीड ब्रेकर लगाने की लोगों ने उठाई मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के स्थानीय विद्यालय के गेट के पास चौराहा होने के कारण इस स्थान पर हमेशा सड़क दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती हैं और सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि सड़क के बिलकुल किनारे पर स्कूल का गेट है, जिसमें छुट्टी के समय स्कूल के बच्चों का आवागमन रहता है। स्कूल में छुट्टी के समय जिस तरह से बच्चे सड़क पर भागते हैं, उससे इस स्थान पर हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है, जिसका मुख्य कारण बड़ा सुजानपुर सड़क पर बाहनों की अधिक आवाजाही का होना है। बिडंबना इस बात की है कि स्कूल के गेट के पास वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए यहां किसी भी प्रकार के गति अवरोधक नहीं लगाए गए हैं, जबकि यहां तेज गति से आ रहे वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा कई बार स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से गति अवरोधक लगाने की मांग उठाई गई, लेकिन उस मांग को आज दिन तक किसी न भी कोई तब्बजो नहीं दी। स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग को अतिशीघ्र इस स्थान पर गति अवरोधक लगाने की जोरदार मांग की है ताकि इस स्थान पर जो हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है, उससे निजात मिल सके।

# इतिहास के तथ्यों की जांच-परख जरूरी : हांडा

**अनंत ज्ञान, डिडवीं टिक्कर**

भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी (हमीरपुर) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'क्षेत्रीय इतिहास लेखन में शोध प्रविधि -हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में' हिमरश्मि परिसर, विकास नगर शिमला में संपन्न हुई।

हिमाचल प्रदेश के प्रख्यात पुरातत्ववेत्ता, इतिहासकार, वास्तुकला विशेषज्ञ, डॉ. ओसी हांडा कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रहे। संस्थान के प्रेस सचिव डॉ. मनोज डोगरा ने बताया कि ओसी हांडा ने बताया कि इतिहास परिवर्तनशील है, नए साक्ष्य मिलने पर इसमें बदलाव होता है। भारत



विकास नगर शिमला में संपन्न हुई दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला।

की ज्ञान परंपरा में मौजूद प्रमाणों के आधार पर इतिहास के तथ्यों की जांच-परख की जानी जरूरी है। शोध परियोजना निदेशक प्रो. नारायण सिंग राव ने कहा कि कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के इतिहास लेखन की गहन व विस्तृत समझ को विकसित करना है। कार्यशाला के दूसरे दिन चौथे तकनीकी सत्र में शोधकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। पांचवें तकनीकी सत्र में अक्तूबर माह में जमा होने वाली शोध परियोजना की प्रगति रिपोर्ट के सबंध में तैयारी की समीक्षा की गई। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रख्यात इतिहासकार राजा भसीन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

### तकनीकी विवि में बीटेक की खाली सीटें के लिए स्पॉट काउंसिलिंग आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीटेक डायरेक्ट एंट्री की खाली सीटों को भरने के लिए स्पॉट काउंसिलिंग करने का निर्णय लिया है। तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि बीटेक की स्पॉट काउंसलिंग 10 सितंबर को होगी।

स्पॉट काउंसलिंग तकनीकी विवि परिसर हमीरपुर में ही होगी। अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर स्पॉट काउंसिलिंग में पात्रता से संबंधित डिटेल देख सकते हैं।

### धर्मशाला से शिमला वाया रैल बड़ा बस रूट बहाल करने की सीएम से की जोरदार मांग

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से धर्मशाला से शिमला बाया रैल बड़ा होकर शिमला जाने बाली बस के रूट को दोबारा फिर बहाल करने की जोरदार मांग की है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि इस बस के रूट को बंद हुए लगभग एक दशक से भी ऊपर समय हो गया है। क्षेत्रवासियों द्वारा इस बस के रूट को बहाल करने की कई बार मांग की गई, लेकिन उनकी मांग को आज दिन तक पूरा नहीं किया गया। गौर है कस्बा बड़ा रैल से काफी संख्या में कर्मचारी शिमला एवम आसपास के क्षेत्रों में नौकरी करते हैं, यही नहीं युवा वर्ग को भी कई बार अपने शैक्षिक सबंधी कार्यो के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला जाना पड़ता है, लेकिन इस क्षेत्र से शिमला के लिए कोई भी सीधी बस न होने के कारण उन्हें आने जाने के लिए बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से हिमाचल पथ परिवहन निगम के काफी वर्षो से शिमला से धर्मशाला बाया रैल बड़ा होकर चलने वाले बस रूट को बहाल करने की जोरदार मांग की है।

**परेशानी** ग्रामीणों ने कहा-बारिश के बाद सड़कें बन जाती हैं तालाब, होती है परेशानी

# मुख्यमंत्री के गृह जिले की सड़कों पर संभलकर करें सफर

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

मुख्यमंत्री के गृह जिले में खस्ताहाल सड़कें हादसों को न्योता दे रही हैं। हालांकि राजनेता कहीं कोई हादसा हो जाए तो संवेदनाएं प्रकट करने पहुंच जाते हैं, परंतु व्यवस्थाएं कब सुधारी जाएंगी, इस पर कोई कार्य नहीं होता है। मामला बड़सर उपमंडल का है। मैहरे से धनेटा वाया जौड़े अंब सड़क मार्ग इतना खस्ता हालत में है कि यह नहीं पता लगता है कि सड़क है या फिर कोई पगडंडी। इस सड़क मार्ग पर जोड़े अंब के पास सड़क के बीच बहुत बड़ा खड्डा बना हुआ है, जिसमें 24 घंटे पानी खड़ा रहता है।

स्थानीय लोगों रमेश चंद, दिनेश कुमार, रुचि ठाकुर, विकास कुमार, मनोहर लाल, नरेश चंद का कहना है कि जोड़े अंब कस्बे में पानी की कोई



मैहरे से धनेटा वाया जौड़े अंब सड़क मार्ग बना खस्ताहाल, जान जोखिम में डाल रहे चालक।

निकासी नहीं होने के चलते सर्दी, गर्मी, बरसात में यहां पानी खड़ा रहता है, जिसके चलते राहगीरों को सड़क मार्ग पर चलना दूभर हो जाता है।

गौर रहे कि जिस स्थान पर सड़क खस्ता हाल में है और पानी रुका हुआ है, इसके बगल में ही बड़सर के विधायक आईडी लखनपाल के ससुराल हैं। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि जब से बड़सर विधानसभा में भाजपा के विधायक बनकर आए हैं, तब से क्षेत्र के विकास कार्य में भेदभाव किया जा रहा है। मैहरे से धनेटा वाया जौड़े अंब सड़क मार्ग मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की विधानसभा क्षेत्र को जोड़ती है। लोगों का कहना है की मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में सड़क अपडेट का कार्य जोर-शोर से चला है, परंतु साथ लगती विधानसभा से होकर गुजरने वाला सड़क मार्ग खस्ता हाल में है। लोगों का यह भी कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों से इस सड़क मार्ग की दशा को सुधारने के लिए संपर्क साधा गया परंतु आज दिन तक आश्वासन के स्वर कुछ नहीं मिला है।

इस बारे में लोक निर्माण के अधिशाषी अभियंता राजेंद्र पाल का कहना है कि विभाग के ध्यान में यह मामला आया है। विभागीय लेबर इस सड़क मार्ग पर पड़े गड्ढों को ठीक करने के लिए भेज दी गई है, शाम तक गड्ढों को ठीक करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बच्चों के पहले 1000 दिनों के दौरान पोषण का रखें विशेष ध्यान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भोरंज ने सोमवार को ग्राम पंचायत अमरोह में पोषण माह के तहत पोषण दिवस एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर सही पोषण पर चर्चा करते हुए आंगनबाड़ी वृत्त पर्यवेक्षक अंजना शर्मा ने कहा कि बच्चे की जिंदगी के पहले 1000 दिन सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इसी समय बच्चे के शारीरिक एवं मानसिक विकास की नींव रखी जाती है। इन दिनों को जिंदगी के स्वर्णिम दिन माना जाता है। अंजना शर्मा ने कहा कि इस दौरान बच्चों के आहार का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उसके आहार में सभी पोषक तत्वों का समावेश किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लोगों को गीत के माध्यम से भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं ने पोष्टिक गुणों से भरपूर पारंपरिक व्यंजनों का स्टॉल भी लगाया।

### 14 तक बिजली बिल जमा करवा दें लंबलू के उपभोक्ता, नहीं तो कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 14 सितंबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 14 सितंबर से पहले उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।



## राजस्थान के पुष्कर में दुनिया का इकलौता

# ब्रह्मा जी का मंदिर

### अजमेर शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर अरावली पर्वत की नाग पहाड़ी के बीच है मौजूद

**हमारा** देश भारत कई विविधताओं का संग्रह है। यहां अलग-अलग देवी-देवताओं की पूजा की जाती है और विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं। हिंदुओं के प्रमुख देवताओं में से हैं ब्रह्मा, विष्णु और महेश यानी शिव। वैसे तो मुख्य रूप से विष्णु और शिव की पूजा करने का विधान है, लेकिन कभी आपने सोचा है कि सृष्टि के रचयिता ब्रह्म देव की पूजा क्यों नहीं की जाती है? ब्रह्म देव के नाम पर पूरे विश्व में राजस्थान के पुष्कर में एकमात्र ब्रह्मा जी का मंदिर है। यह अजमेर शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर अरावली पर्वत की नाग पहाड़ी के बीच मौजूद है। शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्मा जी ने पृथ्वी पर यज्ञ करने की इच्छा प्रकट की थी। उस वक्त धरती पर वज्रनाभ नामक राक्षस का आतंक फैला हुआ था। वह बच्चों को जन्म लेते ही मार देता था। ब्रह्माजी ने कमल के पुष्प से प्रहार कर इस दैत्य का अंत कर दिया। यह पुष्प धरती पर गेंद की तरह उछल कर तीन जगह गिरा। तीनों स्थान पर जलधारा बहने लगी तथा सरोवर की उत्पत्ति हुई। ब्रह्मा जी के हाथ से कमल का पुष्प गिरने से तीनों सरोवर बाद में ज्येष्ठ पुष्कर, कनिष्ठ पुष्कर और मध्य पुष्कर के नाम से प्रसिद्ध हुए। पुष्कर में वैसे तो छोटे-मोटे पांच सौ से अधिक मंदिर व दर्शनीय स्थल हैं, लेकिन ब्रह्मा मंदिर इकलौता पुष्कर में ही है। शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्मा जी ने जब पुष्कर में यज्ञ किया था, उस वक्त उनकी पहली पत्नी सावित्री विलंब से पहुंचीं। देरी होने की वजह से ब्रह्मा ने गायत्री के साथ यज्ञ शुरू कर दिया था। गायत्री के संग ब्रह्मा जी को यज्ञ करते देख वे क्रोधित हुई और ब्रह्मा जी को यह श्राप देते हुए गिरी पहाड़ी पर विराजमान हो गई कि उनका मंदिर केवल पुष्कर में ही रहेगा तथा उनकी पूजा केवल पुष्कर में ही मान्य होगी। कहा जाता है कि ब्रह्मा जी के मंदिर का निर्माण ग्वालियर के महाजन गोकुल प्राक् ने करवाया था तथा आदि शंकराचार्य ने संवत 713 में मौजूदा ब्रह्मा जी की चुर्तमुखी प्रतिमा की स्थापना की थी। उनकी मूर्ति के पास गायत्री की प्रतिमा स्थापित है, जिसे ब्रह्मा जी की दूसरी पत्नी कहा जाता है। मंदिर के पीछे र गिरी पर्वत पर ब्रह्मा जी की पहली प ी सावित्री माता का मंदिर है।



## मंदिर की संरचना

**पुराणों** के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण करीबन 2000 वर्ष पूर्व संपन्न हुआ था, लेकिन मंदिर की मौजूदा वास्तुकला के मुताबिक इस मंदिर का निर्माण 14वीं शताब्दी में हुआ माना जाता है। पुष्कर को मंदिर की नगरी भी कहा जाता है, लेकिन औरंगजेब के शासन के दौरान यहां अमूमन हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया, लेकिन आज भी पुष्कर झील के किनारे ब्रह्मा मंदिर और अन्य मन्दिर ज्यों के त्यों स्थित हैं। ऐसा माना जाता है कि पुष्कर झील ब्रह्मा जी के कमल की एक पत्ती से बनी है, जो हिंदुओं के लिए अत्यंत पवित्र झील है। कई विशेषताओं को अपने आप में समेटे हुए ये मंदिर वास्तव में बेहद खूबसूरत है और आप सभी को इस मंदिर के दर्शन के लिए अवश्य जाना चाहिए।

### कार्तिक एकादशी से पूर्णिमा तक लगता है मेला

**प्रतिवर्ष** पांच दिवसीय पुष्कर मेला कार्तिक एकादशी से पूर्णिमा तक आयोजित होता है। इस दौरान दूर-दराज से लाखों श्रद्धालु पवित्र पुष्कर सरोवर में स्नान कर पुण्य के लिए पहुंचते हैं। पुष्कर मेला करीब पिछले पचास दशक से दो भागों में बंट गया है। पहला धार्मिक मेला और दूसरा पशु मेला। पशु मेले में राजस्थान ही नहीं, बल्कि यूपी, हरियाणा, पंजाब, एमपी, गुजरात सहित विभिन्न पड़ोसी राज्यों के पशुपालक व व्यापारी ऊंट, घोड़े-घोड़ियां, गाय-बैल आदि की खरीद-फरोख्त करते हैं।

### मंदिर में सुंदर नक्काशीदार चांदी का कछुआ

**मंदिर** में एक सुंदर नक्काशीदार चांदी का कछुआ है, जो विभिन्न आगंतुकों द्वारा दान किए गए चांदी के सिक्क ों के साथ संगमरमर के फर्श पर स्थापित किया गया है। मंदिर के गर्भगृह में उनकी दुल्हन, गायत्री के साथ ब्रह्मा जी की चार मुखी मूर्ति है। पुष्कर में कई मंदिर हैं जो अन्य देवताओं को समर्पित हैं। वराह मंदिर एक जंगली सूअर (वराह) के अवतार में विष्णु को समर्पित है। आप्टेश्वर मंदिर एक भूमिगत शिव मंदिर है जिसमें एक लिंगम है। अंत में, ब्रह्मा की पत्नी सावित्री को समर्पित सावित्री मंदिर, ब्रह्मा मंदिर के पीछे एक पहाड़ी पर स्थित है, और झील के सुंदर दृश्य प्रस्तुत करता है।

### पुष्कर झील के किनारे स्थित

**यह** मंदिर पुष्कर लेक के किनारे स्थित है और ब्रह्म देव के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। यह मंदिर हर साल पर्यटकों और श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। कहा जाता है कि पुष्कर की खूबसूरती देखते हुए ब्रह्म देव ने स्वयं ही इस मंदिर को चुना था।

### 52 घाटों से सजी है पवित्र झील

52 घाटों से सजी पवित्र झील और ब्रह्मा जी के मंदिर के लिए पुष्कर पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। सैकड़ों मंदिरों की घंटियां शाम के समय यहां एक साथ बजती हैं तो शहर का पवित्र वातावरण गुंजायमान हो उठता है। धार्मिक नगरी के नाम से पहचान रखने वाला पुष्कर गुलाब के फूलों, गुलाब के इत्र की महक के साथ गुलकंद का स्वाद भी पूरे विश्व के लोगों तक पहुंचाता है। यहां से सबसे ज्यादा गुलाब के फूल अरब देशों में भेजे जाते हैं।

- **वराह मंदिर:** 12वीं शताब्दी के राजा अन्नाजी चौहान ने भगवान विष्णु के तीसरे अवतार वराह को समर्पित कर यह मंदिर बनवाया था। एक पौराणिक कथा के अनुसार एक राक्षस (हिरण्याक्ष) धरती को जल की गहराई में ले गया था। जहां से वराह ने उसे बचाया था।
- **सावित्री मंदिर:** ब्रह्मा मंदिर के पीछे ऊंची पहाड़ी पर सावित्री मंदिर बना है। मां सावित्री ब्रह्मा जी की पहली प ी थीं। मंदिर से नीचे की ओर झील मंदिर और रेत के टीलों का शानदार नजारा दिखाई देता है।
- **पाप मोचिनी मंदिर:** देवी एकादशी को समर्पित इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि यहां आने वाले लोग अपने पापों से मुक्त हो जाते हैं। पुष्कर के उत्तरी भाग में स्थित ये मंदिर पुष्कर के मुकुट में मोती के समान है।
- **रंग जी मंदिर:** भगवान विष्णु का अवतार रंग जी को माना जाता है। मूल रूप से दक्षिण भारतीय शैली का यह मंदिर राजपूत, मुगल शैली का भी मिश्रण है। हजारों तीर्थ यात्री व पर्यटकों के लिए यह मंदिर आस्था और आकर्षण का केंद्र है।
- **अटभटेश्वर महादेव मंदिर:** इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में किया गया था। यहा एक भूमिगत तहखाना भी है। जटिल हेमाडपंथी वास्तुकला शैली की नक्क ाशी इस मंदिर को भव्य बनाती है। शिवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं।
- **मान महल:** आमेर (जयपुर) के महाराजा मानसिंह प्रथम ने इस महल को बनवाया था। यह महल पुष्कर झील के पूर्वी भाग पर स्थित है। इसके किनारे सरोवर झील और चारों तरफ मंदिरों का मनोहारी दृश्य दिखाई देता है। वर्तमान में इस महल में सरोवर नाम से एक होटल संचालित किया जा रहा है।

# श्रीराधा अष्टमी

## का व्रत करने से मिलता है एक हजार जन्माष्टमी के व्रत का फल

**काशी विश्वनाथ के दरबार पुरानी मंडी में महंत राजेश्वरानंद सरस्वती द्वारा चातुर्मास व्रत नियम का पालन किया जा रहा है। उसी के उपलक्ष्य में वृंदावन की तर्ज पर छोटी काशी मंडी में श्रीराधाष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। बुधवार को श्रीराधाष्टमी के दिन अद्भुत और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को प्रातः पांच बजे मंगला आरती श्रृंगार आरती व दर्शन 9 बजे और प्राकट्य उत्सव एवं महाभिषेक 12 बजे आयोजित होगा। महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि एक हजार एकादशी व्रत करने से जो पुण्य फल की प्राप्ति होती है वह एक जन्माष्टमी के व्रत करने से हो जाती है और एक हजार जन्माष्टमी के व्रत करने से जो पुण्य फल की प्राप्ति होती है वह एक श्रीराधाष्टमी का व्रत करने से हो जाती है, इसलिए मनुष्य को अपने जीवनकाल श्रीराधा अष्टमी का व्रत अवश्य करना चाहिए।**





### क्या फल मिलता है व्रत करने से

**महंत** राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि श्रीराधा अष्टमी का व्रत उत्सव, पूजन करने से परिवार में ऐश्वर्य, सुख समृद्धि, सौभाग्य, आयु एवं श्री राधा रानी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। श्रीराधा की कृपा होने से माधव की कृपा सहज ही प्राप्त हो जाती है। मोक्ष प्राप्ति और भक्ति के लिए श्रीराधाष्टमी का व्रत करना चाहिए।

### अष्टमी को प्रकट हुई थी श्रीराधा

**महोत्सव** के दौरान श्रीराधाष्टमी को 56 भोग झांकी दर्शन, औषधियों और फलों द्वारा सामूहिक अभिषेक, विशेष हरिनाम संकीर्तन, ब्रज नृत्य, राधा माधव झांकी दर्शन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि श्रीराधाष्टमी पर्व के रूप में मनाई जाती है। शास्त्रों के अनुसार, इस तिथि को श्रीराधा प्रकट हुई थी। पद्म पुराण में कहा है कि श्रीराधा राजा वृषभानु को यज्ञ भूमि से पुत्री रूप में प्राप्त हुई थी। वृंदावन, ब्रज और बरसाना क्षेत्र में श्रीराधाष्टमी बड़े त्योहार के रूप में मनाई जाती है।

**-अनिल शर्मा**
**नौबाही मंडी।**



# पदमा एकादशी

## के दिन करवट बदलते हैं भगवान विष्णु

**त्रेतायुग** में दैत्यराज बलि भगवान विष्णु का परम भक्त था। दैत्य बलि विविध प्रकार के वेद सूक्त ों से विष्णुजी का पूजन किया करता था। साथ ही प्रतिदिन उसके द्वारा ब्राह्मणों का पूजन तथा यज्ञ का आयोजन किया जाता था। हालांकि, बलि ने इंद्रदेव से द्वेष के कारण इंद्रलोक सहित सभी देवताओं को जीत लिया था। उससे त्रस्त होकर सभी देवता एक साथ भगवान के पास पहुंचे और स्तुति करने लगे। तत्पश्चात भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण किया। वामन रूपधारी ब्रह्मचारी भगवान राजा बलि से तीन पग भूमि की याचना की। राजा बलि ने वामन रूपधारी की इस याचना को बहुत तुच्छ समझा और तीन पग भूमि देने का संकल्प किया। इसके बाद भगवान वामन ने एक पग में पृथ्वी, दूसरे में पग में स्वर्ग आदि सब लोग नाप लिए। इस पर सब देवताओं, ऋषियों आदि ने भगवान विष्णु की स्तुति की। इसके पश्चात भगवान श्रीविष्णु ने राजा बलि से कहा कि अब तीसरा पैर हम कहां रखूं, तो राजा बलि ने तीसा पैर राजा बलि के सिर पर रखा जिससे वह पाताल लोक में पहुंच गया। वामन रूपधारी भगवान विष्णु ने बलि की नम्रता को देखकर कहा कि, 'हे बलि! मैं हमेशा ही तुम्हारे निकट रहूंगा। वर मांगों तो बलि ने भगवान को ही मांग लिया। भाद्रपद शुक्ल एकादशी के दिन बलि के आश्रम पर विष्णु भगवान की मूर्ति स्थापित हुई। इसी एकादशी पर भगवान विष्णु शयन करते हुए क्षीरसागर में शेषनाग पर करवट बदलते हैं, इसलिए तीनों लोकों के स्वामी भगवान विष्णु का पदमा एकादशी के दिन पूजन शुभ होता है।

# लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए करें श्री महालक्ष्मी व्रत

**धन-संपदा व समृद्धि की प्राप्ति के लिए श्री लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। महालक्ष्मी व्रत का प्रारंभ भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन से किया जाता है, जो 16 दिन तक लगातार चलता है। लक्ष्मी जी को धन संपत्ति की अधिष्ठात्री देवी के रूप में पूजा जाता है। लक्ष्मी जी जिस पर भी अपनी कृपा दृष्टि डालती हैं वह दरिद्र, दुर्बल, कृपण, के रूपों से मुक्त हो जाता है, समस्त देवी शक्ति यों के मूल में लक्ष्मी ही हैं जो सर्वोत्कृष्ट पराशक्ति हैं।**



**श्री लक्ष्मी उपासना विधि:** श्री लक्ष्मी के व्रत को आरंभ करने से पूर्व सर्वप्रथम प्रातःकाल में स्नान आदि कार्यों से निवृत्त होकर, व्रत का संकल्प लिया जाता है। व्रत का संकल्प लेते समय मंत्र का उच्चारण किया जाता है। पूजा के दौरान माता का विग्रह सजाकर उसमें माता की प्रतिमा की स्थापना की जाती है। श्री लक्ष्मी को पंचामृत से स्नान कराया जाता है तत्पश्चात उनका विभिन्न प्रकार से पूजन किया जाता है। पूजन सामग्री में चंदन, ताल, पत्र, पुष्प माला, अक्षत, दूर्वा, लाल सूत, सुपारी, नारियल तथा नाना प्रकार के भोग रखे जाते हैं। इसके बाद व्रत करने वाले उपवासक को ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है और दान- दक्षिणा दी जाती है व इस प्रकार यह व्रत पूरा होता है। जो इस व्रत को करता है, उसे अष्ट लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इस व्रत को लगातार करने से विशेष शुभ फल प्राप्त होते हैं। इस व्रत में अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए। केवल फल, दूध, मिठाई का सेवन किया जा सकता है। समस्त धन संपदा की अधिष्ठात्री देवी कोमलता की प्रतीक हैं, लक्ष्मी परमात्मा की एक शक्ति हैं वह सत, रज और तम रूपा तीन शक्ति यों में से एक हैं। महालक्ष्मी प्रवर्तक शक्ति हैं जीवों में लोभ, आकर्षण, आसक्ति उत्पन्न करती हैं धन, संपत्ति लक्ष्मी का भौतिक रूप है। लक्ष्मी जी का नित्य पूजन, आरती कष्टों से मुक्ति प्रदान करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### करमाली पंचायत में लोगों के हृदय की जांच



अनंत ज्ञान, बंगाणा।ग्राम पंचायत करमाली नाहरी देवी सिंह में दिव्य ज्योति कुटलेहर संस्था के सौजन्य से श्री वैष्णो हार्ट सेंटर द्वारा हृदय रोग जांच शिविर लगाया गया। इसमें लगभग 100 लोगों ने अपनी हृदय संबंधी जांच करवाई। इसमें ऊना के पहले हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा और उनकी टीम शामिल थी। संस्था की तरफ से आई हुई टीम को ग्राम पंचायत करमाली की प्रधान दर्शना ठाकुर, पंचायत के उपप्रधान विजेंद्र सिंह और संस्था के सदस्य रमेश चंद द्वारा सम्मानित किया गया। दिव्य ज्योति कुटलेहर संस्था के प्रधान विजेंद्र सिंह, सचिव सचिन ठाकुर, संस्था के वरिष्ठ सदस्य रमेश चंद, बांटी राणावत और अन्य नवयुवकों द्वारा इस कैंप का संचालन किया गया।

### ज्वाल में पोषण माह के तहत लगाया शिविर



**विवेक शर्मा, अंब।** बाल विकास परियोजना अंब वृत्त चिंतपूर्णी के तहत सुपरवाइजर पूनम कुमारी की अध्यक्षता में ज्वाल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पोषण माह के पांच सूत्र सुनहरे 1000 दिन, पौष्टिक आहार, एनीमिया प्रबंधन, डायरिया रोकथाम, स्वच्छता और विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी विजय कुमार, सांख्यिकीय सहायक संदीप चौहान, सुपरवाइजर कमल जीत, पोषण अभियान जिला को-आर्डिनेटर मंजूर खान, ब्लॉक को-आर्डिनेटर मातुल कुमार, डॉ कोमल, प्रधान जोगिंद्र सिंह, नरिंद्र कनवर एड्स कंट्रोल सोसायटी, महिला मंडल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व हेल्पर सहित स्थानीय महिलाएं उपस्थित थीं।

### एनएसएस की टीम पिरथीपुर में करेगी श्रमदान



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। समाजसेवी ब्रजेश डोगरा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल स्टाफ ने उन्हें सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को एनएसएस के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर युवाओं को आपसी भाईचारा व मिल जुलकर काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस से पहले प्रवक्ता हरविंदर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी को हमेशा अनुशासन में रहना चाहिए। अच्छे विद्यार्थी के गुणों में अनुशासन सब से महत्वपूर्ण तत्व है। अनुशासन का पालन करके ही एक अच्छा विद्यार्थी बना जा सकता है। उन्होंने बच्चों को स्कूल में फोन का प्रयोग नही करने का आहवान किया। शिविर में 28 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य पूनम देवी, एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास, अजय कुमार, हरविंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार , अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, भारती शर्मा, हरमेश सिहं, प्रशांत ठाकुर, सुलोचना राणा, हरमेश, मनजीत कौर, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे।

# ऊना का रामपुर में बना बैली ब्रिज शुरू

**राजेश शर्मा, ऊना**



ऊना के समीप रामपुर में बना बैली ब्रिज, जो कि अब शुरू हो गया है।

बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए जिला मुख्यालय ऊना से सटे रामपुर पुल के पास बनाए बैली ब्रिज से यातायात व्यवस्था शुरू हो गई है। इस पुल का एक हिस्सा धंसने के बाद यातायात पिछले काफी दिनों से प्रभावित हो रहा था, ऐसे में लोक निर्माण विभाग की टीम ने दिन-रात मेहनत करके वैली ब्रिज बनाकर रामपुर पुल से आवागमन को बहाल कर दिया गया।

सोमवार को हल्के और मध्यम वाहनों के लिए यह रास्ता खोल दिया गया और इसमें 18 टन तक भार क्षमता के वाहनों की आवाजाही के लिए इजाजत दी गई। यह वैली ब्रिज रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है। इसकी निर्माण सामग्री बिलासपुर से मंगवाई गई थी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल इस पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद रखा गया है, जबकि 18 टन तक के वाहनों की आवाजाही इसमें हो सकेगी।

**18 टन क्षमता तक के वाहन जा सकेंगे**

बताना जरूरी है कि जिला मुख्यालय ऊना से करीब 4 किलोमीटर दूर संतोषगढ़ रोड पर रामपुर का यह पुराना पुल बीच में से धंस गया था। पुल का एक पिलर धंस जाने के कारण इस पुल से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया था।

लोक निर्माण विभाग में रिकॉर्ड समय में इसका निर्माण करके लोगों को राहत पहुंचाई है। हालांकि इस पुल से इंडियन ऑयल के डिपो से तेल लेकर टैंकर भी आवागमन करते हैं, लेकिन अभी तक बड़े टैंकरों के लिए इस मार्ग पर हरी झंडी नहीं मिल पाई है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो जल्द ही इस पुल की कैपेसिटी को बढ़ाकर सामान्य यातायात के लिए भी खोल दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# युवाओं को रोजगार का सुनहरा मौका

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डीआरडीए ऊना की परियोजना अधिकारी शैफाली शर्मा ने बताया कि सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, आरटीए झबोला, जिला बिलासपुर सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए जिले के विभिन्न विकास खंडों में पात्र युवाओं (पुरुष) के साक्षात्कार आयोजित करने जा रही है। उन्होंने इसके लिए संबंधित खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक सहयोग के लिए लिखा है।

वहीं, कंपनी के अधिकारी जय किशन ने अवगत कराया कि सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 120 पदों को भरने के लिए ऊना जिले में 11 सितंबर को विकास खंड कार्यालय परिसर अंब, 12 को विकास खंड कार्यालय परिसर गगरेट और 13 सितंबर को विकास खंड कार्यालय परिसर ऊना में पात्र युवाओं के साक्षात्कार लिए जाएंगे। साक्षात्कार प्रातः 10.30 बजे से आरंभ होंगे।

**ये है पात्रता**

उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास, कद 168 सेंटीमीटर या उससे अधिक तथा आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा प्रतिमाह 17500 से 19500 वेतनमान दिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को एक महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा उसके उपरांत हिमाचल और चंडीगढ़ में विभिन्न स्थलों पर सुरक्षा कार्य के लिए तैनाती दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथियों को अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 7876950042 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कबड्डी टीम का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत

**विनोद शर्मा, लठियानी**



खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता अंडर-19 सीनियर सेकेंडरी स्कूल टक्का में संपन्न हुई। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में थानाकलां स्कूल ने कबड्डी और कुश्ती में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया।

थानाकलां स्कूल के खिलाड़ियों ने बढ़िया प्रदर्शन कर बुधान स्कूल को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। कुश्ती में भी अपना विजय का परचम लहराया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर व सभी शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। थानाकलां स्कूल के खिलाड़ी कई वर्षों से लगातार कबड्डी व कुश्ती में जीत हासिल कर स्कूल का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं।

प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने खिलाड़ियों को इसी प्रकार का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर मे भी प्रथम स्थान हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बलविंदर कुमार, हंसराज, राकेश पॉल, प्रवेश राणा, दविंद्र कुमार, नंदलाल, पवन कुमार, संदेश रेखा, संयोगिता शर्मा, राधिका अनूप रजनीश इत्यादि सभी शिक्षक मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## झलेड़ा में शिविर आयोजित



हीना पठानिया, बड़ूही। समेकित बाल विकास परियोजना ऊना के तहत पंचायत झलेड़ा में पोषण माह के अंतर्गत पर्यवेक्षक वृत्त झलेड़ा कुलबीर कौर की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कुपोषण से लक्षित वर्गों को बचाने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी स्तर, पर्यवेक्षक वृत्त स्तर तथा परियोजना स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से लक्षित वर्गों को पोष्टिक आहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इस दौरान एक गर्भवती महिला की गोदभराई की गई, ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान गुलशन राय, पंचायत सचिव तृप्ता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य लाभार्थी उपस्थित रहे।

## कर्ज लेने के बाद भी नहीं मिल रही सैलरी और पेंशन : कंवर



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राज्य सरकार के पौने दो वर्षों में ही राज्य की जनता का मोह भंग हो गया है और आज हर परिवार का व्यक्ति भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान में खुद भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। राज्य भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवम पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बंगाणा होटल रजत में मीडिया से बात करते हुए कहा कि इतिहास में पहली बार हुआ है कि राज्य की किसी सरकार ने पौने दो वर्षों में पच्चीस हजार करोड़ कर्ज लिया है और आज हिमाचल की जनता पर एक लाख करोड़ का कर्ज पहुंच गया है।

कंवर ने कहा कि कर्मचारियों को पांच तारीख को सैलरी मिल रही है। पेंशन कर्मचारियों की पेंशन नहीं मिल रही। विकास के कार्य ठप पड़े हैं। फिर राज्य सरकार बताए कि पौने दो वर्षों में पच्चीस हजार करोड़ जो कर्ज लिया है वह कहां खर्च किया है। कंवर ने कहा कि केंद्र से राज्य सरकार को हर सहायता मिल रही है। फिर भी न जाने राज्य सरकार दबलिया पन क्यों घोषित कर रही है।

# लूट के आरोपी 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

रविवार को हरोली पुलिस थाना की टीम ने लूट के तीन आरोपियों को घटना के चार घंटे बाद पकड़ लिया था। आज तीन आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके चार दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। आरोपियों से कड़ी पूछताछ अमल में लाई जा रही है ।

अभी तक की सूचना के मुताबिक आरोपियों ने उक्त वारदात को आपसी रंजिश के कारण अंजाम दिया था। मुख्य आरोपी मनीष का शिकायतकर्ता के साथ पहले से ही विवाद चल रहा था, जिसको लेकर आरोपी ने योजना बद तरीके से घटना को अंजाम दिया था।

पूछताछ में अभी और अन्य खुलासे हो सकते हैं। शिकायतकर्ता के द्वारा लिखा गए कई तथ्य झूठ पाए जा सकते हैं। शिकायतकर्ता से भी कड़ी पूछताछ की जा रही है और राज खुलने की पूरी संभावना है।

# एडवोकेट नरेंद्र के निधन पर शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, अंब**



जिला भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बलबीर सिंह और कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री रहे कुलदीप कुमार ने दिवंगत एडवोकेट नरेंन्द्र शर्मा के निधन पर परिजनों से शोक व्यक्त किया।

पूर्व में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र शर्मा के निधन पर बलबीर सिंह ने परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र शर्मा न सिर्फ क्षेत्र के प्रतिष्ठित अधिवक्ता थे, बल्कि वह भाजपा के वरिष्ठ नेता भी थे और समाज सेवा में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलदीप कुमार, गगरेट के एसडीएम सौमिल गौतम, आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक ओमप्रकाश, सह प्रात संघ चालक अशोक शर्मा, विभाग प्रचारक रोशन और जिला प्रचारक टीम ने नरेंद्र शर्मा के निधन पर परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की। वहीं, कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिमला व धर्मशाला से नरेंद्र शर्मा के घर पर आकर परिवार के सदस्यों से संवेदना व्यक्त की।

# गगरेट पुलिस ने बिहार के छपरा से धर-दबोचा फरार हत्यारोपी

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के मवा कहोलां गांव में साढू की हत्या कर फरार हुए बिहार के मजदूर को गगरेट पुलिस ने बिहार के छपरा से ढूंढ निकाला है। बताया जा रहा है कि आरोपी वहां से नेपाल भागने की फिराक में था, लेकिन वह अपने मंसूबे में कामयाब हो पाता, इससे पहले ही पुलिस के हाथ उसके गिरेबान तक पहुंच गए।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

यहां से गई पुलिस टीम अब आरोपी को छपरा के न्यायालय में पेशकर उसे अपने साथ लेकर आ रही है। मवा कहोलां में मजदूर बस्ती में झुग्गी बनाकर रहे बिहार के छठु महतो यहां अपने परिवार के साथ रह रहा था। उसके कुछ रिश्तेदार भी यहां रहते हैं और यहां मजदूरी कर परिवार पालते हैं। अठाइस अगस्त को छठु महतो दोपहर को घर पहुंचा और पत्नी के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। पति-पत्नी के बीच हो रहे झगड़े को शांत करवाने के लिए उसका साढ़ू आया तो उसके सिर पर एक वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद छठु महतो घटनास्थल से भाग गया और सीधा बिहार पहुंच गया।

डीएसपी डा. वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हत्यारोपी छपरा से पकड़ा गया है और पुलिस टीम उसे अपने साथ ला रही है।

# डीसी ने किया एमसीएच सेंटर ऊना का दौरा

**अनंत ज्ञान, ऊना**



एमसीएच सेंटर ऊना का दौरा करते उपायुक्त जतिन लाल।

उपायुक्त जतिन लाल ने मातृ शिशु देखभाल अस्पताल (एमसीएच सेंटर) का दौरा कर अस्पताल भवन में चल रहे सेवा उन्नयन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को एमसीएच सेंटर में लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने केंद्रीकृत एयर कंडीशनर, अग्निशमन उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, ऑपरेशन कक्ष से सीवरेज पाइप का कार्य और डाउन सीलिंग कार्यों को तीव्रता के साथ पूरा करने को कहा ताकि मरीजों को जल्द लाभ मिलना सुनिश्चित हो। उन्होंने सीएमओ ऊना को हर दूसरे दिन कार्य प्रगति की रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने एमसीएच सेंटर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा भी लिया तथा अस्पताल प्रबंधन को देखभाल सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सेवा उन्नयन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की**

जतिन लाल ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मदर चाइल्ड केयर अस्पताल में माताओं और बच्चों के लिए 100 बिस्तरों की सुविधा से लोग बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे। उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल प्रबंधन को यह सुनिश्चित बनाने को कहा कि अस्पताल में मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्हें पर्ची बनाने से लेकर उपचार तथा परीक्षण की सुविधा में सुगमता रहे।

इस मौके पर सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा, एमएस डॉ. संजय मनकोटिया, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, अंब**

उपमंडल अंब के तहत कटौहड़ खुर्द में शेड बनाते समय मामूली चूक से युवक को जान से हाथ धोने पड़ा। कटौहड़ कलां में एक युवक अपने भाई के साथ शेड निर्माण का काम कर रहा था।

इस दौरान शेड के पास से जा रही हाई वोल्टेज बिजली की तार के करंट लगने से 29 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया। मृतक की पहचान परमजीत सिंह उर्फ मोनू (29) पुत्र तरसेम सिंह निवासी वार्ड नंबर कटौहड़ कलां के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

अंब थाना पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एसडीपीओ अंब डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले की पूरी जांच की जा रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ढियुंगली
विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

**सर्वसाधरण** को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढियुंगली द्वारा शीर्ष के अंतर्गत विकास कार्यों हेतु वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/स्पलायरों/फर्मों/व्यक्तियों से निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सील बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके लिए इच्छुक ठेकेदार/सप्लायर/व्यक्ति दिनांक 22/09/2024 को सायं पांच बजे तक पूर्ण रूप से भरी अपनी निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत ढियुंगली में जमा करवा सकता है। निविदाएं दिनांक 23/09/2024 को समय सुबह 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में निविदा खोलने हेतु बनाई गई समिति के समक्ष खोली जाएंगी। अतः स्थान व समय पर उपस्थित होना भी सुनिश्चित करें। निविदाएं निम्न नियमों एवं शर्तों के आधार पर ही मान्य होंगी।
1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में देनी अनिवार्य हैं। अधूरी, खुली, अवधि उपरांत प्राप्त निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 2. जीएसटी/सीजीएसटी दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होंगी। 3. पंजीकृत ठेकेदार/सप्लायर अपना पंजीकृत नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ आरसी नंबर, जीएसटी नंबर, सीजीएसटी नंबर की छायाप्रति लगाना आवश्यक है। 4. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता उत्तम होनी चाहिए। पेवर ब्लॉक्स का आईएसआई मार्क होना अनिवार्य है। 5. कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी। 6. सप्लायर द्वारा समय पर सामग्री नहीं दी जाती है या सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है तो कार्यालय द्वारा उस निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। 7. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेंगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सड़क है वहां तक (ट्रैक्टर, जीप व टिप्पर से) पहुंचानी होगी। सामग्री की अदायगी मटीरियल देने के उपरांत ही की जाएगी। 8. जिस विक्रेता (वेंडर) की निविदा स्वीकार होगी उसे 20000/-रु. की राशि बतौर अमानत पंचायत में जमा करवाने होगी। 9. सामग्री बिल के साथ एम/डब्ल्यू/एक्स फार्म लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा सरकारी दरों पर रायल्टी काट ली जाएगी।

**निविदा प्रारूपः-**

| क्र. | सामग्री का ब्यौरा | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | बजरी क्रैशर 10/20/40एमएम रेता धुला हुआ, डस्ट, पत्थर सोलिंग | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 2. | इंटरलॉक टाइल/पेवर ब्लॉक 40/60/80 एमएम | प्रति पीस |
| 3. | पक्की ईंट फर्स्ट/सेकेंड क्लास | प्रति पीस |
| 4. | पीवीसी पाईप्स आईएसआई मार्का (2 से 6 ईंच मोटाई की साइज व प्रेशर दर्शाते हुए रेट प्रस्तुत करें) | प्रति फुट |
| 5. | सरिया (आईएसआई मार्का) | प्रति किलोग्राम |
| 6. | आरसीसी पाइप्स (साइज दर्शाते हुए रेट प्रस्तुत करें) | प्रति फुट |
| 7. | हार्डवेयर सामग्री (आइटम वाइज रेट प्रस्तुत करें) | |
| 8. | इलेक्ट्रिक फिटिंग (अलोंग वि क्वालिटी मटीरियल) | प्रति प्वाइंट |
| 9. | सेनिटरी फिटिंग (अलोंग वि क्वालिटी मटीरियल) | प्रति प्वाइंट |
| 10. | स्टील कार्य (रेलिंग, रुफिंग आदि) | प्रति वर्ग फुट |
| 11. | एल्युमिनियम फिटिंग ग्लेजिंग के साथ | प्रति वर्ग फुट |
| 12. | खेल व फिटनेस उपकरण | |
| 13. | दरवाजे, खिड़की लकड़ी/जापानी शीट | प्रति फुट |
| 14. | सटरिंग स्टील व लकड़ी (भवन, डंगा, नाली, गली) | प्रति वर्ग फुट |
| 15. | पब्लिक सूचना बोर्ड (राइटिंग एंड वॉल पेंटिंग) | प्रति वर्ग फुट |
| 16. | जेसीबी खुदाई पक्की/कच्ची | प्रति घंटा |
| 17. | पानी टैंकर (स्टोरेज क्षमता दर्शाते हुए) | प्रति टैंक |
| 18. | मिक्सर मशीन तेल सहित | प्रतिदिन |
| 19. | सीमेंट किराया बंगाणा से कार्यस्थल तक लोडिंग/अनलोडिंग सहित | प्रति बैग |

प्रधान/सचिव, कार्यालय ग्राम पंचायत ढियुंगली
विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)


**सूडोकू 0052** ★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0051 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## आयोजन

### इन्नर व्हील क्लब ने बाहरी राज्य के बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

# प्रवासी बच्चों को प्रोत्साहित करना अच्छा कदम : पाठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



बाहरी राज्य के बच्चों के साथ इन्नर व्हील क्लब की सदस्य।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में इन्नर व्हील क्लब ऊना ने घालूवाल स्थित गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण केंद्र (एनआरएसटी) में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर शिक्षा सुधार समिति ऊना के अध्यक्ष चित विलास पाठक मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए,जबकि जिला परिषद सदस्य ओंकार नाथ कसाणा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में इन्नर व्हील क्लब ने सेंटर में शिक्षा प्राप्त कर रहे प्रवासी मजदूरों के 70 के करीब बच्चों को पाठय सामग्री के रूप में कॉपी व पैन भेंट किए।

वहीं, बद्दी के एक डेंटल कॉलेज में बीडीएस थर्ड ईयर की पितृ विहिन मेधावी छात्रा श्वेता को स्कॉलरशिप के रूप में 41 हजार रुपए की राशि कॉलेज फीस के लिए प्रदान की। मुख्यातिथि चित विलास पाठक ने इन्नर व्हील क्लब ऊना द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रवासी बच्चों को पाठ्य सामग्री भेंट कर उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना बेहतर कदम है। वहीं, उन्होंने डेंटल कॉलेज की मेधावी छात्रा को छात्रवृत्ति प्रदान करने पर भी इन्नर व्हील क्लब को साधुवाद दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षा सुधार समिति जिला ऊना में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। समिति द्वारा जिले में 10 एनएआरएसटी सेंटर चलाए जा रहे हैं, जिसमें प्रवासी मजदूरों के बच्चों को शिक्षा प्रदान की जा रही है।

इसके अलावा 50 से अधिक शिक्षक विभिन्न स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं। जिला परिषद सदस्य ओंकार नाथ कसाणा ने इन्नर व्हील क्लब द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम को इन्नर व्हील क्लब की प्रधान रमा कंवर ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में क्लब ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब विभिन्न समाजसेवी गतिविधियों का आयोजन करता है।

शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, पर्यावरण जागरूकता, पौधरोपण व गरीब तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए क्लब कार्यरत है। क्लब की पूर्व प्रधान किरण भयाणा ने भी अपने विचार रखे।

**प्रवासी बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन**

कार्यक्रम में इन्नर व्हील क्लब की पूर्व सचिव मीरा मेहता व कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा का जन्मदिवस सेंटर में शिक्षा ग्रहण कर रहे प्रवासी बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर केक भी काटा गया तथा बच्चों को जूस, बिस्कुट व केक भी वितरित किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर क्लब की प्रधान रमा कंवर, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, पूर्व प्रधान किरण भयाणा, सुमन पुरी, मीरा मेहता, पूजा कपिला, प्रेस सचिव डॉ. जागृति दत्ता, मौनिका कौशल, शिक्षा सुधार समिति ईसुपर के अध्यक्ष चित विलास पाठक, सचिव जगत राम शर्मा, उपाध्यक्ष ओंकार नाथ कसाणा, सदस्य केजे भारद्वाज, मुकेश जसवाल, मोहित जसवाल, माधव दत्ता,केंद्र अध्यापिकाओं सहित 70 के करीब विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अनंत ज्ञान

### आज का पंचांग

10 सितंबर, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** भाद्रपद **तिथि** सप्तमीः (11:13): **नक्षत्र** अनुराधा(08:04), **पक्ष :** शुक्ल **योग:** विषकुंभ (00:29) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:52-12:42), **राहुकाल** (03:24-04:58)।

**विशेष दिन**

- 10 सितंबर : दुबली-दुबडी संतान सप्तमी आज।
- 10 सितंबर : देवनारायण जी का मेला आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** अपने बच्चे का प्रदर्शन आपको बहुत खुशी देगा। कोई बड़ी योजनाओं और विचारों के जरिए आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है।

**वृषभः** रक्तचाप के मरीजों को खास ख्याल रखने और दवा-दारू करने की जरूरत है। सिर्फ अक्लमंदी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा।

**मिथुनः** कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अपने मूल्यों को दरकिनार करने से बचें और हर फैसला तार्किक तरीके से लें।

**कर्कः** आपको काफी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। दोस्त आपके निजी जीवन में जरूरत से ज्यादा दखलअंदाजी करेंगे।

**सिंहः** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी तारीफ कर सकते हैं। आपकी मनोकामनाएं दुआओं के जरिए पूरी होंगी।

**कन्याः** मुमकिन है कि आपको दर्द या तनाव से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़े। अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा।

**तुलाः** कुछ दिलचस्प पढ़कर थोड़ी दिमागी कसरत करें। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चो को संभाल लेगा।

**वृश्चिक :** अपने आहार पर नियंत्रण रखें और व्यायाम करें। आप घूमने-फिरने और पैसे खर्च करने के मूड में होंगे।

**धनु :** विश्वास कीजिए कि खुद पर यकीन ही बहादुरी की असली परख है, क्योंकि इसी के बल पर आप लंबे वक्त से चली आ रही बीमारी से निजात पा सकते हैं।

**मकरः** अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, क्योंकि अच्छा-बुरा सब-कुछ इसी के माध्यम से आता है।

**कुंभः** आपको कामकाम के मोर्चे पर धक्का लग सकता है, क्योंकि आपकी सेहत आपके साथ नहीं है और इसके चलते आपको कोई जरूरी काम अधर में ही छोड़ना पड़ सकता है।

**मीनः** सेहत को लेकर ज्यादा देखभाल की जरूरत है। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा। शाम को साथियों का साथ मजेदार रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यावसायिक शिक्षक सीखेंगे पढ़ाने की बारीकियां



**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आईटीएस के व्यावसायिक शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय राज्य स्तरीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च शिक्षा उप-निदेशक सुशील शर्मा ने किया जो 4 अक्टूबर तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में राज्य व्यावसायिक शिक्षा समन्वयक देवेंद्र वर्मा और अमित शर्मा प्रशिक्षण देंगे। डाइट प्रधानाचार्य नरेश शर्मा ने मुख्यातिथि और सभी अध्यापकों के स्वागत में कहा कि प्रशिक्षण के लिए बेहतरीन विषय विशेषज्ञ लगाए गए हैं। यहां से सीख कर शिक्षा के क्षेत्र में अपना बेहतरीन योगदान दें। जिला व्यावसायिक शिक्षा समन्वयक डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि राज्य भर के 419 व्यावसायिक शिक्षक इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। इस वर्ग के सभी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण चार बैचों में पूर्ण होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा के प्रति बच्चों में रुचि उत्पन्न करना एवं उनको आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।

### बलद्वाड़ा स्कूल में स्वास्थ्य निरीक्षण कैंप आयोजित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय बल्द्वाड़ा में एकीकृत जागरूकता जांच अभियान के तहत आईसीटीसी एवं नागरिक अस्पताल बलद्वाड़ा के सहयोग से रेड रिबन क्लब राजकीय महाविद्यालय बल्द्वाड़ा द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य निरीक्षण कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कौंडल ने सभी विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। एकीकृत स्वास्थ्य जांच अभियान के परामर्शदाता सोनू नागरिक अस्पताल सरकाघाट, प्रयोगशाला सहायक कमल शर्मा आदि इस मौके पर उपस्थित रहे।

### भांबला के मिलन लक्ष्मी नारायण सीरियल में बने देव वैद्य



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत भांबला के मिलन सिंह राणा इन दिनों कलर्स चैनल पर आने वाले टीवी सीरियल लक्ष्मी नारायण में देव वैद्य अश्विनी कुमार की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह सीरियल स्वास्तिक प्रोडक्शन के अंतर्गत बनाया जा रहा है जिसमें मुख्य भूमिका में शिवया एवं श्रीकांत हैं। सीरियल को आप कलर्स चैनल पर देख सकते हैं। मिलन सिंह राणा इससे पहले गुम है किसी के प्यार में, बादल पर पांव है, वंशज और अदृश्यम जैसे प्रोजेक्ट में काम कर चुके हैं।

### 15 से पहले हो पेंशनरों की समस्याओं का समाधान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल वैलफेयर एसोसिएशन की सदर इकाई की बैठक प्रधान रेवतीराम शर्मा की अध्यक्षता में पेंशन भवन में हुई। बैठक में विशेष रूप से जिला प्रधान हरीश शर्मा, जिला सचिव रोशन लाल कपूर, वरिष्ठ उप प्रधान, जेएस चंदेल, कोषाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, राज्य मुख्य सलाहकार डॉ केसी मल्होत्रा, मीडिया प्रभारी कुलदीप गुलेरिया उपस्थित रहे। जिला प्रधान हरीश शर्मा ने कहा कि 11 सितंबर को पेंशनर भवन में जिला स्तरीय बैठक होगी जिसमें शिमला में हुई बैठक में सरकार को पेंशनरों की वित्तीय मांगों को पूरा करने के लिए 15 सितंबर का समय दिया गया है।

### सीताराम वर्मा को मिली किसान यूनियन की कमान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल किसान यूनियन की कमान एक बार फिर से सीताराम वर्मा को मिली है। किसान यूनियन की राज्य स्तरीय बैठक में मंडी जिला से ताल्लुक रखने वाले सीताराम वर्मा को सर्वसम्मति से एक बार पुनः अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा दूसरे पदों पर कुछ समय तक सहमति नहीं बन पाई। वहीं रोशन लाल शर्मा (हमीरपुर) महासचिव तथा बिलासपुर के रोशन लाल को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी, किशोरी लाल चोपड़ा (सिरमौर) अमरचंद शर्मा( बिलासपुर) वंदना कुमारी (कुल्लू), गुरदास व धनीराम (लाहौल स्पीति),लाल सिंह (पधर) करमू राम (मंडी) दूनी चंद शर्मा, भगत राम तथा नारायण सिंह गुलेरिया सहित किसान यूनियन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



### स्थापना दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर : सुरेंद्र



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश सेवा भारती विवेकानंद आवासीय परिसर बाड़ी मंडी में दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का सेवा भारती हिमाचल प्रांत के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। सम्मेलन में प्रांतभर से शिव भारती के पदाधिकारी, सदस्यों और विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष को संबोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि सेवा भारती दीन हीन गरीबों की सेवा में लगी हुई है। सेवा भारती ने इस वर्ष पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जहां पौधरोपण किया। सेवा भारती के स्थापनाा दिवस पर रक्तदान शिवर और निशुल्क चिकित्सा शिविर का पूरी हिमाचल प्रदेश में विभिन्न इकाइयों के माध्यम से आयोजन किया जाएगा।

**लाइटिंग व्यवस्था ठप : जोगिंद्रनगर के मिनी सचिवालय की सड़क पर पसरा अंधेरा**

# अंधेरे में बढ़ रही चोरी की घटनाएं



**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर मिनी सचिवालय परिसर, लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह और विभाग की आवासीय कॉलोनी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पिछले करीब एक माह से अंधेरे में है। क्षेत्र में लाइटिंग व्यवस्था ठप हो जाने के बाद से स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या के बावजूद, नगर परिषद और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। (अनंत ज्ञान)

#### असामाजिक गतिविधियों में बढ़ोतरी

पिछले कुछ समय से जोगिंद्रनगर में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। खासकर वाहनों से सामान चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे यहां खड़ी गाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मिनी सचिवालय में सरकारी और निजी वाहनों की पार्किंग होती है, जहां रात में गाड़ियों का खड़ा रहना अब जोखिम भरा हो गया है और लोग फिर से दहशत में जी रहे है।

#### ग्रामीणों की सुरक्षा पर खतरा

**इस** सड़क का उपयोग आवासीय कॉलोनी के निवासियों के अलावा नगर परिषद के आसपास के गांवों जैसे दुल, बनाड़, और जिमजिमा के ग्रामीण भी करते हैं। रात के समय इस सड़क पर अंधेरा होने के कारण ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द लाइटिंग की व्यवस्था बहाल की जाए, ताकि दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों से बचा जा सके। इसके साथ ही लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

#### नगर परिषद का आश्वासन

**नगर** परिषद की अध्यक्ष ममता कपूर ने कहा है कि यह मामला उनके संज्ञान में आ गया है और जल्दी ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। स्थानीय नागरिक उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा, जिससे उनकी रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान हो सके और उनको किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### शिक्षा मंत्री बांजु मेले में बतौर मुख्यातिथि होंगे शामिल

**मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरी बंगलो (करसोग) के समीप मेला ग्राउंड में आयोजित बांजु मेला के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि 10 सितंबर को सेरी बंग्लो आ रहे हैं। शिक्षा मंत्री 10 सितंबर को शिमला से चलेंगे और दोपहर दो बजे सेरी बंगलो पहुंचेंगे। इसके पश्चात मेला स्थल पहुंच कर मेला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

इस मौके पर शिक्षा मंत्री लोगों की समस्याओं को भी सुनेंगे। शिक्षा मंत्री का रात्रि ठहराव लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह सुंदरनगर में होगा। शिक्षा मंत्री 11 सितंबर को सुबह हमीरपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

### तमिलनाडु की कंपनी 13 को आईटीआई में लेगी इंटरव्यू

**मंडी।** तमिलनाडु की स्मार्ट फोन मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी 13 सितंबर को मंडी आईटीआई मंडी में इंटरव्यू करेगी। इस दौरान किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास अभ्यार्थी, 12वीं पास, डिप्लोमा पास युवतियां भाग ले सकते हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर रविंद्र सिंह बन्याल ने बताया कि 13 सितंबर को इंटरव्यू होगा। यह जॉब परमानेंट एंप्लॉयमेंट ऑन कंपनी रोल होगी। इसके लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 30 वर्ष होनी चाहिए। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर राजेंद्र कटोच ने बताया कि कंपनी सिलेक्ट होने वाले महिला अभ्यर्थियों को 16494 रुपए प्रतिमाह देगी। कंपनी सस्ते दामों में खाना, यूनिफार्म और कंपनी के नियमानुसार अन्य लाभ भी दिए जाएंगे।

## पंचायतों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए चलाएं सघन अभियान : डीसी



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मंडी जिला के तहत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों व ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त बनाने तथा अन्य मदों पर चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारियां होने के साथ ही व्यक्ति नशे का आदी बन जाता है। ऐसा व्यक्ति स्वयं के साथ ही अपने आस-पास के लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि चेन स्मोकिंग के कारण होने वाली स्वास्थ्य हानियों के प्रति लोगों को बड़े स्तर पर जागरूक करने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

अपूर्व देवगन ने कहा कि तंबाकू मुक्त पंचायत योजना के अंतर्गत पंचायत क्षेत्र में तंबाकू के उपयोग एवं इसकी बिक्री इत्यादि पर रोक लगाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। तंबाकू मुक्त पंचायतों को प्रोत्साहन राशि के रूप में पांच लाख रुपए तक प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज सहित सभी संबंधित विभागों को इस दिशा में प्रभावी कार्य योजना तैयार कर पंचायतों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए।

प्रदेश सरकार द्वारा तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस तथा सिंगल सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध के लिए भी कानूनी प्रावधान किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध किया गया है और धूम्रपान रहित क्षेत्रों में सिगरेट-बीड़ी इत्यादि पीने पर 200 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 गज दायरे में तथा 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तम्बाकू पदार्थ बेचना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

## गोशाला में पकड़ा 12 फुट लंबा विशालकाय अजगर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



वन विभाग हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत जिला मंडी के सुकेत वन मंडल में एक विशालकाय इंडियन रॉक पाइथन (अजगर) को विभागीय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया है। विभागीय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने 2 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सफलतापूर्वक पकड़ा है। इस विशालकाय अजगर की लंबाई करीब 11 से 12 फुट है।

जानकारी के अनुसार डैहर उप तहसील की ग्राम पंचायत बरोटी के गांव बरोटी में एक अजगर किसी गोशाला में घुस गया। मालिक को जैसे ही गोशाला के अजगर को देखा तो वन विभाग की टीम को इसकी सूचना दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ मिलकर विशालकाय अजगर को रेस्क्यू किया।

### कर्मचारियों और पेंशनरों को परेशान कर रही सरकार : रणवीर



**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश में वित्तीय हालात गंभीर बने हुए हैं और प्रदेश की सुक्खू सरकार अपने आर्थिक कुप्रबंधन से राज्य को देश के सबसे बीमारू राज्य का तमगा दिलाने पर तुली हुई है। यह आरोप भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणबीर सिंह ने हिमाचल सरकार पर लगाए और कहा कि मात्र 20 महीनों में ही कांग्रेस सरकार प्रदेश को दशकों पीछे ले गई है।

कर्मचारियों, पेंशनरों और प्रदेश की महिलाओं को सरकार परेशान कर रही है।

## कायाकल्प में जिले के 69 स्वास्थ्य संस्थानों को पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, मंडी**

कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक आज यहां उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें जिला में स्थित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सरकार के स्तर पर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इन निर्णयों का लाभ लोगों को समय पर व समग्र रूप में प्राप्त हो, इसके लिए हम सभी को समन्वित रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में जिला के स्वास्थ्य संस्थानों का अच्छा प्रदर्शन रहा है। वर्ष 2016-17 में कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत जिला में 6 स्वास्थ्य संस्थानों को पुरस्कार प्राप्त हुए जबकि वर्ष 2023-24 में इनकी संख्या बढ़कर 69 हो गई है।

इस वर्ष यह आंकड़ा 100 से अधिक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। कायाकल्प में मंडी जिला पुरस्कृत संस्थानों की दृष्टि से प्रदेशभर में पहले स्थान पर है। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन समिति (एनक्यूएएस) के तहत नागरिक अस्पताल सुंदरनगर को राज्य प्रमाणन प्राप्त है और राष्ट्रीय प्रमाणन के लिए आवेदन किया गया है। जिला में स्वास्थ्य उपकेंद्र श्रेणी में दो स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय प्रमाणन तथा नौ केंद्र राज्य प्रमाणन प्राप्त हैं।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को परिसर के भीतर एक्स-रे सुविधा के तहत लाइसेंस प्राप्त हुए हैं और इस वित्त वर्ष में तीन और स्वास्थ्य केंद्रों को इसके तहत लाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला में 9 स्वास्थ्य संस्थानों को गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत अनिवार्य लैबोरेटरी सुविधाओं से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में क्षेत्रीय अस्पताल मंडी तथा नागरिक अस्पताल सुंदरनगर व सरकाघाट में यह सुविधा शुरू की जा चुकी है। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए मेरा अस्पताल व्यवस्था शुरू की गई है।

### दूसरी संध्या में शालू धीमान के भजनों पर झूम उठा पंडाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए गणमान्य।

गणेश महोत्सव जोगिंद्रनगर की दूसरी भजन संध्या में प्रदेश के बेहतरीन कलाकारों ने कला का मनोरम दृश्य पेश करते हुए पंडाल में उपस्थित जनता को गणपति की भक्ति में लीन कर दिया।

दूसरी भजन संध्या में प्रदेश शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित कन्या विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार ने अपनी धर्मपत्नी सहित गणपति बप्पा के दरबार में शिष्य नवाया एवं बप्पा का आशीर्वाद लिया।

दूसरी भजन संध्या में गायक कलाकार शालू धीमान द्वारा अपनी मधुर आवाज का जल्वा बिखेरा गया।

## पहले ही सेट करें विद्यार्थी अपना गोल : कुणाल शर्मा

**अनंत ज्ञान, मंडी**



एयर विंग कमांडर सीओ, प्रधानाचार्य व कैडेट।

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में एयर विंग कमांडर सीओ कुल्लू ने शिरकत की। विदित रहे कि विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने अपनी स्कूली शिक्षा सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा से की और स्कूल कैडेट कैप्टन के रूप में उत्तीर्ण हुए।

उन्होंने 2000 में आरडीसी में भाग लिया और उन्हें एनसीसी डीटीई पीएचएचपी एंड सी का सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर कैडेट चुना गया। उन्होंने एनआईटी हमीरपुर से बैचलर ऑफ टेक में स्नातक किया और उन्हें पुरस्कार व उपाधियों से सम्मानित किया गया। वर्तमान में ये एनसीसी एयर विंग कुल्लू में सीओ पद पर हैं। इनके विद्यालय में पहुंचते ही प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने इनका स्वागत व सम्मान की किया। इनके साथ पूजा मील गर्ल्स कैडेट्स इंस्टक्टर भी मौजूद रहीं। सीओ एयर विंग कुल्लू कुणाल शर्मा ने कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि यह समय विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना गोल पहले ही सेट कर लेना चाहिए।

### कोर्फबाल फेडरेशन कप में हिमाचल बना उपविजेता

**अनंत ज्ञान, मंडी।** 21वें कोर्फबाल फेडरेशन कप के फाईनल मैच के कांटे मुकाबले में हरियाणा राज्य की टीम ने अतिरिक्त समय में बाजी मारकर विजेता बनी है। जबकि हिमाचल प्रदेश उप विजेता बना है। इससे हरियाणा राज्य के खिलाडियों ने पिछले चार फेडरेशन कप में विजेता व उप विजेता 2-2 बार बनने रिकार्ड बनाया है। बता दें कि हरियाणा के एमडी विश्वविद्यालय रोहतक के खेल परिसर में 21वें कोर्फबाल फेडरेशन कप का आयोजन हुआ। प्रदेश कोर्फबाल संघ के पदाधिकारियों व खिलाड़ियों ने खुशी जताई है।

## रोटरी क्लब ऑफ छोटी काशी ने किया शिक्षकों को सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सम्मानित शिक्षक व रोटरी क्लब आफ छोटी काशी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

रोटरी क्लब छोट कशी मंडी द्वारा सोमवार को मंडी जिला के सरकारी स्कूलों में बतौर शिक्षक अपनी सेवाएं दे रहें 13 शिक्षकों को उत्कृष्ट सेवाएं देने पर नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यकर्म में डाइट के प्रधानचार्य नरेश शर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। रोटरी क्लब की प्रधान अनुपमा सिंह ने कहा कि हमें इन महान शख्सियतों का सम्मान करने का अवसर प्रदान हुआ है जो अपने ज्ञान की अमृत गंगा को प्रवाहित करके बच्चों को सही मार्ग दिखाते हैं। उ कार्यक्रम में मंडी शहर के दो प्रमुख व्यक्तियों मनोहर लाल और अनिल शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

वहीं सम्मान पाने वाले शिक्षओं में पूनम शर्मा स्कूल घानिआरा, बनिता देवी स्कूल खोली, बिना ठाकुर जीएसएस जंजैहली, रजनी शर्मा जीपीएस झिकरि, दीपा कुमारी टीजीटी आर्ट्स शोधा धार, मिनाक्षी कपूर हाई सेकेंडरी स्कूल पंडोह, प्रीति मल्होत्रा गर्ल्स स्कूल मंडी, रुक्मणि देवी स्कूल गाढ़ागुसैनि, प्रभा देवी स्कूल गाढ़ागुसैनि, सरिता शर्मा डाइट मंडी, मंजीत सिंह जीपीएस थाना, सुनील कुमार जीसीपी एस भांबला।

### जोगिंद्रनगर महाविद्यालय में पीटीए चुनाव 14 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय में अभिभावक एवं अध्यापक संघ का वार्षिक सामान्य अधिवेशन 14 सितम्बर को दोपहर 3 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अधिवेशन में पीटीए के वार्षिक चुनाव संपन्न होंगे और सभी अभिभावकों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अभिभावकों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। प्राचार्य ने सभी प्राध्यापकों को कहा कि वे इस सूचना को विद्यार्थियों के व्हाट्सएप ग्रुपों में साझा करें।

## गोपालपुर की बेटी बनेगी डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



सरकाघाट के गोपालपुर पंचायत के नैन गांव की बेटी प्रियाल गुलेरिया डॉक्टर बनेगी। प्रियाल गुलेरिया का चयन हाल ही में हुई नीट की परीक्षा में मेरिट के आधार पर मेडिकल कॉलेज टांडा में हुआ है। प्रियाल की शिक्षा मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घुमारवीं में हुई है।

प्रियाल ने नीट की परीक्षा कुल 720 अंकों में से 667 अंक लेकर पास की है। प्रियाल गुलेरिया के पिता प्रमोद गुलेरिया आई सर्जन हैंजो निजी आंखों का अस्पताल चला रहे है। डॉक्टर प्रमोद गुलेरिया ने बताया कि प्रियाल गुलेरिया हमेशा अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पर रहती थी। प्रियाल गुलेरिया की माता रवींद्रनाथ टैगोर महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद पर तैनात हैं और दादा महालेखाकार शिमला से एक उच्च अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए हैं।

**सफलता** | **महिलाएं सड़क किनारे मौसमी सब्जियां बेचकर परिवार की आर्थिकी को कर रही सुदृढ़**

# कोविड ने दिखाई राह, अब दर्जनों महिलाओं की आर्थिकी का बना जरिया

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

ग्रामीण महिलाएं अब बच्चों व परिवार की देखरेख के साथ-साथ परिवार की आर्थिकी को भी सुदृढ़ बनाने का प्रयास कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो आज भी बड़े स्तर पर महिलाएं खेतीबाड़ी व पशुपालन के साथ जुड़ी हुई हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ आज यही ग्रामीण महिलाएं घर की दहलीज पार कर परिवार की आर्थिकी को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रहीं हैं।

हकीकत तो यह है कि ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक खेतीबाड़ी व पशुपालन को आज आर्थिकी का अहम जरिया बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। हमारी इन ग्रामीण महिलाओं की इस बदलती सोच का ही नतीजा है कि पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर जोगिंद्रनगर के गलू से लेकर गुम्मा नामक स्थान तक लगभग दो दर्जन से अधिक महिलाएं प्रतिदिन सड़क किनारे मौसमी फल व सब्जियां बेचते हुए नजर आ जाएंगी।

ये मेहनतकश महिलाएं खेतों में तैयार मौसमी फल व सब्जियों को पीठ पर उठाकर न केवल सड़क तक पहुंचाती हैं बल्कि इन्हें बेचने का भी कार्य कर रही हैं। इससे न केवल उन्हें परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए धनराशि प्राप्त हो जाती है बल्कि घर में प्राकृतिक तौर पर तैयार इन मौसमी फल व सब्जियों को एक मार्केट भी उपलब्ध हो रही है।



सड़क किनारे सब्जी बेचती महिलाएं।

इस संबंध में कुछ महिलाओं से बातचीत की तो इनका कहना है कि कोविड के दौरान जब परिवार की आय के साधन बंद हो गए थे, तो उन्होंने सडक़ किनारे बैठकर फल व सब्जियां बेचनी शुरू की। इससे न केवल उन्हें उस मुश्किल दौर में आय का एक नया जरिया मिला बल्कि घर में तैयार होने वाली मौसमी फल व सब्जियां बेचने को एक मार्केट भी उपलब्ध हुई। इनका कहना है कि इस कार्य से न केवल उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी धनराशि प्राप्त हो रही है बल्कि उन्हें समाज के बीच स्वयं को स्थापित करने का एक अवसर भी मिल रहा है। इसी बीच सब्जियां खरीदने के लिए रूके कुछ यात्रियों से बातचीत की तो इनका भी कहना है कि ग्रामीण महिलाओं द्वारा बेचे जा रहे ये उत्पाद जहां पूरी तरह से प्राकृतिक हैं तो वहीं कीमत बाजार भाव से भी कुछ कम है। जिसका सीधा असर उनकी सेहत के साथ-साथ आर्थिकी पर भी पड़ता है। साथ ही कहना है कि प्राकृतिक तौर पर तैयार सब्जियां बाजारों में आजकल मुश्किल से ही मिल पाती हैं, लेकिन आज वे यहां से टमाटर, भिंडी, तोरी, देसी ककड़ी, करेला, घीया, कद्दू, घंघीरी, प्याज, आलू, अदरक, लहसुन, मूली इत्यादि खरीद कर ले जा रहे हैं जो पूरी तरह से प्राकृतिक तौर पर उगाए गए हैं तथा इनकी पौष्टिकता भी अधिक है।

## मंत्री के बयान से शिमला में बढ़ा सांप्रदायिक तनाव : सीटू



बैठक के दौरान चर्चा करते सीटू से संबंधित अधिकारी व सदस्य

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मजदूर संगठन सीटू के राज्य पदाधिकारियों की बैठक राज्य प्रधान विजेंद्र मैहरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ने की।

बैठक में शिमला में मस्जिद के अवैध निर्माण के बहाने फैलाई जा रही नफरत के ऊपर चिंता व्यक्त की गई और इसके लिए वर्तमान कांग्रेस सरकार में ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री के बयान को जिम्मेदार ठहराया गया और उन्ही के बयान के बाद भाजपा आरएसएस व अन्य सांप्रदायिक ताकतों को माहौल खराब करने का मौका मिला है। मुख्यमंत्री और कांग्रेस हाईकमान से उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाई करनी चाहिए।

इस विवाद का कानूनी तरीके से समाधान करने और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए सभी संगठनों की मीटिंग करनी चाहिए ।

**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage Officer cum-sub Divisional Magistrate Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

1. Lakshya Kumar aged about 25 years (DOB 11-04-1998) s/o Puran Chand Vill. Dhelu Har P.O. Dhelu Tehsil Joginder Nagar Distt. Mandi H.P.
2. Rekha aged about 28 Years (DOB 10-07-1996) D/o Sh. Kharak Bahadur R/o House No. 1819, Sector 11, randhawa Road Anaj Mandi Kharar, Tehsil Kharar, Distt. SAS Nagan (Mohali), Punjab Applicants.

versus

General Public Respondents

Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section15 of special Marriage Act, 1954

In the above noted Sh. Lakshay Kumar and Rekha have filed an application on dated 13-08-2024 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of spcial marrige Act. 1954 that they have solemnized thier mariage on dated 12-07-2024 according to the custon & ritual of Hindu reigion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife. hence their marriage may be registered under spcial marriage Act, 1954 Therefore, the general public & parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 13.09.2024 The objection received after 13.09.2024 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 13.08.2024 under my hand and seal of this court.

**Maneesh Chaudhary H.A.S.**
**Marriage officer-cum**
**sub divisinal Magistrate**
**Joginder Nagar, District Mandi H.P.**






# जय भोले नाथ...















मणिमहेश यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु आ रहे हैं। भोले बाबा के दर्शन पाने के लिए उनका उत्साह गजब का है। लोग मीलों ट्रैफिक जाम से निकलकर कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद मणिमहेश की पवित्र झील तक पहुंच रहे हैं। प्रशासन और लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह लंगर लगाए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा कर्मी तैनात किए हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षण संस्थानों के समीप तंबाकू उत्पादों का उपयोग वर्जित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय तंबाकू नियंत्रण कानून-2003 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद बेचना, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना, तंबाकू उत्पादों का प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से विज्ञापन करना तथा शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों का सेवन करना तथा बिक्री करना कानून अपराध है। यह जानकारी उपायुक्त चंबा मुकेश ने जिला चंबा में तंबाकू से संबंधित मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस बैठक में मुकेश ने कहा कि युवा पीढ़ी की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिक्षण संस्थानों में आयोजित की जाने वाली नियमित गतिविधियों में तंबाकू व अन्य मादक पदार्थों के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभावों बारे युवा पीढ़ी को जागरूक किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि तंबाकू कंपनियों द्वारा तंबाकू उत्पादों से संबंधित किसी भी प्रकार के प्रत्यक्ष व परोक्ष विज्ञापन करने पर पाबंदी है तथा इस संबंध में प्रथम बार दोषी पाए जाने पर 1000 रूपए जुर्माना या 2 वर्ष की सजा अथवा दोनों तथा दूसरी बार दोषी पाए जाने पर 5000 रुपए जुर्माना या 5 वर्ष की सजा अथवा दोनों हो सकते हैं।

### 12 से चंबा प्रवास पर रहेंगे केवल सिंह पठानिया



**अनंत ज्ञान, चंबा ।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया 12 सितंबर से चंबा प्रवास पर रहेंगे । उप मुख्य सचेतक के जारी प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि केवल सिंह पठानिया 12 सितंबर को सांय खज्जियार पहुंचेंगे तथा उनका रात्रि ठहराव खज्जियार में रहेगा। वह 13 सितंबर को सुबह 10 बजे खज्जियार से छतराड़ी के लिए रवाना होंगे तथा लोक निर्माण विश्रामगृह में लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे । उनका रात्रि ठहराव भी छतराड़ी में रहेगा । केवल सिंह पठानिया 14 सितंबर को छतराड़ी में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे । वह 15 सितंबर को सुबह 10 बजे रैत (कांगड़ा) के लिए रवाना होंगे ।

### अंडर-14 की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, मंडी।** कन्या स्कूल मंडी में अंडर 14 छात्रा वर्ग जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सोमवार को शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह ने किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा कौल सिंह का भव्य स्वागत किया गया। कन्या स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे कौल सिंह ठाकुर को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने दीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कौल सिंह ठाकुर ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए मार्च पास्ट की भी सलामी ली। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को लगन के साथ खेलने की अपील की है। कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि खेलें हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और बच्चों को खेलो के प्रति अपनी रुचि बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में बेटियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है, यहां में अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए भी चयन किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को लग्न से खेलने का आग्रह किया है।

# संचूई के शिव गूरों की छड़ी मणिमहेश के लिए रवाना



संचूई के शिव गूरों की छड़ी पूरे विधि विधान के साथ मणिमहेश के लिए रवाना होती हुई।

**ओपी शर्मा, भरमौर**

संचूई के शिव गूरों की छड़ी पूरे विधि विधान के साथ मणिमहेश के लिए रवाना हो गई है। यह छड़ी अपने पै पैत्रक गांव संचूई से रवाना होकर चौरासी परिसर की परिक्रमा करने के बाद मणिमहेश के लिए रवाना हुई।

इस मौके पर उनके साथ भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने इन शिव भक्तों का आशीर्वाद लिया। जानकारी के अनुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष शिव के चेले अपने पारंपरिक परिधान में वर्षों पुरानी रस्भ को अदा करने के लिए रवाना हो गए हैं। सोमवार के दिन हड़सर में रुकने के बाद मंगलवार को सुबह ही यह छड़ी मणिमहेश डल झील के लिए रवाना होंगे। दोपहर बाद यह छड़ी मणिमहेश में पहुंच कर बरसों पुरानी डल तोड़ने की रस्म को अदा करेंगे। ये छडी सप्तमी के दिन इस रस्म को अदा करेंगे इसके बाद यहां पर शाही स्नान शुरू होगा जो बुधवार तक जारी रहेगा।

त्रिलोचन महादेव के वंशज शिव चेले हर वर्ष इस रस को अदा करते हैं। मान्यता के अनुसार इन शिव के चेले के डल तोड़ने की रस्म के बाद ही यहां पर शाही स्नान शुरू होता है।

कार्तिक स्वामी कुगति के जिलों की छड़ी भी सोमवार को हड़सर से मणिमहेश के लिए रवाना हो गई है। सोमवार को यह छड़ी धनछो में रुकने के बाद मंगलवार को सुबह ही मणिमहेश के लिए रवाना होगी।( अनंत ज्ञान)

## झंडे की ब्रिकी को लेकर भिड़े चाचा-भतीजा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शहर के हरदासपुरा मोहल्ले में मणिमहेश यात्रा के झंडे बेचने को लेकर मामूली कहासुनी में चाचा ने भतीजे के गले पर तेजधार वस्तु का वार कर घायल कर दिया। घायल भतीजे को मेडिकल कालेज चंबा में प्राथमिक उपचार के बाद टांडा रेफर कर दिया है।

इस मारपीट में घायल चाचा का मेडिकल कालेज चंबा में उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दुकानदारों ने बाहर धार्मिक झंडों की बिक्री को लेकर चाचा- भतीजे में बहस हो गई। देखते ही देखते यह बहस मारपीट में बदल गई। इसी दौरान गुस्साए चाचा ने भतीजे के गले पर तेजधार वस्तु से वार कर दिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों पक्षों को अलग करने के साथ ही उपचार के लिए मेडिकल कालेज चंबा भिजवाया। इसी बीच घटना की सूचना पाते ही सदर पुलिस थाना से टीम ने मेडिकल कालेज पहुंचकर दोनों पक्षों के ब्यान दर्ज करने की औपचारिकताएं निपटाई । पुलिस को दिए ब्यान में घायल की पत्नी ने आरोप लगाया है कि चाचा ने कैंची से गले पर वार किया है।

## महिलाओं में स्वच्छता जागरूकता के लिए मास्टर ट्रेनर किए जागरूक



मास्टर ट्रेनरों व अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए उपायुक्त।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज 'अपराजिता मैं चंबा की' कार्यक्रम के तहत किशोरियों एवं महिलाओं में स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की जागरूकता को लेकर मास्टर ट्रेनरों के लिए बचत भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा गैर सरकारी संगठनों के मास्टर ट्रेनरों ने हिस्सा लिया। मुकेश रेपसवाल ने मास्टर ट्रेनरों से संवाद करते हुए कहा कि किशोरियों एवं महिलाओं में माहवारी से संबंधित समाज में प्रचलित गलत भ्रांतियां को दूर करने के लिए जानकारी एवं जागरूकता गतिविधियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी एवं अवैज्ञानिक धारणाओं का वर्तमान परिपेक्ष में कोई भी स्थान नहीं होना चाहिए । उपायुक्त ने ज़िला में जानकारी एवं जागरूकता गतिविधियों को और अधिक बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को एक कार्य योजना तैयार करने को निर्देशित किया।

मुकेश रेपसवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाने वाले जागरूकता शिवरों में मास्टर ट्रेनरों द्वारा जानकारी के प्रचार-प्रसार को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा। उपायुक्त ने जागोरी संस्था के प्रतिनिधियों को स्थानीय स्तर पर सेनेटरी पैड बनाने को लेकर संभावनाएं तलाशने को कहा ।

## टैक्सी यूनियन बनीखेत ने मणिमहेश यात्रियों के लिए लगाया लंगर




लगाए गए लंगर का दृश्य।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी टैक्सी यूनियन बनीखेत की ओर से बस अड्डा में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। जहां आने जाने वाले मणिमहेश यात्रियों के लिए प्रसाद रूपी लंगर वितरित किया गया।

टैक्सी यूनियन के समस्त सदस्यों ने बताया कि वह बीते चार वर्षों से लगातार बनीखेत बस अड्डा में भव्य लंगर का आयोजन करवाते आ रहे हैं । इसी कड़ी में इस वर्ष भी पांचवें भव्य लंगर का आयोजन किया गया जहां पवित्र मणिमहेश यात्रा में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण करवाया। इस भव्य लंगर में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा सेवा में योगदान दिया। तो वहीं टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने यह भी बताया कि यह लंगर भविष्य में भी जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## खिरडी मेले में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

छिंज मेला कमेटी नगाली की ओर से रविवार को खिरडीधार में छिंज मेले का आयोजन करवाया गया। बता दें कि शनिवार को छिंज मेला कमेटी बगढार की ओर से खिरडीधार में छिंज मेले का आयोजन करवाया गया था।

वहीं रविवार को छिंज मेला कमेटी नगाली की ओर से बड़ी ही धूमधाम से पूजा-अर्चना उपरांत भव्य दंगल का भी आयोजन करवाया गया, जिसमें बतौर मुख्यअतिथि के रूप में संजय राय महाप्रबंधक एनएचपीसी प्रथम नहीं शिरकत की।

इस आयोजन में उन्होंने छिंज मेला कमेटी की ओर से खेल प्रतियोगिता में अंधा प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया तथा महादंगल में अपना दमखम दिखाते हुए अपनी प्रतिद्वंदी को हराकर बड़ी माली में



विजयी पहलवानों के साथ गणमान्य।

हरियाणा की पहलवानी पीटी कैथल विजेता रहे जिन्होंने 41 हजार नगद राशि पर इनाम के तौर में जीती तो वही उपविजेता पंजाब से मलेरकोटला के पहलवान को 31 हजार रुपए नगद धनराशि ईनाम के रूप में दी गई ।

वहीं छोटी माली में स्थानीय पहलवान अजय (गोली) ने पंजाब से पठानकोट के पहलवान सोनू को हराकर 18 हजार रुपए नगद इनाम रूपी धनराशि पर कब्जा किया तो वही सोनू को 13 हजार धनराशि से नवाजा गया। बता दें कि दंगल में आयोजित सभी मुकाबला बड़े ही रोचक रहे और आए हुए लोगों ने दंगल का भरपूर आनंद उठाया। छिंज मेला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने मेले के सफल आयोजन के लिए सभी लोगों का तहे दिल से धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

## अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर के गांव घटोर में एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस थाना भरमौर के मुताबिक रविवार को स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी की घटोर गांव के रीषा गोठ में एक अज्ञात शव दिखाई दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।

पुलिस थाना भरमौर के मुताबिक शव किसी साधु का लगता है जिसके शरीर पर सफेद धोती व बाल सफेद हैं और अज्ञात शव की उम्र 65 से 70 साल बताई गई है। पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज चंबा में रखवा दिया है। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो उक्त व्यक्ति को अगस्त महीने की चार तारीख को चढ़ते हुए देखाई दिया गया था। वहीं पुलिस अब शव की शिनाख्त के लिए कोशिश कर रही है।

# पार्वती प्रोजेक्ट की हेड रेस टनल में अंतिम खुदाई पूरी

## एशिया की सबसे लंबी वाटर टनल नए साल में देगी खुशियां, सीएम ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारत रत्न से नवाजी गई ऊर्जा सेक्टर की अग्रणी कंपनी एनएचपीसी ने पार्वती प्रोजेक्ट चरण-दो में एशिया की सबसे लंबी वाटर टनल की अंतिम खुदाई पूरी कर ली है।

हिमालय पर्वत श्रृंखला की बर्फीली पहाड़ियों में एनएचपीसी को फाइनल कामयाबी हासिल हुई है। कठोर पहाड़ों को भेदने वाली विदेशी मशीन टीबीएम ने 32 किलोमीटर लंबी टनल की खुदाई कर, जहां विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं, ऊर्जा विकास में भी एक नई युग की शुरुआत होने वाली है। एनएचपीसी के कार्यपालक निदेशक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक पार्वती प्रोजेक्ट चरण-दो में अब शीघ्र ही ऊर्जा उत्पादन की आस जगी है। टनल की अंतिम खुदाई पूरी हो चुकी है और अब सिर्फ लाइनिंग



का काम शेष बचा है। एनएचपीसी के कार्यपालक निदेशक एवं पार्वती परियोजना चरण-दो के प्रमुख निर्मल सिंह ने बताया कि हिमालय की इस पर्वत श्रृंखला में टनल का काम चुनौती पूर्ण था, लेकिन इंजीनियरों ने हार नहीं मानी। देश-विदेश के कामगारों एवं इंजीनियरों ने दिन-रात मेहनत की जिस कारण पार्वती परियोजना के शिखर पर पहुंचने में मात्र एक कदम शेष है। यहां उल्लेखनीय यह है कि पार्वती प्रोजेक्ट में विदेशी मशीन से एशिया की सबसे लंबी 32 किलोमीटर हाइड्रो टनल की खुदाई बीते दो दशकों से जारी है, ताकि टनल के जरिए मणिकरण से सियूंड स्थित पावर हाउस तक पानी पहुंचाया जा सके। परिणाम यह है कि एनएचपीसी ने अंतिम खुदाई पूरी कर ली है, जिससे प्रबंधन वर्ग में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। एशिया की सबसे लंबी टनल में खुदाई पूरी होने पर जहां केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने एनएचपीसी को बधाई दी है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी पार्वती के अधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। उधर, पार्वती प्रोजेक्ट में तैनात मजदूर यूनियन एटक के नेता ओम प्रकाश शर्मा ने इस सफलता के लिए एनएचपीसी के अध्यक्ष, कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह, इंजीनियरों व मजदूरों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी निर्मल सिंह की देखरेख में पार्वती प्रोजेक्ट नई बुलंदियों की ओर है। बहरहाल एनएचपीसी ने एशिया की सबसे लंबी टनल की अंतिम खुदाई पूरी कर ली है।

# किसी को कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं : डीजीपी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल पुलिस के डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा ने संजौली मस्जिद विवाद मामले में कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ लेने की इजाजत नहीं है। कानून के हिसाब से कार्रवाई होगी। अभी स्थिति पूरी तरह से कंट्रोल में हैं। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर हमारी पूरी नजर है। अगर 11 सितंबर को किसी तरह का प्रदर्शन होता है तो इसके लिए पुलिस ने पहले ही तैयारी की है। शिमला में बाहर से आने वाले लोगों की वैरिफिकेशन की जा रही है। हिमाचल में डूबने से हर साल औसतन 500 लोगों की मौत हो रही है।

इसके लिए एसटीआरएफ लोकल पुलिस और होमगार्ड के जवानों को ट्रेंड करेंगे। डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा का कहना है कि हर साल, हिमाचल प्रदेश में डूबने से औसतन 500 मौतें

**संजौली मस्जिद विवाद मामले में स्थिति पूरी तरह से कंट्रोल में**

होती हैं। 2006 से 2010 के बीच किए गए एक अध्ययन से पता चला कि राज्य में हर साल डूबने से 514 मौतें हुई, जिनमें 75: आकस्मिक और 16: आत्महत्या थीं। डूबने की अधिकांश घटनाएं गर्मियां (34:) और मानसून (31:) मौसम के दौरान हुई, जिसमें कांगड़ा और मंडी जिलों में सबसे अधिक घटनाएं हुई। डूबने के कारण कीमती जानों के नुकसान को रोकने के लिए 26 ऐसे हॉट स्पॉट की पहचान की गई और यह निर्णय लिया गया कि इन हॉट स्पॉट की निगरानी की जानी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों को जल निकायों के पास जाने से रोका जा सके।

# माता त्रिपुरा भैरवा मेले में हुआ देवियों का आगमन



प्रधान अमरावती ठाकुर 11 हजार रुपए भेंट करते हुए।

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

पंडोह में जारी सात दिवसीय माता त्रिपुरा भैरवा मेले के तीसरे दिन देवियों का आगमन हुआ। हालांकि मेला बीती 7 सितंबर से शुरू हो गया है लेकिन इसमें तीसरे दिन तीन देवियों का आगमन होता है जिसको लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिलता है। तीन पीपल से लेकर मेला स्थल तक माता बूढ़ी भैरवा पंडोह, माता चत्रभुजा और माता बूढ़ी भैरवा सोझा वाद्य यंत्रों की धुनों के साथ मेला स्थल पहुंची जहां लोगों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से इनका स्वागत किया।

आयोजित भव्य लघु जलेब में सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और नाचते-झूमते-गाते मेला स्थल तक पहुंचे। देवियों के दर्शनों के लिए जनसैलाव उमड़ पड़ा था। तीनों देवियों के मिलन का भव्य दृश्य देखकर हर कोई भावविभोर हो उठा। अब यह तीनों देवियां मेले के समापन तक यहीं पर विराजमान रहेंगी और भक्त एक ही स्थान पर इन सभी के दर्शन करके आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

तीसरे दिन महिला मंडलों की खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इनका शुभारंभ तांदी पंचायत की प्रधान अमरावती ठाकुर द्वारा किया गया। प्रधान अमरावती ठाकुर ने मेले के लिए आयोजक मेला कमेटी को 11 हजार रुपए दिए जिसके लिए प्रधान वीना महंत व उपप्रधान फतेह राम ने मुख्यातिथि का धन्यवाद किया।

मेला कमेटी द्वारा आए हुए मुख्यातिथियों को सम्मानित किया गया। सात दिवसीय इस मेले का समापन 14 सितंबर को सदर विधायक अनिल शर्मा द्वारा किया जाएगा।

# संतों ने दिया सनातन की रक्षा का मंत्र

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



विश्व हिंदू परिषद के षष्टिपूर्ति वर्ष कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित गणमान्य।

विश्व हिंदू परिषद स्थापना के षष्टिपूर्ति वर्ष के हिमाचल प्रांत के समापन कार्यक्रम का आयोजन नादौन के दंगड़ी गौड़ीय मठ में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंद्रप्रस्थ क्षेत्र मंत्री लेखराज राणा रहे। संत त्रिदंडी स्वामी भक्ति प्रसाद गिरि जी महाराज, महंत सर्वेश्वरनन्द सरस्वती जी महाराज, संत विनोद जी महाराज ने इस अवसर पर सभी को अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लेखराज राणा ने कहा कि वर्तमान में हिंदू और सनातन संस्कृति पर हो रहे हमलों और प्रहारों तथा बढ़ती विघटनकारी शक्ति, अवैध धर्मांतरण, लव जिहाद को रोकने के लिए समस्त हिंदू समाज को संगठित शक्ति बनकर इन विघटन कार्य समस्याओं से निपटने हेतु समर्थ व सक्षम बनना होगा। उन्होंने कहा कि शिमला में हुए ताजा घटनाक्रम ने स्पष्ट बता दिया कि लैंड जिहाद के माध्यम से वक्फ बोर्ड को आगे कर किस प्रकार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों का निर्माण किया जा रहा है, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं मानते हैं कि प्रदेश में 97 प्रतिशत से अधिक हिंदू रहते हैं, फिर इतनी मस्जिदों की जरूरत क्या है।

उन्होंने तुरंत प्रभाव से वक्फ बोर्ड को भंग करने की मांग की और कहा कि जिस प्रकार इस संस्था का पोषण किया गया है, इसे संरक्षण देने वालों की भूमिका भी जांच के दायरे में हो। (अनंत ज्ञान)

# मणिमहेश यात्रा : हेलि टैक्सी से टकराया पक्षी, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**मणिमहेश** यात्रा के दौरान सोमवार को हेलि टैक्सी से एक मोनाल के टकराने से बड़ा हादसा होने से बच गया। मोनाल हेलि टैक्सी के अंदर पहुंच गया और एक व्यक्ति घायल हो गया।

**अंदर पहुंच गया मोनाल, एक व्यक्ति घायल, अस्पताल में भर्ती**

घायल को भरमौर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गौरीकुंड से भरमौर की तरफ हेलि टैक्सी ने उड़ान भरी और अचानक एक मोनाल चपेट में आ गया। मोनाल हेलि टैक्सी की टिन में की छत को फाड़कर अंदर पहुंच गया। इसके बाद पायलट ने हेलि टैक्सी को भरमौर हेलिपैड में उतारा गया।

एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि गौरीकुंड से भरमौर जा रहे हेलि टैक्सी से मोनाल टकरा गया और बड़ा हादसा होने से टल गया। भोलेबाबा की कृपा से सब सुरक्षित हैं। एग्रीमेंट के मुताबिक, हेलि टैक्सी कंपनी को 24 घंटे के भीतर नई हेलि टैक्सी यहां पर भेजनी होगी।

# ईवीएम मशीनों को जल्द हटाया जाए

## छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर एबीवीपी ने शुरू की सांकेतिक भूख हड़ताल

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू कॉलेज में सोमवार को एबीवीपी ने सांकेतिक भूख हड़ताल शुरू कर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

इस अवसर पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने छात्रों और समाज हित के विभिन्न मुद्दों को लेकर जमकर प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध जताया और साथ ही विरोध स्वरूप 24 घंटे के लिए सांकेतिक भूख हड़ताल कर सरकार को चेतावनी भी जारी की। एबीवीपी इस भूख हड़ताल के माध्यम से छात्र संघ चुनाव को बहाल करने, सभी परीक्षा परिणामों को 45 दिनों के अंदर घोषित करने के बारे, विश्वविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा व परिणाम की गड़बड़ियों को दुरुस्त करने, प्रदेश के विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों की आधारभूत



संरचनाओं को सुदृढ़ करने, शिक्षक व गैर-शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों को भरने के बारे, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की 112 हेक्टेयर जमीन को वापस लेने व सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ाने के साथ प्रदेश में बढ़ते नशा माफिया के ऊपर सख्त कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था को सुधारने की मांग कर रही है। इसके साथ ही कुल्लू कॉलेज में चुनावों के बाद से अब तक ईवीएम मशीनों को रखा गया है, जिस कारण छात्रों को कक्षा लगाने में परेशानी हो रही है इसलिए एबीवीपी छात्र संगठन ने कहा कि छात्रों के हित को देखते हुए इन ईवीएम मशीनों को कॉलेज से जल्द से जल्द हटाने को कहा। एबीवीपी प्रदेश सरकार से छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त मुद्दों पर अमल करने की मांग उठा रही है, ताकि विद्यार्थियों को शिक्षा व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी से न जूझना पड़े। छात्र उदघोष संयोजक ऋतिक ने कहा कि किन्हीं कारणों से छात्रों के हितों से जुड़ी मांग को अनदेखा किया गया, तो एबीवीपी आने वाले समय में हस्ताक्षर अभियान और धरना-प्रदर्शन के माध्यम से अपना विरोध जताएगी। (अनंत ज्ञान)

# कराटे चैंपियनशिप में सक्षम ने जीता




**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** गोजू काई नेशनल कराटे चैंपियनशिप 8 सितंबर को पठानकोट में हुई, जिसमें हिमाचल के चार खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया। इस दौरान टीम के कोच शाहपुर निवासी रिंकू कुमार ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सक्षम ने गोल्ड मेडल, शिवांश ने सिल्वर मेडल, मनन ने ब्रोंज मेडल जीतकर अपने अभिभावकों और कोच का नाम प्रदेश भर में रोशन किया है।

# रुद्राक्ष फिजियोथैरेपी क्लिनिक ने पारस के साथ किया एमओयू

**सोलन।** सोलन में स्थित रुद्राक्ष फिजियोथैरेपी क्लिनिक फिजियोथेरेपी के लिए जाना जाता है और सोलन शहर वासियों को इसकी बेहतर सुविधा मिले इसके लिए रुद्राक्ष फिजियोथैरेपी क्लिनिक ने अब चंडीगढ़ के एक अस्पताल पारस के साथ मिलकर एमओयू साइन किया है, जिसमें पारस अस्पताल की ओर से सोलन के फिजियोथैरेपी क्लीनिक में महीने में दो बार सेवाएं दी जाएंगी, जिसमें न सिर्फ फिजियोथैरेपी, बल्कि अन्य टेस्ट भी किए जाएंगे। वहीं, इस विषय पर जानकारी देते हुए रुद्राक्ष फिजियोथैरेपी क्लिनिक के डॉक्टर अमित ने बताया कि रुद्राक्ष फिजियोथैरेपी क्लिनिक चंडीगढ़ के अस्पताल पारस के साथ मिलकर सेवाएं देंगे। उनका कहना है कि चंडीगढ़ अस्पताल द्वारा महीने में दो बार सोलन के रुद्राक्ष क्लीनिक में सेवाएं दी जाएंगी।

## शाहपुर स्कूल में जोनल स्तरीय अंडर-19 टूर्नामेंट का समापन

# वॉलीबाल में हारचाकियां ने जीता खिताब

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर में जोनल स्तरीय अंडर-19 टूर्नामेंट का समापन हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत शाहपुर के उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जोनल टूर्नामेंट में शाहपुर खंड के 22 स्कूलों से 276 खिलाडियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन और कुश्ती के मुकाबले हुए।

वालीबॉल का फाइनल वोह और हारचाकियां के बीच खेला गया जिसमें हारचाकियां विजेता रहा। इसके अतिरिक्त कबड्डी का फाइनल मुकाबला रैत और रजोल के बीच खेला गया जिसमें रैत की टीम विजेता रही। खो-खो का फाइनल मुकाबला रेहलू और दरगेला के बीच




खेला गया, जिसमें रिहलू स्कूल विजेता रहा। कुश्ती में हारचाकियां की टीम विजेता रही। बैडमिंटन में बडंज स्कूल को हराकर भटेच्छ स्कूल विजेता रहा, मार्च पास्ट में शाहपुर स्कूल पहले नंबर पर रहा।

इस दौरान मुख्यातिथि उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया ने विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए इसी तरह जीवन में कड़ी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत शाहपुर की तरफ से स्कूल के बाहर सीढ़ियों का जीर्णोद्धार करवाने और स्टेज पर टाइलिंग के साथ साथ चारदीवारी का कार्य करवाने की घोषणा की।

इस मौके पर नगर पंचायत शाहपुर की पूर्व अध्यक्ष निशा शर्मा, मौजूदा पार्षदों में शुभम, आजाद, पुष्पा जरियाल, राजीव पटियाल, पंचायत सचिव राजीव दीक्षित, भटेछ स्कूल के प्रधनाचार्य शमशेर भारती, शाहपुर स्कूल की एसएमसी अध्यक्षा सोनू मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# नालागढ़ को मिला स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल के नालागढ़ शहर को तीसरे स्थान के लिए स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024 पुरस्कार प्रदान किया।

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में तीसरा स्थान प्राप्त करने के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व केंद्रीय मंत्री पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन भूपेंद्र चंदेल ने 12.50 लाख रुपए का चैक व पुरस्कार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य




सचिव अनिल जोशी को दिया। नालागढ़ को स्वच्छ वायु का शहर बनाने में सदस्य सचिव का अहम योगदान रहा, जिन्होंने बढ़ते प्रदूषण को कम करने की रणनीति बनाई। सदस्य सचिव जोशी ने कहा कि हमारे सामने सबसे बड़ी समस्या परिवेशी वातावरण में पीएम 10 की उच्च स्तर की थी, जिस कारण इन शहरों व कस्बों को गैर-प्राप्ति शहरों की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। राज्य ने सभी हितधारक विभागों को शामिल कर बहु-आयामी रणनीति अपनाई और राज्य के सभी गैर-प्राप्ति वाले शहरों व कस्बों में वायु प्रदूषण के शमन के लिए कार्य योजना तैयार की। हाल ही के दिनों में राज्य बोर्ड ने सभी गैर-प्राप्ति शहरों में वायु निगरानी क्षमता का उन्नयन किया है।

# किन्नौर में 14 सितंबर से चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

**रिकांगपिओ।** स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत जिला किन्नौर में 14 सितंबर से 1 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छता अभियान के सफल कार्यन्यवन के दृष्टिगत जिले के डीसी कार्यालय सभागार में जिला विकास अधिकारी कार्यालय की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने की। डीसी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किन्नौर में 13 सितंबर को स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा, जिसका विषय 'स्वभाव स्वछता-संस्कार स्वच्छता' रखा गया है। इस अभियान को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि किन्नौर को स्वच्छ व सुंदर रखा जा सके। कल्पा, निचार एवं पूह विकास खंडों सहित पंचायत स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन बारे जागरूक किया जाएगा।

**आयोजन** धर्म एवं अपनी संस्कृति को बचाने के लिए प्राणों का बलिदान देना पड़े तो भी कम : पंडित बलवंत

# धर्म नीति बनाती है और संस्कृति उसको संजोकर रखती है

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

शिव मंदिर दाड़लाघाट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित बलवंत शर्मा ने कहा कि धर्म एवं अपनी संस्कृति को बचाने के लिए यदि मनुष्य को अपने प्राणों का बलिदान भी देना पड़े, तो यह किसी भक्त और श्रद्धा से कम नहीं है।

यदि धर्म और संस्कृति नहीं रही, तो ऐसा जीवन जीने का क्या लाभ धर्म और संस्कृति ही जीवन





को सतमार्ग के लिए ले जाती है। धर्म नीति बनाती है और संस्कृति उसको संजोकर रखती है। इसलिए धर्म और संस्कृति जीवन के दो पहिए हैं, जिनके आधार पर ही हम अपना जीवन जियें तो हमारा कल बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि कलयुग में भागवत कथा साक्षात श्री हरि का स्वरूप है। इस कथा को सुनने के लिए देवी-देवता भी तरसते हैं, परंतु दुर्लभ मानव प्राणी को यह कथा सहित भी प्राप्त हो जाती है क्योंकि यदि भगवान किसी से सर्वाधिक स्नेह करते हैं, तो वह मानव रूपी अपने भक्तों को करते हैं। मानव जीवन तभी धन्य होता है, जब वह कथा स्मरण का लाभ प्राप्त कर लेता है। शिव मंदिर दाड़ला के बाबा महंत जयदेव गिरि जी महाराज ने बताया कि भागवत कथा के उपरांत प्रसाद वितरण किया एवं मंगल आरती की। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर तक रोजाना दोपहर एक बजे से शाम के चार बजे तक कथा व्यास पंडित बलवंत शर्मा प्रभु की महिमा का बखान करेंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### शिव प्रताप शुक्ल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 10 सितंबर को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। शिव प्रताप शुक्ल प्रातः 11 बजे चंबाघाट स्थित मशरूम अनुसंधान निदेशालय की ओर से आयोजित 27वें राष्ट्रीय मशरूम मेले का शुभारंभ करेंगे।

### बाला सुंदरी अश्विन नवरात्र मेला 3 अक्तूबर से

**नाहन।** श्री महामाया बाला सुंदरी आश्विन नवरात्र मेला त्रिलोकपुर में आगामी तीन से 17 अक्तूबर तक चलेगा। मेले के आयोजन से जुड़े विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं संयुक्त आयुक्त मंदिर न्यास त्रिलोकपुर एलआरवर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महामाया बाला सुंदरी मेले के दौरान यात्रियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए मंदिर न्यास प्रयासरत है। मेले के आयोजन के लिए एडीएम नाहन मुख्य मेला अधिकारी, तहसीलदार नाहन मेला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक सिरमौर मेला पुलिस अधिकारी होंगे। मेले के प्रभावी प्रबंधन को लेकर मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा और प्रत्येक सेक्टर में ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी नियुक्त रहेंगे। मेले के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। मेले के दौरान कानून एवं व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त व्यवस्था बनाए रखने के लिए गृह रक्षा व निजि सुरक्षा एजेंसियों के सुरक्षा कर्मचारियों को अस्थायी आधार पर तैनात किया जाएगा। मेले के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को इस तरीके से बनाया जाएगा, जिससे त्रिलोकपुर के स्थानीय निवासियों को भी असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में मेले के दौरान साफ-सफाई को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपपुलिस अधीक्षक रमाकांत ठाकुर, मंदिर न्यास के सरकारी व गैर-सरकारी सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पेंशनर्स मांगों को लेकर 20 को करेंगे प्रदर्शन

**सोलन।** जिला सोलन पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन के जिलाध्यक्ष केडी शर्मा तथा जिला महासचिव जगदीश पंवर ने संयुक्त बयान में कहा कि राज्य कार्यकारिणी के प्रदेशाध्यक्ष आत्माराम शर्मा के निर्देशानुसार 20 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर पेंशनर अपनी मांगों को लेकर रोष रैली एवं धरना-प्रदर्शन करेंगे, जबकि राज्य कार्यकारिणी की बैठक में 15 तक यदि प्रदेश सरकार ने पेंशनर्स की मांगों को पूरा नहीं किया, तो पेंशनर्स सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य हो जाएंगे। जिलाध्यक्ष केडी शर्मा ने कहा कि पेंशनर्स संघ की मुख्य मांगों में छठे वेतन आयोग के संशोधित वेतन का एरियर ,12 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किश्त व संयुक्त सलाहकार समिति का शीघ्र गठन कर बैठक आयोजित करना है। संघ के उपरोक्त पदाधिकारियों ने कहा है कि 20 की प्रातः 11 बजे डीसी कार्यालय सोलन के समक्ष संगठन अपनी लंबित मांगों के समर्थन में रोष स्वरूप धरना-प्रदर्शन करेंगे। साथ ही डीसी सोलन के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन दिया जाएगा।

### गणपति उत्सव में डॉ. राजीव बिंदल ने की शिरकत

**नाहन।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणपति उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। नाहन के हिंदू आश्रम में स्थापित की गई भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन से पहले यहां भजन संध्याओं का आयोजन किया जा रहा है। यहां आयोजित भजन संध्या में भारी संख्या में लोग भगवान गणेश का गुणगान करने पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भी यहां शीश नवाने पहुंचे और परिवार सहित भजन संध्या में भाग लिया। मीडिया को जानकारी देते हुए नवयुवक मंडल नाहन के अध्यक्ष अमिल अग्रवाल ने बताया कि हिंदू आश्रम नाहन में गणपति महाराज की मूर्ति स्थापित की गई है, यहां भगवान गणपति का गुणगान करने के लिए भजन संध्या आयोजित हो रही है, जिसमें शहर वासी भारी संख्या में उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 9 सितंबर को गणपति महाराज की मूर्ति विसर्जन यात्रा शुरू की गई, जो पांवटा साहिब तक निकाली गई। यमुना नदी पांवटा साहिब में गणपति महाराज का विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया।

### एड्स की रोकथाम पर जागरूकता के लिए मैराथन



**नाहन।** मुख्यालय नाहन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचआईवी और एड्स की रोकथाम के लिए आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज यानी 10 सितंबर को एक मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस मैराथन में सिरमौर के 15 रेड रिबन क्लब के सदस्यों के अलावा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन और अन्य संस्थानों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने बताया कि तीन किलोमीटर की यह 'रन रेड' मैराथन मंगलवार सुबह 10 बजे नाहन चौगान से प्रारंभ होकर नया बाजार, शमशेर विला राउंड होते हुए वापस चौगान में समाप्त होगी। लड़के और लड़कियों की केटेगरी में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को 2500-2500 रुपए का प्रथम पुरस्कार व द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2000-2000 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 1500-1500 रुपए दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त चार प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### लक्ष्य पब्लिक स्कूल बास्केटबॉल में द्वितीय



**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुनिहार में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 छात्र खेलकूद प्रतियोगिता में लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के छात्रों ने बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला भर में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय व अर्की क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य वीना गुप्ता ने बताया कि 5 से 8 तक आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के छात्रों ने बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया और उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के तीन छात्र करण सिंह, यश भारद्वाज और आयरिश का चयन हमीरपुर में होने वाली राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### नवगांव स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रथम



**दाड़लाघाट।** स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नवगांव ने अंडर-14 छात्र खेलकूद प्रतियोगिता में हैंडबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त कर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया है। उपप्रधानाचार्य धर्मपाल शुक्ला ने बताया कि कुनिहार स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता के बाद टीम कोच व शारीरिक शिक्षक दीप कुमार व पूरी टीम का विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य प्रभात किशोर व समस्त स्टाफ व बच्चों ने स्वागत कर खिलाड़ियों को विजयी होने पर शुभ आशीर्वाद दिया।

### शूलिनी, आरकेएमवी को आईसीएसएसआर अनुदान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने राजकीय कन्या महाविद्यालय (आरकेएमवी) के सहयोग से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) से 25 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त किया है। अनुदान का उपयोग हिमाचल में कृषि उद्यमिता की क्षमता निर्माण और युवा धारणा की जांच के लिए किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं के बीच कृषि उद्यमिता की समझ को बढ़ाना है। यह क्षमता निर्माण पहल पर ध्यान केंद्रित करता है, जो महत्वाकांक्षी कृषि उद्यमियों को सशक्त बना सकता है। शूलिनी विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय (एफएमएस) के नेतृत्व में और दोनों संस्थानों के समर्पित विद्वानों की एक टीम द्वारा यह अनुसंधान परियोजना पूरी की गई।

### पाइन ग्रोव स्कूल में मनाया दादा-दादी दिवस



**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में दादा-दादी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जो कि अपने आप में एक अविस्मरणीय अवसर था। कक्षा दूसरी से पांचवीं के छात्रों ने इस दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल के ब्रास बैंड की मधुर धुन के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ तथा इसके पश्चात गोल्डन बांड पर एक दिल छू लेने वाला वीडियो दिखाया गया। स्वागत भाषण ने दो पीढ़ियों के बीच के अटूट संबंध को खूबसूरती से प्रस्तुत किया, तो वहीं आर्केस्ट्रा समूह ने राग देश की भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतरा-मुखड़ा पहचानें और अंताक्षरी जैसे मजेदार खेलों ने पुरातन संगीत की सुखद यादों को पुनर्जीवित किया। बिना शर्त के प्यार सिखाने वाले अंग्रेजी नाटक मेनी मूंस ने मासूमियत और ज्ञान का विशेष संदेश देते हुए अपने मार्मिक अभिनय से सभी पर एक अमिट छाप छोड़ी। एस्पायर मेलोडी संगीतकारों ने अपने कौशल से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और शो का मुख्य आकर्षण रहे पंजाबी बीट मैशअप नृत्य ने सबको नाचने पर विवश कर दिया। इसके उपरांत दादा-दादी को अपने विचार और अद्भुत कहानियां साझा करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया।

# सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में 282 लेक्चरर की पोस्ट खाली

**आर मोहन चौहान, सोलन**



प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर बड़े-बड़े दावे करती नजर आती है पर स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त होने से छात्रों के भविष्य की किसी को चिंता नहीं है। प्रदेश सहित जिला सोलन में शिक्षकों की कमी से अभिभावकों को बच्चों के भविष्य की चिंता सता रही है।

जिले के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में 282 लेक्चरर की पोस्ट खाली हैं। इसका सीधा असर छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। यदि समय रहते लेक्चरर की पोस्ट नहीं भरी गईं, तो सिलेबस पूरा करना मुश्किल हो जाएगा, जिसका खामियाजा छात्रों को वार्षिक परीक्षा में भुगतना पड़ सकता है। शिक्षा विभाग सोलन की ओर से उच्च अधिकारियों को कई बार इस बारे में अवगत करवाया गया है। बावजूद इसके खाली पड़े पदों को नहीं भरा गया है। इससे अभिभावकों में भी सरकार के प्रति रोष पनप रहा है। (अनंत ज्ञान)

## इन विषयों के अध्यापकों के पद खाली

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल जिले में बायोलॉजी के 5, केमिस्ट्री के 17, डीपीई के 12, इकोनॉमिक्स के 11, इंग्लिश के 14, जियोग्राफी के 2, हिंदी के 13, हिस्ट्री के 23, होम साइंस के 2, मैथ्स के 4, म्यूजिक के 4, फिजिक्स के 6, पोल साइंस के 29, संस्कृत के 3, साइकोलॉजी के 3, आईपी के 88, पब्लिक एड का 1 अध्यापक जिले के स्कूलों में खाली हैं। इन अध्यापकों के न होने के चलते बच्चों की पढ़ाई भी डिस्टर्ब हो रही है।

> जिला सोलन के 144 सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लेक्चरर की कमी चल रही है। वर्तमान में जिले में 282 पोस्ट खाली हैं। खाली पोस्टों की भर्ती का सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा।
>
> **जगदीश नेगी, डिप्टी डायरेक्टर, हायर एजुकेशन सोलन।**

## सोलन में 144 सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**फिलहाल** जिला सोलन के 144 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में 1378 लेक्चरर अपनी सुविधा तो दे रहे हैं, लेकिन उन्हें भी खतरा है कि न जाने कब विभाग उन्हें डेपुटेशन पर दूसरे स्कूल भेज दे। जानकारी के अनुसार सोलन में सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अब अपनी पढ़ाई का डर सताने लगा है। जिले में काफी समय से खाली पड़ी लेक्चरर की पोस्ट के चलते अब सिलेबस भी अन्य स्कूलों के मुकाबले काफी पीछे रह चुका है। हालांकि शिक्षा विभाग सोलन दूसरे स्कूलों से टाइअप कर ऑनलाइन बच्चों को पढ़ाने के बारे में भी सोच रहा है, लेकिन ऐसा करने के लिए उसको दोनों स्कूलों के टाइम टेबल को भी एक ही करना होगा। खैर लेक्चरर न होने के चलते एक तरफ बच्चों की पढ़ाई अधर में है, तो वहीं दूसरी तरफ उस खाली पीरियड का भी बच्चे प्रॉपर उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। विभाग की माने तो जल्द ही खाली पड़ी पोस्ट में से कुछ की भर्ती सरकार करेगी। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई को फिर से दोबारा तेज गति मिलेगी।

# सायर मेले में होगी विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं : कंवर

**अनंत ज्ञान, अर्की**



राज्य स्तरीय सायर मेला खेलकूद उपसमिति के अध्यक्ष विकास खंड अधिकारी कंवर तन्मय सिंह ने एसडीएम अर्की के सभागार में सायर मेल के दौरान करवाए जाने वाले खेलकूद के कार्यक्रमों को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि इस बार सायर मेले के दौरान होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में सात खेलों को शामिल किया गया है। वॉलीबाल प्रतियोगिता केवल पुरुषों के लिए है, जिसमें प्रवेश शुल्क 700 रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली टीम को 7100 रुपए, द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम को 5100 रुपए तथा तृतीय स्थान पर आने वाली टीम के लिए 2100 रुपए का पुरस्कार रखा गया है। इसी प्रकार कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष व महिलाओं के लिए अलग-अलग स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इस प्रतियोगिता में भी वॉलीबाल की ही भांति प्रवेश शुल्क व पुरस्कार रखे गए हैं। तीसरी प्रतियोगिता बैडमिंटन में चार वर्ग रखे गए हैं। पहले वर्ग में ऊपर डबल के लिए प्रवेश शुल्क 300 रुपए रखा गया है। इसी प्रतियोगिता में ओपन सिंगल के लिए प्रवेश शुल्क 150 रुपए निर्धारित है। इसके साथ ही ओपन गर्ल्स के लिए इसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 100 रुपए प्रवेश शुल्क सहित विजेता के लिए 1100 तथा उपविजेता के लिए 900 रुपए पुरस्कार रखा गया है। चौथी प्रतियोगिता शतरंज में ओपन के लिए प्रवेश शुल्क 200 रुपए रखा गया है। पांचवीं प्रतियोगिता रस्साकस्सी के लिए पुरुष टीम के लिए प्रवेश शुल्क 1000 तथा महिला टीम के लिए 700 निर्धारित किया गया है। खेलकूद उपसमिति के अध्यक्ष कंवर तन्मय सिंह ने बताया कि छठी व सातवीं प्रतियोगिताएं स्पून रेस व म्यूजिकल चेयर 14 वर्ष के कम लड़कों व लड़कियों के लिए रखी गई हैं।

# बरोटीवाला में महिला की हत्या करने वाला आरोपी यूपी से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



बरोटीवाला में बीते दिन हुई महिला हत्या मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। यूपी के जिला जौनपुर के जीतापुर बेहुडावा निवासी महेश वेनवंशी पुत्र मुन्नार वेनवंशी ने अपनी पत्नी साधना को अवैध संबंध होने के संदेह में बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया।

मृतक महिला साधना बद्दी में कैंपस कंपनी में लंबे समय से काम करती थी। शक होने पर आरोपी बद्दी आया और उसने अपने पत्नी की चाकू से हत्या कर वापस भाग गया। पुलिस की जानकारी के अनुसार महेश को संदेह था कि उसकी पत्नी के किसी और के साथ अवैध संबंध थे। इस संदेह के चलते वह सूरत से बद्दी तक उसकी हत्या की योजना बनाते हुए पहुंचा। दो सितंबर की दोपहर को महेश बद्दी पहुंचा और हिमुडा कॉलोनी में एक कमरा किराए पर लेकर उसने अपनी पत्नी को बातचीत के लिए बुलाया। बातचीत के दौरान महेश गुस्से में आ गया और उसने चाकू से अपनी पत्नी पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या को अंजाम देने के बाद महेश तुरंत सूरत भाग गया, यह सोचते हुए कि वह पुलिस की पकड़ से बच जाएगा, लेकिन बद्दी पुलिस ने इस गंभीर अपराध को प्राथमिकता से लिया और अपनी साइबर सेल की मदद से अपराधी का पीछा करना शुरू किया। पुलिस ने उसे सूरत से गिरफ्तार कर लिया। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हत्या आरोपी को पुलिस बद्दी लेकर पहुंच गई है।

# बच्चों को नशे बारे किया जागरूक

**नाहन।** जिला बाल संरक्षण कार्यालय से लीगल कम प्रोबेशन ऑफिसर मोहम्मद शमीम ने बच्चों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम-1994, पोक्सो अधिनियम (संशोधित 2019) और किशोर न्याय (संशोधित 2021) अधिनियम, बाल श्रम निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बाल विवाह निषेध अधिनियम और स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी। उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। मिशन शक्ति से सोनिका ने अपने विभाग की कार्यशैली और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया। पोषण विभाग से सहायक परियोजना अधिकारी मीनाक्षी ने पोषण माह की जानकारी दी। चाइल्ड लाइन से राजेंद्र ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया।

### सीपीएस के विधानसभा में बद्दी एसपी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना गलत

# एसपी ने अवैध माइनिंग का चालान किया इसलिए बौखला रहे सीपीएस : उर्मिला

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी बरोटीवाला नालागढ़ की कमान इस समय महिला अधिकारियों के हाथों में है।

बीबीएनडीए में आईएएस सोनाक्षी तोमर बतौर सीईओ बेहतर काम कर रही हैं, तो वहीं दूसरी तरफ आईपीएस इल्मा अफरोज बतौर एसपी बद्दी ने खनन व नशा माफिया की सफाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, अब सवाल यही है कि क्या बद्दी बरोटीवाला नालागढ़ को ईमानदार अफसर नहीं चाहिए। क्या इस शहर में ईमानदार आफिसर काम नहीं कर सकता। यह सवाल नगर परिषद बद्दी की पूर्व चेयरमैन व पार्षद उर्मिला गुरमेल चौधरी ने सरकार से किया है। उर्मिला गुरमेल चौधरी ने कहा कि आज बद्दी शहर से अपराध धीरे-धीरे कम हो रहा है, लेकिन अब ईमानदारी से काम करने वाले अफसरों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला वर्ष-2016 की वीरभद्र सरकार में भी सामने आया था, जब राम कुमार विधायक थे और उनके किसी वाहन का अवैध खनन में चालान किया गया था। इसका परिणाम एएसपी गौरव सिंह को तबादले के रूप में मिला था। उर्मिला गुरमेल चौधरी ने कहा कि अब एक बार घड़ी की सुई फिर वहीं रूक गई है। मौजूदा एसपी इल्मा अफरोज ने भी विधायक व सीपीएस के परिवार के सदस्य की गाड़ियों का 75 हजार रुपए का चालान खनन के मामले में किया था। इससे अब उनकी कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

## विधानसभा में कार्यवाही के लिए लिखना बौखलाहट



**उर्मिला** ने कहा कि बिना वजह व द्वेष से प्रेरित होकर ईमानदार एसपी के खिलाफ विधानसभा में अवमानना का मामला बनाया जा रहा है, जबकि सब लोग जानते हैं कि एक विधवा की बेटी इल्मा ईमानदारी से फर्ज निभाने वाली बेटी है। उर्मिला गुरमेल ने कहा कि जिला पुलिस बद्दी प्रदेश में पहला ऐसा जिला है, जिसमें एसपी इल्मा अफरोज ने सभी खनन के मामलों को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भेजने का रूल लागू किया है। इससे खनन माफिया की कमर टूट गई है।

# नाहन की सड़कों में गड्ढों की भरमार

**अनंत ज्ञान, नाहन**



नगर परिषद शहर की सड़कों की दशा सुधारने में पूरी तरह से विफल हो चुकी है। नगर परिषद के अंतर्गत अधिकतम गलियों के संपर्क मार्ग पर गड्ढों की भरमार है। सड़कों और गलियों के गड्ढे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गए हैं।

नगर परिषद की पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय रेखा तोमर के घर के सामने से गुजरने वाला फाउंड्री मार्ग बद से भी बदतर हालत से गुजर रहा है। इस गली की सड़क पर कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। बावजूद इसके नाहन नगर परिषद इस सड़क को ठीक करवा पाने में नाकामयाब साबित हो रही है। यही नहीं संस्कृत कॉलेज हरिपुर मोहल्ला मेडिकल कॉलेज से पीछे वाला रोड सहित हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र के अधिकतर संपर्क सड़कें भी टूटी-फूटी और गड्ढों से भरपूर हैं। नगर परिषद के पूर्व मनोनीत पार्षद विशाल तोमर ने बताया कि उनके द्वारा फाउंड्री संपर्क मार्ग की हालत को लेकर नगर परिषद को कई बार अवगत करवाया गया है, मगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। विशाल तोमर सड़क सुरक्षा क्लब के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं। गलियों में कहीं पर भी सुरक्षा को लेकर साइन बोर्ड तक नहीं लगाए गए हैं, जिस कारण अकसर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। विशाल तोमर ने नगर परिषद से अपील करते हुए कहा कि नया बाजार स्थित फाउंड्री की गली वाली सड़क के गड्ढों को जल्द-से-जल्द भरकर आम नागरिकों को राहत पहुंचाई जाए।

# विनीत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**दाड़लाघाट।** कराड़ाघाट के कक्षा नवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र विनीत का चयन राज्य स्तरीय वॉलीबाल खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसको लेकर छात्र के अभिभावक व अध्यापक गदगद हैं। छात्र की इस उपलब्धि से पाठशाला व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। छात्र के माता-पिता ने इसका श्रेय शारीरिक अध्यापक हिमेश कुमार, कला अध्यापक मुनेक कुमार व मुख्याध्यापक हरीश गुप्ता को दिया।



# पेयजल समस्या का निदान करने में कांग्रेस नाकाम, सड़कों पर उतरेगी भाजपा : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



भाजपा सोलन के प्रवक्ता और नगर निगम के पार्षद शैलेंद्र ने कहा कि सोलन शहर में पीने के पानी की समस्या का तोड़ निकालने में सत्तासीन कांग्रेस नाकाम साबित हो रही है।

यहां के विधायक और मंत्री हूटर वाली गाड़ी में मस्त हैं और जनता पीने के पानी की किल्लत से त्रस्त है। आलम यह है कि दो-दो बड़ी पेयजल योजनाएं होने के बावजूद छह दिन में भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। भाजपा सोलन ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने से गुरेज नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पहले समस्या केवल गर्मी और बरसातों में रहती थी, अब समस्या सदाबहार हो गई है। कांग्रेस की सरकार इस समस्या से निपटने में पूरी तरह सफल हुई है और अब पानी की समस्या 12 महीने होने लगी है। सोलन में पांच या 6 दिनों के बाद पानी का वितरण किया जा रहा है, जिस कारण लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

# दी माइनिंग एरियाज लैंड लूजर के संस्थापक परस राम ने छोड़ा पद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



दी माइनिंग एरियाज लैंड लूजर एवं प्रभावित परिवहन सभा के संस्थापक परस राम उर्फ पिंकू ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है।

परस राम ने त्याग पत्र देने से पूर्व कहा कि उनका उद्देश्य अब संपूर्ण हो चुका है, जिसके चलते हम सभी पांच पंचायतों के लोगों ने एक सामूहिक उद्देश्य से एकसाथ अपने हित की लड़ाई लड़ी और विजय हासिल की। उन्होंने माइनिंग एरियाज के पांचों पंचायतों के लोगों, प्रधानों प्रतिनिधियों, बीडीसी सदस्यों, जिला परिषद सदस्य व स्थानीय प्रशासन, अंबुजा प्रबंधन तथा दाड़लाघाट में कार्यरत सभी परिवहन सभाओं का सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। परस राम ने कहा कि इस समय माइनिंग एरियाज लैंड लूजर परिवहन सभा में कुल 125 सभा सदस्य हैं, इनमें से सभी को गाड़ियां डालने की अनुमति दी गई है, जिसके साथ सभी को समान अधिकार व सभी को रोजगार देने का मिशन भी पूरा हो चुका है, जिसके चलते अब सभा से त्यागपत्र दे दिया है क्योंकि हमारा उद्देश्य लोगों को रोजगार दिलाना था, जो कि अब पूरा हो चुका है और मुझे पद की इच्छा न पहले थी और न आगे होगी।

# सरकार पेंशनर्स की लंबित मांगों को 15 तक करें पूरा

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जिला पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन जिला किन्नौर ने सरकार से पेंशनर्स की लंबित मांगों को 15 तक पूरा करने की मांग की है अन्यथा अन्य जिले के पेंशनर्स की भांति सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। अध्यक्ष मोहन नेगी ने कहा कि जिला एवं तीनों खंड स्तर पर पेंशन बारे बैठक हुई। यह राज्यस्तरीय बैठक शिमला में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार को एक नोटिस दिया जाए कि 15 तक पेंशनर्स की मांगों को माना जाए।



# सोलन के ब्रुरी में फोरलेन के डंगे के नीचे मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

पुलिस थाना सोलन के तहत ब्रुरी में समरहाल के नजदीक फोरलेन के डंगे के नीचे पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया।

युवक की पहचान देवराज उम्र 24 निवासी करसोग के रूप में हुई है। युवक सोलन में एक दवा कंपनी में कार्यरत था और ब्रुरी में किराये के कमरे में रहता था। वह पिछले एक-दो दिन से लापता था और कमरे में नहीं पहुंचा था। स्थानीय लोगों को सोमवार को युवक के शव डंगे से उतरने के लिए लगी सीढ़ियों के नीचे देखा। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस पर पुलिस को सूचित किया गया।



मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और साथ ही जुन्गा से फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। घटना की सूचना के बाद युवक के साथ कंपनी में काम करने वाले दोस्त भी मौके पर पहुंचे। यह भी बताया जा रहा है पिछली रात को युवक का किसी से झगड़ा हुआ था। ऐसे में पुलिस हत्या की दृष्टि से भी मामले की जांच कर रही है।

# विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे किया जागरूक

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रिटायर्ड हेल्थ सुपरवाइजर और समाज सेविका राजेश्वरी शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने कॉलेज के विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करवाया और युवा पीढ़ी को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया।

**निर्देश** उद्योग मंत्री ने सर्किट हाउस में आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना

# बिजली, पानी, सड़क निर्माण संबंधी समस्याओं को रखा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान नाहन में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए।

उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान नाहन के सर्किट हाउस में आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं और मांगों को सुना।

लोगों ने उद्योग मंत्री के समक्ष बिजली, पानी, सड़क निर्माण संबंधी समस्याओं और मांगों को रखा। इस पर मंत्री ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटारा किया और शेष के शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि विकास की गति रुकनी नहीं चाहिए। किसी क्षेत्र की उन्नति उसके विकास पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधन होने के बावजूद प्रदेश सरकार जनहित कार्य में कोई कमी नहीं आने दे रही है। गत वर्ष और हाल ही में प्रदेश में आई आपदाओं के कारण हुई क्षति की भरपाई करने के साथ-साथ विकासात्मक योजनाओं को क्रियान्वित किया गया और आम जनमानस की आर्थिकी को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 150 करोड़ रुपए की हिम-उन्नति योजना चलाई जा रही है, जिससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ प्रदेश के किसान वर्ग को भी इसका लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा बेसहारा और अनाथ बच्चों को सहारा देने के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना क्रियान्वित की गई है, जिसके तहत अनाथ बच्चों के भरण-पोषण, आवास से लेकर उनकी शिक्षा तक का खर्च प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

# लॉरेंस स्कूल 'द प्रोग्रेसिव रीडिंग स्कूल अवॉर्ड' से हुआ सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन**

लॉरेंस स्कूल सनावर इंडिया हैबिटेट सेंटर को नई दिल्ली में प्राइमरी प्लस फाउंडेशन द्वारा 'द प्रोग्रेसिव रीडिंग स्कूल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार स्कूल को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और पुस्तकों के माध्यम से बच्चों की कल्पना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया गया है। पुस्तक-पाठन के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के लिए, लॉरेंस स्कूल, सनावर ने वर्ष-2023 में सनावर रीडिंग अवॉर्ड की स्थापना की। माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को स्वर्ण पुरस्कार, रजत पुरस्कार और कांस्य पुरस्कार दिए जाते हैं, जबकि पांचवीं तथा छठी कक्षा के छात्रों को क्रमशः प्रवीणता और उन्नत प्रवीणता के प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। स्कूल के प्रधानाध्यापक हिम्मत सिंह ढिल्लों ने हाल ही में 54 छात्रों को उनके पढ़ने के प्रति प्रेम के लिए सनावर रीडिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया।




## न्यूज ब्रीफ

### 12 को रक्तदान एवं अंगदान प्रेरणा शिविर

**आनी।** सचेत संस्था की विशेष बैठक सोमवार को आनी में संस्था के प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सचेत संस्था के प्रबंध निदेशक जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि सचेत संस्था की ओर से 13वें स्थापना दिवस के मौके पर हर साल की तरह ही इस साल भी 12 सितंबर को आनी के राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम में रक्तदान एवं अंगदान प्रेरणा शिविर लगाया जाएगा, जिसकी तैयारियों को लेकर इस वैठक का आयोजन किया गया। स्टेडियम में लगाए जाने वाले इस रक्तदान शिविर में आईजीएमसी शिमला के ब्लड बैंक की टीम अपनी सेवाएं देंगी। सचेत संस्था ने सितंबर-2012 में आस्तित्व में आने के बाद आनी में रक्तदान और मरणोपरांत अंगदान को लेकर जागरूकता शिविर के माध्यम से लोगों को प्रेरित करने का प्रयास किया और वर्तमान में सचेत संस्था के माध्यम से मरणोपरांत अंगदान करने वाले लोगों की संख्या 85 पहुंच गई है, जबकि सचेत संस्था के रक्तदान शिविर में हर वर्ष 100 से ज्यादा यूनिट रक्त इकट्ठा होता है। 3 मई को संस्था की ओर से लगाए गए रक्तदान शिविर में 161 लोगों ने रक्तदान किया था।

### लगवैली छात्र संघ के अध्यक्ष बने पार्थ ठाकुर



**कुल्लू।** कुल्लू जिला मुख्यालय में लगवैली छात्र संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति के साथ पार्थ ठाकुर को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई, जबकि राकेश ठाकुर को उपाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही केतन ठाकुर को महासचिव और मृदुल ठाकुर व विवेक ठाकुर को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही तनीषा ठाकुर और पल्लवी ठाकुर को सांस्कृतिक सचिव के पद की जिम्मेदारी दी गई और संध्या ठाकुर को खेल सचिव तथा प्रियंका ठाकुर को चैयरमेन के पद की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान कार्यकारिणी की अध्यक्षता पूर्व में अध्यक्ष रहे सुनील ठाकुर, गौरव ठाकुर और सुनील ने की।

### एबीवीपी ने कॉलेज में की सांकेतिक भूख हड़ताल



**पतलीकूहल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरिपुर इकाई ने सोमवार को हरिपुर कॉलेज में सांकेतिक भूख हड़ताल का आयोजन किया। इस दौरान हरिपुर इकाई अध्यक्ष सारांश ने कहा कि सांकेतिक भूख हड़ताल 9 सितंबर सुबह 10 से शुरू हुई, जो कि आज सुबह 10 बजे तक जारी रहेगी। छात्रों की विभिन्न मांगों के लिए ही एबीवीपी लगातार आंदोलन कर रही है। उन्होंने छात्र हित की मांगों को दोहराते हुए कहा कि छात्र संघ के चुनाव को बहाल किया जाए।

### मांगों को लेकर डीसी कुल्लू को सौंपा ज्ञापन



**कुल्लू।** लोकमित्र संचालक महासंघ हिमाचल प्रदेश जिला कुल्लू के अध्यक्ष आशीष गौड़ व सचिव लुदर चंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी समस्याओं को लेकर डीसी कुल्लू तारूल एस रवीश को ज्ञापन सौंपा। महासंघ इकाई कुल्लू के अध्यक्ष आशीष गौड़ ने बताया कि कुल्लू के लोकमित्र केंद्र संचालक (सीएससीवीएलई) इन दिनों बहुत सारी मुसीबतों और दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। सभी लोकमित्र संचालक हर जिले की विभिन्न पंचायतों में जन-जन और घर-घर तक सरकार की ओर से चलाई जा रही हर प्रकार की योजनाओं को पहुंचा रहे हैं, लेकिन फिर भी सभी को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा हर पंचायत में एक सीएससी लोकमित्र सेंटर दिए जाने की बात की गई थी, मगर आज प्रदेश की अनेक पंचायतों में एक से ज्यादा सीएससी आईडी बांटी जा रही हैं। एक सीएससी वीएलई मुश्किल से अपने परिवार का भ्रण पोषण कर पा रहा है। वहीं, अगर सीएससी आईडी की बंदरबांट होती रही, तो उन्हें अपना परिवार चलाना मुश्किल हो जाएगा।

### भुंतर सुधार समिति ने किया पौधरोपण

**भुंतर।** भुंतर सुधार समिति का पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान लगातार जारी है। सोमवार को शमशी स्कूल के प्रांगण में पौधरोपण किया। इस पौधरोपण में स्कूली बच्चों व स्टाफ ने भी भरपूर सहयोग दिया। स्कूल प्रांगण के चारों और दियार के पौधे रोपे गए। पौधों को किसी प्रकार का नुकसान न हो, उसके लिए लकड़ी से पौधों के चारों ओर बाड़बंदी भी की। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कुल्लू-2 डीआर आनंद व मुख्य शिक्षिका सुनीता शर्मा ने कहा कि भुंतर सुधार समिति बहुत अच्छा काम कर रही है।

### हेलिपोर्ट के निर्माण से गतिविधियों को मिलेगा बल

**केलांग।** जिला मुख्यालय केलांग में निदेशक पर्यटन, आयुक्त श्रम एवं रोजगार विभाग मानसी सहाय ठाकुर ने आयोजित बैठक में अधिकारियों के साथ जिला लाहौल-स्पीति में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण कार्य योजना के तहत जिले में हेलिपोर्ट बनाने को लेकर प्रस्तावित हेलिपोर्ट के निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं जल्द पूर्ण करवाई जाएं। निदेशक मानसी सहाय ठाकुर ने डीसी राहुल कुमार एवं सीमा सड़क संगठन 70 आरसीसी के ऑफिसर कमांडिंग मेजर रवि शंकर से स्टिंगरी हेलिपैड में मौजूदा स्थिति एवं उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर को मध्य नजर रखते हुए प्रारंभिक तौर पर पर्यटकों के आवागमन के लिए हवाई सेवा आरंभ करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित हेलिपोर्ट के निर्माण से जिलावासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर आवागमन, पर्यटन व्यवसाय व शीतकालीन एवं साहसिक खेलों से संबंधित जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का बल प्रदान होगा।

### खेलकूद प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया जोश

**पतलीकूहल।** कुल्लू के कटराईं में आयोजित संच स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपना दमखम दिखाया। इस संच स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अभ्युदय यूथ क्लब के द्वारा युवाओं में खेलकूद की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से किया गया। संच स्तर की इस खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए जितेंद्र ने खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में आयोजित हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद और दौड़ जैसी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में युवाओं ने अपना पूरा जोश और दमखम दिखाया।

# पंजाब में 2,500 से अधिक डॉक्टर तीन दिन हड़ताल पर

## विरोध-प्रदर्शन स्वास्थ्य केंद्रों में 11 सितंबर तक रहेगा जारी

**एजेंसी, पटियाला/होशियारपुर**




पंजाब में प्रमोशन और पर्याप्त सुरक्षा उपायों को लेकर 2500 से अधिक डॉक्टर हड़ताल पर हैं। 3 घंटे के लिए शुरू हुई स्ट्राइक अब तीन दिन तक चलेगी। इससे ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं, जिस कारण मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शनरत चिकित्सकों ने बताया कि पंजाब सिविल मेडिकल सर्विसेज (पीसीएमएस) एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित यह विरोध प्रदर्शन जिला और उप-मंडलीय अस्पतालों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 11 सितंबर तक जारी रहेगा।

इन सरकारी अस्पतालों में आ रहे कई मरीजों को सुबह आठ बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक ओपीडी सेवाएं निलंबित रहने के कारण असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि, आपात सेवाएं जारी थीं। पीसीएमएस एसोसिएशन (पटियाला इकाई) के अध्यक्ष डॉ. सुमित सिंह ने कहा कि सुनिश्चित करियर प्रगति (एसीपी) योजना बहाल करना प्रदर्शनरत चिकित्सकों की मुख्य मांगों में से एक है। सुमित सिंह ने कहा कि अन्य विभागों के विपरीत, चिकित्सकों के पास अपने करियर के दौरान पदोन्नति के कोई तरीके नहीं होते हैं, जिसकी भरपाई वार्षिक करियर प्रगति योजना के माध्यम से की जाती है, लेकिन 2021 में इसे रोक दिया गया। एसीपी योजना सरकारी कर्मचारियों को वित्तीय लाभ और उच्च वेतन उपलब्ध कराती है।

एसोसिएशन अस्पतालों में स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपायों तथा और चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती की भी मांग कर रही है। चिकित्सक संघ ने रविवार रात को एक घटना का उल्लेख किया जिसमें मोहाली के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो अज्ञात पुरुषों ने आठ माह की गर्भवती चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार किया तथा इंजेक्शन लेकर फरार हो गए। पुलिस ने इस संबंध में एक मामला दर्ज किया है। इस बीच, पटियाला के माता कौशल्या हॉस्पिटल में जांच के लिए आए मरीजों को ओपीडी सेवाएं निलंबित रहने के कारण असुविधा का सामना करना पड़ा।

पीसीएमएस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के बीच एक बैठक बुधवार को होनी है।

एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर बैठक से कोई खास नतीजा नहीं निकला और पदोन्नति संबंधी अधिसूचना जारी नहीं की गई तो गुरुवार से सभी सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दी जाएंगी।

## प्रशासक सलाहकार ने की 2024 अभियान की तैयारियों की समीक्षा



स्वच्छता ही सेवा अभियान के लिए समीक्षा करते प्रशासक सलाहकार।

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा, आईएएस ने आयुक्त विनय प्रताप सिंह, आईएएस और गुरिंद्र सिंह सोढ़ी, संयुक्त आयुक्त, पीसीएस के साथ आगामी स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान 2024 के लिए चल रही योजना और क्रियान्वयन रणनीतियों की समीक्षा करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

स्वच्छता ही सेवा 2024, एक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पहल है, जो 17 सितंबर, 2024 से शुरू होकर एक पखवाड़े तक चलेगी, जिसमें 14 सितंबर को एक कर्टन-रेजर सहित कई तैयारी कार्यक्रम होंगे। अभियान का समापन 2 अक्तूबर को होगा। इस वर्ष 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के एक दशक पूरे हो रहे हैं, यह एक पहल है जिसे 2014 में गांधी जयंती के अवसर पर अपनी शुरुआत के बाद से हर साल मनाया जाता है। नगर निगम के एक प्रतिनिधि ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत नियोजित विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक विस्तृत प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के हिस्से के रूप में स्वच्छता और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला गया। इन गतिविधियों में नागरिकों को शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि उन्हें अपने पड़ोस में स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

आवासीय संघ और बाजार विक्रेता अभियान में भाग लेने के लिए लक्षित समूहों में से हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी हितधारक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के उद्देश्यों के साथ संरेखित हैं।

## 'एसजीआरटी-कैंसर एंड बियॉन्ड' नामक सेमिनार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



फोर्टिस कैंसर इंस्टीट्यूट, मोहाली के ऑन्को-सर्जरी विभाग ने आज एक स्थानीय होटल में 'एसजीआरटी-कैंसर एंड बियॉन्ड' नामक एक दिवसीय सेमिनार की मेजबानी की। कार्यक्रम में सरफेस गाइडेड रेडिएशन थेरेपी (एसजीआरटी) से सुसज्जित अत्यधिक एडवांस्ड एलेक्टा वर्सा एचडी का प्रदर्शन किया गया, जो एक ऐसी तकनीक है जो कैंसर के उपचार में सटीकता को बढ़ाती है। यह सिस्टम विशेष रूप से फोर्टिस अस्पताल, मोहाली में उपलब्ध है, जो इस तरह की एडवांस्ड देखभाल प्रदान करने वाला उत्तरी क्षेत्र का एकमात्र निजी अस्पताल है।

एसजीआरटी के साथ इलेक्ट्रा वर्सा एचडी सटीक रेडिएशन थेरेपी और सरफेस गाइडेड- रेडिएशन थेरेपी के लिए एक बेहतर विकल्प प्रदान करता है।यह छोटे ट्यूमर के इलाज के लिए एक नॉन-इनवेसिव विकल्प के रूप में कार्य करता है।

## पं.गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर धामी ने किया नमन

**देहरादून ।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न पं.गोविंद बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया है। पं. गोविंद बल्लभ पंत को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशभक्त, समाजसेवी तथा कुशल प्रशासक बताते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पं. पंत ने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगारी प्रथा तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त इन बुराइयों को मिटाने में अहम भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत ने महात्मा गांधी के आह्वान पर असहयोग आंदोलन में भागीदारी के साथ राजनैतिक जीवन की शुरूआत की थी।

## सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का 33वां वार्षिक दिवस समारोह



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

कॉलेज ऑडिटोरियम, जी.एम.सी.एच., सेक्टर-32, चंडीगढ़ में 33वां वार्षिक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि थे।

यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान सचिव अजय चगती भी उपस्थित थे। स्वागत उद्घाटन भाषण प्रो. ए.के. अत्री, निदेशक प्रिंसिपल, सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने दिया और उन्होंने सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की वार्षिक रिपोर्ट के तहत जी.एम.सी.एच. की उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। मुख्य कटारिया ने वर्ष 2024 के लिए कॉलेज पत्रिका झलक का विमोचन किया। (अनंत ज्ञान)

## संयुक्त आयुक्त ने राधे मार्केट और शास्त्री मार्केट का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** संयुक्त आयुक्त ईशा कंबोज, एचसीएस ने राधे मार्केट, सेक्टर 41 और शास्त्री मार्केट, सेक्टर 22 में अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। यह निरीक्षण शहरी प्रबंधन को बढ़ाने और स्थानीय नियमों के अनुपालन को लागू करने की एक व्यापक पहल का हिस्सा है।

कंबोज ने स्थानीय अधिकारियों और व्यापार मालिकों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया ताकि ऐसा माहौल बनाया जा सके जो ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए वैध व्यापार प्रथाओं को बढ़ावा दे। निरीक्षण के दौरान, सुश्री कंबोज ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि हमारे बाजार सभी नागरिकों के लिए सुलभ और सुरक्षित रहें।

# कुल्लू-लाहौल-स्पीति

## लुहरी-तिहनी-आनी बस के समय में बदलाव

**आनी।** लुहरी से सुबह वाया शुश-तिहनी-ढैर-दलाश-कंडागाई होकर आनी जाने वाली एचआरटीसी की बस सेवा के समय में बदलाव किया गया है।

रामपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल गुप्ता ने बताया कि बस सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर लुहरी से दलाश-आनी वाया तिहनी चलने वाली बस का लूहरी से दलाश को चलने का समय अब साढ़े सात बजे कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि समय सारिणी में यह बदलाव स्कूली बच्चों और आम जनमानस के आग्रह पर किया गया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से सहयोग की अपील की है।

## रविंद्रा डोगरा के सिर सजा नगर पंचायत अध्यक्ष का ताज, सीपीएस सुंदर ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

नगर पंचायत भुंतर के अध्यक्ष का चुनाव सोमवार को एसडीएम कुल्लू की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें एक ही नॉमिनेशन फाइल रविंद्र डोगरा का हुआ।

रविंद्रा डोगरा को तीन पार्षद, अजय किशोर, दिनेश शर्मा, पवन कुमार का भरपूर समर्थन मिला। रविंद्रा के टक्कर में निर्धारित समय पर कोई नहीं आया। उसके बाद पूर्व अध्यक्ष मीना ठाकुर, पार्षद कर्ण सिंह व उर्मिला भी पहुंचे, तब चुनाव की सभी प्रक्रिया समय के अनुसार पुरी हो चुकी थी। उपरोक्त तीन पार्षदों की एकजुटता व सहयोग से रविंद्रा डोगरा प्रबल दावेदार के रूप में उभर कर सामने आई और अध्यक्ष पद झटक लिया। इस मौके पर सीपीएस सुंदर ठाकुर भी मौजूद रहे और उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष रविंद्रा डोगरा को बधाई दी। सुंदर ने कहा कि भुंतर शहर के विकास को लेकर सरकार की ओर से कोई कमी नहीं रहेगी। वहीं, रविंद्रा डोगरा के अध्यक्ष बनने के बाद बधाई देने वालों का तांता लग गया और भुंतर बाजार में खुशी की लहर दौड़ गई। रविंद्रा डोगरा ने सीपीएस सुंदर ठाकुर सहित अपने तीनों सहयोगी पार्षदों के साथ भुंतर की जनता का सहयोग के लिया आभार व्यक्त किया व खुली जीप में बैठ कर भुंतर शहर, शमशी व पारला की जनता धन्यवाद किया।



नगर पंचायत की अध्यक्ष बनी रविंद्रा डोगरा अपने समर्थकों के साथ।

## आनी के पेट्रोल पंप पर तेंदुआ सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद



**आनी।** बंजार के निगान स्थित पेट्रोल पंप पर रविवार को देर रात एक तेंदुआ देखा गया। हांलाकि इसकी जानकारी पेट्रोल पंप के कर्मचारियों को अगले दिन सीसीटीवी की फुटेज खंगालने पर मिली। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों के मुताबिक यह तेंदुआ रात के समय में काफी देर तक पेट्रोल पंप के आसपास खाने की तलाश में घूमता रहा। गनीमत ये रही कि जिस समय तेंदुआ पेट्रोल पंप में घूम रहा था, उस समय पेट्रोल पंप का कोई भी कर्मचारी बाहर नहीं था। पेट्रोल पंप में तेंदुए के आने से जहां आसपास के क्षेत्रों बाड़ी, नेवी, दामण, शलोठा और दोघरी में रहने वाले स्थानीय लोगों में तेंदुए का डर सताने लगा है वहीं, स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से तेंदुए को पकड़ने का इंतजाम करने की अपील की है, ताकि स्थानीय लोगों को तेंदुए के डर से निजात मिल सके।

## नकुल होंगे कार्यक्रम में मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



कुल्लू जिले में स्थित केवीएस स्कूल कुल्लू में आयोजित होने जा रहे एनुअल सीनियर कंसर्ट जॉयफुल जैम्म 24 में उत्कृष्टता पुरस्कार के विजेता नकुल खुल्लर बतौर कार्यक्रम के मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

केवीएस स्कूल के प्रिंसिपल संजीव भारद्वाज ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नकुल खुल्लर को उनकी उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया है और अब वे केवीएस स्कूल में आयोजित होने जा रहे एनुअल सीनियर कंसर्ट जॉयफुल जैम्म 24 में कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में अपनी उपस्थित दर्ज करेंगे। नकुल खुल्लर ताज बारागढ़ रिसॉर्ट एंड स्पा के निदेशक और आईएचसीएल सेलेक्शंस के सदस्य भी हैं।

## क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक स्थगित

**कुल्लू।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश भंडारी बताया कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, कुल्लू की बैठक जो कि 20 सितंबर को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय कुल्लू में होना निश्चित की गई थी, वह प्रशासनिक कारणों से फिलहाल स्थगित की गई है। यह बैठक अब आगामी 15 अक्तूबर को होगी।

## पर्यटक गाइड से उद्यमी बनने के गुर सिखाए जाएंगे

**अनंत ज्ञान, बंजार**



बंजार की तीर्थन घाटी गुशैनी में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान कुल्लू के सौजन्य से 10 दिवसीय ट्रैवल एंड टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आगाज हुआ।

पीएनबी की ओर से आयोजित निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में घाटी के करीब 35 युवक-युवतियां भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पीएनबी आरसेटी कुल्लू के कार्यक्रम समन्वयक सौरभ उपाध्याय और पंचायत पेखड़ी के उपप्रधान वीरेंद्र भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम समन्वयक सौरभ उपाध्याय ने बताया कि यहां के स्थानीय लोगों को जिनकी भी उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच हैं, उन्हें आरसेटी द्वारा 10 दिनों का ट्रैवल एंड टूरिस्ट गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। 10 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को यात्रा और पर्यटक गाइड के माध्यम से एक सफल उद्यमी बनने के गुर सिखाए जाएंगे।

**परेशानी** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की दीवार के साथ लगते फुटपाथ पर लोगों ने बना दी पार्किंग

# फुटपाथ पर वाहन पार्क कर रहे लोग

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल के साथ लगते पैदल फुटपाथ को अस्पताल आने वाले लोगों ने पार्किंग बना कर रख दिया है। सोमवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के बाउंड्री वॉल के साथ लगते पैदल फुटपाथ पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आने वाले लोगों ने पैदल रास्ते को ही पार्किंग समझ कर अपने दोपहिया वाहन को पार्क करना शुरू कर दिया है।

क्षेत्रीय अस्पताल परिसर के समीप सड़क पर रोजाना दर्जनों गाड़ियां पार्क की जाती हैं। पुलिस विभाग के द्वारा भी समय-समय पर सड़कों में पार्क किए वाहनों का चालान किया जाता है, मगर लोग अस्पताल के आसपास ही अपनी गाड़ियों को पार्क कर देते हैं। क्षेत्रीय अस्पताल से कुल्लू कॉलेज के समीप पार्किंग स्थल की दूरी बस 1-2 मिनट की है, मगर लोग पार्किंग स्थल होने के बावजूद भी क्षेत्रिय अस्पताल के आसपास गाड़ियों को पार्क कर चले जाते हैं। इसके साथ ही दोपहिया वाहन चालक जो अस्पताल में इलाज के लिए या मरीजों की तीमारदारी के लिए आते हैं, वे अस्पताल के साथ लगते पैदल रास्ते पर ही अपने बाइक या स्कूटी को पार्क कर रास्ते को अवरुद्ध कर चले जाते हैं, जिस कारण पैदल आने-जाने वाले लोगों को खासी परेशानी पेश आती है।

इसी रास्ते से जा रहे जय भारद्वाज, सलिल, मनोरमा देवी, ललिता ठाकुर और शांता देवी ने बताया कि फुटपाथ पर गाड़ियों के होने से पैदल चलने वालों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, सभी ने पुलिस से इन लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई करने की अपील की है।



क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के साथ लगते फुटपाथ पर पार्क किए गए दोपहिया वाहन।

## खनेरी अस्पताल में अमयंड हर्निया का हुआ पहला सफल ऑपरेशन

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कहते हैं डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं और ऐसा डॉक्टरों ने एक बार नहीं, बल्कि अनगिनत बार साबित करके भी दिखाया है। ऐसा ही एक मामला रामपुर के खनेरी स्थित एमजीएमएससी हॉस्पिटल खनेरी में भी देखने को मिला है, जहां बतौर जनरल सर्जन सेवारत आनी के निथर निवासी डॉक्टर सुनीत कटोच ने दुर्लभ बीमारी अमयंड हर्निया का सफल ऑपरेशन किया है।



यह ऑपरेशन 52 वर्षीय व्यक्ति का किया गया है, जो पेट के निचले दाहिने हिस्से में दर्द और अंडाशय में सूजन की समस्या को लेकर अस्पताल में दाखिल हुआ था। ऑपरेशन के बाद अब मरीज स्वस्थ है। जानकारी के अनुसार खनेरी ( रामपुर) में इस तरह का यह पहला ऑपरेशन हुआ है। इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाले डॉक्टर सुनीत कटोच ने बताया कि अमयंड हर्निया जैसी दुर्लभ बीमारी एक प्रतिशत लोगों में ही पाई जाती है। यह एक प्रकार का असामान्य हर्निया होता है और इसमें अपेंडिक्स, हर्नियल सैक में होता है और यह और भी दुर्लभ हो जाता है यदि सूजन वाला अपेंडिक्स हर्नियल सैक में हो। डॉक्टर ने बताया कि यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है पर बच्चों में इसके होने की संभावना ज्यादा होती है।

# इलेक्ट्रो डांस पार्टी के साथ पैरालंपिक खेलों का समापन

## भारत 29 पदकों के साथ तालिका में 18वें स्थान पर रहा



एजेंसी, पेरिस

खूबसूरत लाइट शो और फ्रांस के इलेक्ट्रॉनिक संगीत के साथ रविवार को यहां पेरिस पैरालंपिक खेलों का समापन हो गया। जीन-मिशेल जर्रे ने स्टेड डी फ्रांस में पार्टी की शुरुआत की। उन्होंने अपने संगीत से खिलाड़ियों, स्वयंसेवकों और दर्शकों को थिरकने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आखिर में लाइट शो का आयोजन किया गया जिसे देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। खेलों के आखिरी दिन दो विश्व रिकॉर्ड बने। मोरक्को की फातिमा एज्जाहरा एल इदरीसी ने दृष्टिबाधित धावकों के लिए महिला मैराथन में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जबकि नाइजीरिया की फोलाशेड ओलुवाफेमियायो ने महिला पैरा पॉवरलिफ्टिंग में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

इन खेलों में चीन का दबदबा रहा जबकि भारत ने भी रिकॉर्ड 29 पदक जीते। भारत ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदकों के रिकॉर्ड के साथ पेरिस पैरालंपिक खेलों का समापन किया और पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहा। भारत टोक्यो में पिछले पैरालंपिक खेलों में पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदकों के साथ 24वें स्थान पर था। पेरिस पैरालंपिक खेलों में चीन ने लगभग हर खेल में अपनी छाप छोड़ी। उसने 94 स्वर्ण पदक जीते जबकि दूसरे नंबर पर रहे ब्रिटेन ने 49 स्वर्ण पदक हासिल किए। चीन ने कुल मिलाकर 220 पदक (94 स्वर्ण, 76 रजत, 50 कांस्य) के साथ अपने अभियान का समापन किया। ब्रिटेन 124 पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहा जबकि अमेरिका ने 105 पदक हासिल किए और वह तीसरे स्थान पर रहा।

ब्रिटेन ने 49 स्वर्ण पदक के अलावा 44 रजत और 31 कांस्य पदक जीते। अमेरिका ने 36 स्वर्ण, 42 रजत और 27 कांस्य पदक जीते। ब्राजील ने 89 पदक जीते, लेकिन नीदरलैंड ने उसके 25 स्वर्ण पदक की तुलना में 27 स्वर्ण पदक जीते जिससे वह चौथे स्थान पर रहा। मेजबान फ्रांस ने 75 पदक जीते और वह पदक तालिका में आठवें स्थान पर रहा। अगले पैरालंपिक खेल 2028 में लॉस एंजल्स में आयोजित किए जाएंगे।

### भारत के प्रदर्शन में बहुत ज्यादा सुधार

भारत ने पैरालंपिक के पिछले दो संस्करण में कुल 48 मेडल जीते, वहीं इससे पहले 11 संस्करण में भारत की झोली में सिर्फ 12 मेडल आए थे। साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पिछले दो एडीशन से बहुत ही ज्यादा सुधार और बदलाव देखने को मिला है। पेरिस से पहले टोक्यो पैरालंपिक में 54 भारतीय एथलीट्स ने हिस्सा लिया था, जो उस वक्त का सबसे बड़ा दल था। फिर पेरिस पैरालंपिक में भारत का यह दल और बड़ा हुआ। पेरिस में कुल 84 पैरा भारतीय एथलीट्स ने हिस्सा लिया और इतिहास रचते हुए एक एडीशन में सबसे ज्यादा मेडल जीतने का रिकॉर्ड बनाया।

बता दें कि टोक्यो पैरालंपिक से पहले भारत ने सिर्फ 4 गोल्ड मेडल जीते थे. अब सिर्फ पैरिस पैरालंपिक में भारत ने 7 गोल्ड जीत लिए और इससे पहले टोक्यो में भारत के खाते में 5 गोल्ड आए थे।

# अंडर-19 खंड स्तरीय वॉलीबाल में बंगाणा स्कूल बना चैंपियन



विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत करते स्कूल अध्यापक।

राजेश ठाकुर, बंगाणा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा की वॉलीबाल टीम खंड स्तरीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगता में चैंपियन बनी। स्कूल पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का फूल-मालाओं एवं बैंड-बाजों से भव्य स्वागत किया।

स्कूल के डीपी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि कैप्टन आयुष राणा के नेतृत्व में बंगाणा स्कूल ने वॉलीबाल में अरलू स्कूल को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। कई अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी स्कूल ने कांस्य पदक जीते।

इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल भूपेंद्र सिंह, वाइस प्रिंसिपल जितेंद्र सिंह, प्रवक्ता नरेंद्र धीमान, राममूर्ति शर्मा, सुनील रंजीत, शर्मा, विवेक शर्मा, विनोद कुमार, सलोचना देवी, डिंपल कुमारी, सुरेश, रेवती रमण, पीटीआई राज कुमार के अलावा स्कूल सदस्य एवं गणमान्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### वंश राणा के दम पर बैडमिंटन में रनरअप



बैडमिंटन में बंगाणा स्कूल के खिलाड़ी रनरअप रहे। सेमीफाइनल मुकाबले में 9वीं कक्षा के वंश राणा ने टीम को फाइनल में पहुंचाया लेकिन टीम को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। आपको बता दें कि सेमीफाइनल मुकाबले में टीम हारने के कगार पर थी, परंतु डीपी भूपेंद्र ने 14 वर्षीय वंश राणा पर भरोसा करके अंडर-19 सेमीफाइनल में उतरा। वंश राणा ने शानदार खेल दिखाते हुए टीम को खिताबी मुकाबले में पहुंचाया, लेकिन टीम फाइनल में हार गई।

### रोनाल्डो का रिकॉर्ड 132वां गोल

**लंदन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था, जो विश्व रिकॉर्ड है।



# सिनर बने अमेरिकी ओपन चैंपियन

एजेंसी, न्यूयॉर्क

पिछले दिनों डोपिंग मामले में दोष मुक्त होने वाले दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। सिनर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज के खिलाफ अपने बेसलाइन के खेल का शानदार नमूना पेश किया और 6-3, 6-4, 7-5 से जीत दर्ज करके अमेरिका का वर्ष के इस अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीतने का पिछले 21 वर्षों से चला आ रहा इंतजार बढ़ा दिया।

सिनर के करियर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी पुरुष एकल की ट्रॉफी जीती थी। दुनिया को 20 अगस्त को पता चला कि सिनर को इस साल मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए आठ दिनों के अंतराल में दो बार पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन वह यह साबित करने में सफल रहे कि उन्होंने अनजाने में इसका उपयोग किया था, जिसके कारण उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई थी।




### प्वाइंट कार्ड

| यानिक सिनर | | टेलर फ्रिट्ज |
|---|---|---|
| 06 | एस | 10 |
| 05 | डब्ल फॉल्ट | 04 |
| 51% | पहली सर्व | 59% |
| 77% | पहली सर्व जीती | 67% |
| 88% | दूसरी सर्व जीती | 68% |
| 6/12 | ब्रेक प्वाइंट | 2/7 |
| 01 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 96 | प्वाइंट जीते | 79 |

### फ्रिट्ज की एक न चली



एंडी रोडिक अमेरिका के आखिरी खिलाड़ी थे, जिन्होंने अमेरिकी ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था। उन्होंने 2003 में यहां ट्रॉफी जीती थी। टेलर फ्रिट्ज पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रहे थे। फ्रिट्ज के पास अमेरिका का इंतजार खत्म करने का मौका था,लेकिन फाइनल में उनकी सिनर के सामने एक नहीं चली।

# भारत की मुक्केबाज दीपाली थापा पहली 'एशियाई स्कूली चैंपियन' छात्रा बनीं

एजेंसी, नई दिल्ली

युवा मुक्केबाज दीपाली थापा पहली स्कूली चैंपियन छात्रा बनीं जिससे भारत ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन में चल रही एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब जीते। दीपाली ने 33 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एनेलीया ऑर्डाबेक को हराया और फाइनल में यूक्रेन की लियुडमिला वासिलचेंको पर हावी होकर खिताब जीतने के लिए बेहतर तकनीक और नियंत्रण का प्रदर्शन किया।

# ईस्ट दिल्ली बना डीपीएल का चैंपियन

**नई दिल्ली।** ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने खेले गए फाइनल में साउथ दिल्ली सुपरस्टार पर तीन रन की रोमांचक जीत से दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता।



ईस्ट दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक रावत की 39 गेंद पर नाबाद 78 रन की पारी की मदद से पांच विकेट पर 183 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। साउथ दिल्ली की टीम उसके जवाब में 9 विकेट पर 180 रन ही बना पाई। मयंक रावत ने अपनी पारी में सात चौके और छह छक्के लगाए। उनके अलावा हिम्मत सिंह ने 20 और हार्दिक शर्मा ने 21 रन का योगदान दिया।

# दिल्ली में पटाखों के उत्पादन, बिक्री पर रोक



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वायु प्रदूषण बढ़ने की आशंका के मद्देनजर सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश सोमवार को दिल्ली सरकार ने जारी किया। पिछले साल भी सर्दियों में वायु प्रदूषण को कण्ट्रोल करने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया था। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हम दिल्लीवासियों से यही कहना चाहते हैं कि दीये जलाकर और मिठाई बांटकर त्योहार मनाएं।

# अभिनेता दर्शन की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक अदालत ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा के साथ उनकी महिला मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत की अवधि 12 सितंबर तक बढ़ा दी है। दर्शन और पवित्रा समेत सभी 17 आरोपियों को सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर राज्य की विभिन्न जेलों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया।

# राजस्थान में स्कूल बस पलटी, 2 बच्चों की मौत, 9 जख्मी

**राजस्थान।** राजस्थान के फलोदी में सोमवार को बच्चों से भरी स्कूल बस पलट गई है, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई है और 9 बच्चे घायल हुए हैं। यह हादसा फलोदी जिले के रणीसर गांव में मोरिया पड़ियाल मार्ग पर हुआ है। घायल बच्चों को जिला अस्पताल फलोदी में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि सुबह साढ़े 7 बजे फलौदी में स्कूली बस बच्चों को लेकर जा रही थी। इस दौरान रणीसर गांव के पास अचानक बस के सामने कुत्ता आ गया। जिसे देखकर बस के ड्राइवर ने बस को घुमाने की कोशिश की और वह पलट गई।

# बॉर्डर पर झड़प में तालिबान के आठ जवान मारे गए

**इस्लामाबाद।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पास सीमावर्ती क्षेत्र में पाकिस्तान के सुरक्षाबलों के साथ भीषण झड़प में अफगान तालिबान के कम से कम आठ कर्मी मारे गए हैं, जिनमें दो प्रमुख कमांडर शामिल हैं। प्रांत के खुर्रम सीमावर्ती जिले में सप्ताहांत में सामने आई इस घटना में अफगान तालिबान के 16 जवान घायल हो गए। अफगान पक्ष ने पाक-अफगान सीमा पर पलोसिन इलाके में भारी हथियारों से एक पाकिस्तानी चौकी पर हमला किया था। वहीं, पाकिस्तानी बलों की जवाबी गोलीबारी में अब तक अफगान तालिबान के आठ लोग मारे गए हैं और 16 अन्य घायल हो गए हैं।

# श्रीनगर में आग लगने से तीन मकान जले

**श्रीनगर।** श्रीनगर में आग लगने से तीन मकान जलकर राख हो गए, जिससे संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है। अग्निशमन एवं आपातकाल सेवा के अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह गट्ट कॉलोनी नूरबाग में एक मकान में आग लग गई, जिसने पास के दो अन्य घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से एक घर की पहली और दूसरी मंजिल और दो घरों के एक हिस्से को भारी नुकसान हुआ। आग की बढ़ती लपटों को बुझाने के लिए शहर के अग्निशमन केंद्रों से कई दमकल गाड़ियों को भेजा गया। उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है।

# टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में स्कूल भर्ती में कथित घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दौरान उसके समन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी एवं उनकी पत्नी रुजिरा बनर्जी की एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की एक पीठ ने सोमवार को फैसला सुनाया। पीठ ने 13 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा था।

# सूरत में गणेश पंडाल पर पथराव, 33 गिरफ्तार

**सूरत।** गुजरात में सूरत के सैयदपुरा मोहल्ले में रविवार रात को गणेश पंडाल पर पथराव करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार दोपहर इलाके में कई आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलवा दिया गया। रविवार देर रात 6 युवकों ने पंडाल पर पथराव किया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद आरोपियों के घरवाले सैकड़ों लोगों के साथ प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। इस मामले में 33 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## देश-विदेश

# सब कुछ मेड इन चाइना, इसलिए भारत में रोजगार की दिक्कत : राहुल

एजेंसी, वाशिंगटन



**राहुल** गांधी पहली बार विदेश दौरे पर हैं। अमेरिका के टेक्सास राज्य में 2 कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पहले उन्होंने डलास में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। वहीं, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के छात्रों से भारतीय राजनीति, इकोनॉमी और भारत जोड़ो यात्रा समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। राहुल ने कहा कि भारत में सब मेड इन चाइना है। चीन ने प्रोडक्शन पर ध्यान दिया है इसलिए चीन में रोजगार की दिक्कतें नहीं हैं।

राहुल ने कहा कि विपक्ष जनता की आवाज होता है। उन्होंने रेखांकित किया कि विपक्ष का ध्यान विशेष रूप से लोगों के दृष्टिकोण को सावधानीपूर्वक और संवेदनशील तरीके से समझने के बाद उनसे जुड़े मुद्दों को उठाने पर होता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी अमेरिका की चार दिवसीय अनौपचारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। भारत में कौशल की कोई कमी नहीं है बल्कि वहां कौशल रखने वाले लोगों के लिए सम्मान नहीं है। आप व्यक्तिगत दृष्टिकोण से सोचते हैं, आप समूह के दृष्टिकोण से, उद्योग, किसानों के नजरिए से सोचते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि आप लोगों की बातों को सावधानी से सुनकर एवं समझकर इसे संवेदनशील तरीके से करते हैं।

### लखनऊ में नाबालिग के साथ गैंगरेप

**लखनऊ।** लखनऊ में नाबालिग के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने बख्शी का तालाब थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस जगह-जगह छापामारी की जा रही है। पुलिस एक युवक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बालिका का बयान भी दर्ज कराया है। परिजनों ने रेप में तीन लोगों के शामिल होने की आशंका जताई है। पीड़िता की मां बीकेटी थाना क्षेत्र में रहकर निजी कार्यालय में काम करती है। अन्य बेटियां अपने पिता के साथ रहती हैं। सभी बेटियां नाबालिग हैं। महिला के साथ रहने वाली बड़ी बेटी के साथ क्षेत्र के ही युवकों ने निजी अस्पताल के पीछे खाली पड़े मकान में शनिवार की रात पहले मारपीट किया, फिर सामूहिक दुष्कर्म किया।

# सुखोई-30एमकेआई विमान इंजन खरीद के लिए 26,000 करोड़ का एमओयू

एजेंसी, नई दिल्ली



**रक्षा** मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस कंपनी 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) के साथ सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एयरो-इंजन की खरीद के वास्ते 26,000 करोड़ रुपए का समझौता सोमवार को किया।

एयरो-इंजन का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन की ओर से किया जाएगा। उम्मीद है कि यह सुखोई-30 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए भारतीय वायुसेना की जरूरत को पूरा करेगा। आत्मनिर्भर भारत पहल को बढ़ावा देते हुए, रक्षा मंत्रालय ने सुखोई-30 एमकेआई विमान के लिए 240 एल-31एफपी एयरो इंजन के वास्ते एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। उसमें कहा है कि यह अनुबंध 26 हजार करोड़ रुपए का है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी की उपस्थिति में मंत्रालय और एचएएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट, 48 लोगों की मौत

एजेंसी, अबुजा



**नाइजीरिया** के नाइजर में हाईवे पर पेट्रोल से भरे एक टैंकर में विस्फोट हो गया। विस्फोट में 48 लोगों की मौत हो गई।

राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख अब्दुल्ला बाबा-आराह ने बताया कि पेट्रोल से भरे टैंकर की बीदा-अगाई-लापई राजमार्ग पर मवेशियों से लदे एक ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसके कारण गैसोलीन टैंकर में विस्फोट हो गया। बाबा-आराह ने बताया कि आग की चपेट में दो अन्य वाहन भी आ गए। जिससे 48 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में करीब 50 मवेशी भी मारे गए।

# पीएम मोदी और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस में द्विपक्षीय चर्चा



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में अबू-धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के क्राउन प्रिंस का स्वागत किया और दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से हाथ मिलाकर और गले मिलकर अभिवादन किया। वहीं, क्राउन प्रिंस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की।

### अब्देलमदजीद तेब्बौने फिर अल्जीरिया के राष्ट्रपति बने



**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने अल्जीरिया के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी घोषित हुए हैं। कम मतदान और चुनाव में अनियमितताओं के दावों के बीच उन्होंने भारी बहुमत से जीत दर्ज की है। अल्जीरिया में हुए चुनाव में बेहद कम मतदान हुआ था और चुनाव के नतीजों को लेकर खबरों में विसंगतियां थीं। देश के स्वतंत्र चुनाव प्राधिकरण ने रविवार को घोषणा की कि तेब्बौने ने शनिवार के मतदान में 94.7 प्रतिशत मतों से जीत दर्ज की जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी इस्लामिस्ट अब्देलाली हसानी शेरिफ को सिर्फ 3.2 प्रतिशत मत और समाजवादी यूसुफ औचिचे को महज 2.2 प्रतिशत वोट मिले।

**रिपोर्ट** 'मेक इन इंडिया' पहल के सकारात्मक प्रभाव, 2030 तक 14 फीसदी की वार्षिक वृद्धि की संभावना

# 'मेक इन इंडिया' से डिफेंस सेक्टर में तेजी

एजेंसी, नई दिल्ली




भारत के डिफेंस सेक्टर को 'मेक इन इंडिया' पहल के सकारात्मक प्रभाव का लाभ मिल रहा है, और वित्त वर्ष 2024 से 2030 तक इस क्षेत्र की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 14 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। इन्वेस्टमेंट फर्म जेफरीज की हालिया रिपोर्ट में इस आशा का इज़हार किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक तनावों और सरकार के स्थानीयकरण प्रयासों के चलते भारतीय डिफेंस कंपनियों के लिए नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। भारत सरकार ने डिफेंस सेक्टर के स्थानीयकरण पर जोर देते हुए घरेलू निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न नीतिगत कदम उठाए हैं।

इसके साथ ही सरकार ने डिफेंस उपकरणों के निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। इन कदमों के चलते भारतीय डिफेंस कंपनियों को नए ऑर्डर मिल सकते हैं, जिससे उनके शेयरों में भी तेजी देखने को मिल सकती है। फाइनेंशियल ईयर 2024 से 2030 के बीच भारत का डिफेंस बजट दोगुना किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इससे देश की डिफेंस कंपनियों को अगले 5 से 6 वर्षों में 90 से 100 अरब डॉलर के अवसर मिल सकते हैं।

वर्तमान में, भारत डिफेंस पर अमेरिका के खर्च का 10 प्रतिशत और चीन के खर्च का 27 प्रतिशत खर्च करता है। भारत डिफें स उपकरणों का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक देश है और कुल वैश्विक हथियार आयात का 9 प्रतिशत भारत के हिस्से में आता है।

### सेंसेक्स 376 अंक चढ़ा निफ्टी 24,900 पार

मुंबई। शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स निचले स्तर से उबरते हुए 375 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। मुख्य रूप से आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और यह 375.61 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,559.54 अंक पर बंद हुआ। मानक सूचकांक गिरावट के साथ खुला और 80,895.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया। बाद में इसमें तेजी आई और यह 469.43 अंक उछल गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी में तीन दिन से जारी गिरावट थम गई और यह 84.25 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,936.40 अंक पर बंद हुआ।